**श्री बालकृष्ण खांडेराव शुक्ला :** सर, मुझे आपका संरक्षण चाहिए। यह विषय मुझे रखना पड़ेगा। भारत का एक अति संवेदनशील राज्य सिक्कम है जो तीन देशों की सरहद से जुड़ा हुआ है - नेपाल, चीन और भूटान। हालत यह है कि, जैसे आज सुबह महामहिम राष्ट्रपति जी के साथ जो फोटो सेशन हुआ, उसका भी कोई चित्र वहां दिखाई देने वाला नहीं है क्योंकि वहां कोई दूरदर्शन केंद्र नहीं है। आठ-दस सालों से वहां दूरदर्शन केंद्र तैयार है। आज तक उनकी भाषा में दूरदर्शन केंद्र शुरू नहीं है। कल की तारीख में जब मैंने माननीय मंत्री जी से इसी संदर्भ में प्रश्न पूछा था तो उन्होंने प्रसार भारती का हवाला देते हुए यह कहा कि प्रसार भारती ने सूचित किया है कि गैंगटोक का दूरदर्शन केंद्र शुरू है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि वर्ष 2003-04 से यह केंद्र बना पड़ा है। वहां 36 का टैक्निकल स्टॉफ है, वहां हर चीज तैयार है, फिर भी वहां जो टीवी चलता है, सप्ताह में एक बार असम से, नॉर्थ-ईस्ट चैनल से उसी के लिए 10-15 मिनट का कार्यक्रम आता है। सिक्किम की जनता अपनी भाषा में दूरदर्शन देखना चाहती है। वह चाहती है कि भुजिया, लेपचा, नेपाली और लिम्बू में दूरदर्शन के कार्यक्रम दिये जायें। मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं कि जल्द से जल्द वह दूरदर्शन केंद्र शुरू किया जाये। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं।

SHRI R. DHRUVANARAYANA (CHAMRAJANAGAR): Thank you, Mr. Chairman. I would like to bring your kind attention with regard to the Mysore Airport.

The Mysore Airport was developed under MoU between Airports Authority of India and Government of Karnataka and it was inaugurated for commercial operations on 1st October, 2011. At present, the airport is capable of handling ATR-72 type of aircrafts with three parking bays including all the navigation facilities.

Since, 10th November, 2011, Kingfisher Airlines has withdrawn operations from Mysore Airport, which resulted in no commercial operations till today.

Mysore is a hub for tourism, national and international conferences, Government offices as well as there are companies like Infosys, TVS, Wipro, Jubilant, L & T, United Breweries, ITC, BEML, CFTRI, DFRL and RBI. The survey also says that there is a huge potential of approximately 250 - 300 passengers per day.

Incidentally, Mysore holds Dussehra celebrations, ISRO conferences and other workshops at international levels. There is a dire need to decongest the Bangalore Airport, by diverting the traffic to Mysore Airport in future.

The House may be aware that due to the recent Kingfisher Airline's crisis, the private airlines are not keen to commence operations soon from Mysore Airport.

Hence, I would like to request the hon. Minister for Civil Aviation – through the Chair – to operate flights by Air India from Mysore to various destinations to unleash the potential of Mysore Airport immediately.

MR. CHAIRMAN : Shri P.L. Punia may be allowed to associate himself with the matter raised by Shri R. Dhruvanarayana

**श्री मधुसूदन यादव (राजनंदगाँव):** महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं कि पिछले 20 वर्ष से अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के तकनीकी शिक्षा अध्ययनरत छात्रों की छात्रवृत्ति का पुनर्निर्धारण नहीं हुआ है। तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों में इन 15-20 वर्षों में शुल्क बढ़कर तीन गुणा हो गया है, लेकिन छात्रवृत्ति नहीं बढ़ी है। इस वर्ग के लोगों के लिए इतनी राशि एफोर्ड कर पाना संभव नहीं होता है और बहुत से छात्र कर्ज लेकर शिक्षा पूरी करते हैं या फिर बीच में ही वे अपनी शिक्षा छोड़ देते हैं। इस कारण से वे अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि जिस अवधारणा के साथ छात्रवृत्ति दी गयी थी, उस अवधारणा को पूरा करने के लिए सरकार आज के शुल्क के अनुरूप अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करे। सरकार छात्रवृत्ति का पुनर्निर्धारण करे और आज के अनुसार छात्रवृत्ति दे ताकि वे बच्चे अपनी शिक्षा पूरी कर सकें।

**श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर):** महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। गत् कई दिनों से चर्चा में एक विषय आ रहा है, एक्शन उस पर शुरू हो गया है, यह भी जानकारी मिली, लेकिन उसको लेकर मेरे मन में कुछ प्रश्न आए हैं, वे मैं आपके सामने रखना चाहूंगी।

कई दिनों से म्यांमार से करीब पच्चीस सौ से भी ज्यादा, ढ़ाई-तीन हजार लोग दिल्ली में आकर बस गए हैं। दिल्ली में बसने के बाद वहां से वसंत विहार से उनको वसंत कुंज में शिफ्ट किया गया, वहां एक ऐसा ही प्रोटैक्टेड मॉन्यूमैन्ट है, वहां पर वे बस गए। फिर दो तीन दिन बाद उनको वहाँ से भी निकालने की कार्रवाई शुरू हो गई। यह सब जो प्रक्रिया हो गई, उसमें करीब ढाई-तीन हज़ार किलोमीटर दूर से एक काफ़िला चलता है, हिन्दुस्तान में आता है और किसी को कुछ नहीं मालूम कि ये लोग कहाँ से आ रहे हैं, कहाँ जा रहे हैं, कहाँ बसेंगे - बेरोक-टोक वहाँ से ढाई-तीन हज़ार लोग निकल पड़ते हैं और दिल्ली तक आ जाते हैं। दिल्ली देश की राजधानी है और राजधानी में आकर यहाँ के प्रोटैक्टेड मॉन्यूमैन्ट में बस जाते हैं।

इसमें यह सवाल उठता है कि एक तो इतने लोग यहाँ पर आकर रहेंगे, न उनके खाने-पीने का इंतज़ाम, न सैनिटेशन की कोई व्यवस्था और ढाई-तीन हज़ार लोगों के कारण आस-पास के लोगों की सुरक्षा और दिल्ली की सुरक्षा का भी प्रश्न खड़ा होता है। आज हमारी स्थिति यह है कि हम अपने हिन्दुस्तान के लोगों को ही कहीं न कहीं रोटी, कपड़ा और मकान देने की स्थिति में नहीं हैं, भुखमरी के कारण आत्महत्याएँ हो रही हैं, हम पीने का शुद्ध पानी लोगों को नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में इतने लोग एक तो यहाँ आकर बस गए, उसके बाद जो बात होती है, वह और थोड़ी चिन्ता करने वाली बात है कि हम पहले ही कई सारे घुसपैठियों से परेशान हैं, वह एक अलग मुद्दा बनता है, मगर यहाँ आने के बाद दिल्ली की मुख्य मंत्री ने अगर सही में कहा है तो वह भी एक चिन्ता का विषय बनता है। उन्होंने यह कहा कि हमें लगा था कि जिस ज़मीन पर वे बसे हैं, वह वक्फ़ बोर्ड की ज़मीन है, हमने ध्यान नहीं दिया। अब मालूम हुआ कि वह डीडीए की ज़मीन है तो हम ध्यान देंगे। तो क्या हिन्दुस्तान में वक्फ़ बोर्ड की ज़मीन पर कोई भी बाहर से आकर बस सकता है और उस पर कोई ध्यान नहीं देगा? यह किस प्रकार की शासन व्यवस्था है?

एक और बात जो मन में आती है कि अलग-अलग प्रकार से इस पर बातचीत हो रही है। एक और बात यह हो रही है कि वे कह रहे हैं कि हमें रिफ्यूजी कार्ड लेने के लिए यूनाइटेड नेशन्स हाई कमीशन फॉर रिफ्यूजी से मदद मिलेगी। वहाँ के एक अधिकारी का स्टेटमैंट इस प्रकार का आता है। पहले तो वे कह रहे हैं, उनको जाने के लिए कहा इंडिया में, जहाँ जहाँ उनके नगर हैं, घर हैं, वहाँ वे जाएँ। वे जम्मू के हैं या सहारनपुर के हैं, वे कहाँ के हैं, यह किसी को मालूम नहीं। यह कहा जाता है कि वे म्याँमार

से आए हैं। फिर इस प्रकार की बात कही जाती है। फिर हाई कमीशन वाले यह भी कहते हैं कि इनको हम रिफ्यूजी कार्ड देंगे, लेकिन इनको लाँग टर्म वीज़ा इंडिया गवर्नमैंट ने देना है, इंडिया गवर्नमैंट देगी। इतना ही नहीं, वे कहते हैं कि इंडिया में किसी प्रकार का कानून नहीं है। यह किस प्रकार की स्थिति है और इन प्रश्नों के जवाब कौन देगा? क्या हिन्दुस्तान में कहीं से भी लोग आएँगे, यहाँ पर रहेंगे, हमारे पास कोई कानून नहीं, हम कुछ नहीं देखेंगे, और फिर इन् प्रश्नों के उत्तर कौन देगा? न हमारी सरकार इस बारे में कुछ बोल रही है। पहले ही मिज़ोरम और दूसरे प्रदेशों में लोग आकर हज़ारों की संख्या में बसते हैं जो चिन्ता का विषय है। अब दिल्ली तक वे आ गए हैं, हमारी नाक के नीचे आ गए हैं। मैं चाहूँगी कि सरकार गंभीरता से इन बातों पर देखे और सरकार की तरफ से कोई न कोई स्टेटमैंट इस पर आना चाहिए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : The following hon. Members are allowed to associate themselves with the matter raised by Shrimati Sumitra Mahajan:

1. Shri Ramen Deka
2. Shri Kabindra Purkayastha
3. Yogi Aditya Nath
4. Shri Syed Shahnawaz Hussain
5. Shrimati Rama Devi
6. Shri Haribhao Jawale
7. Shri Hansraj G. Ahir
8. Shri Rajendra Agarwal
9. Shri Vinrendra Kumar
10. Shrimati Jayshreeben Patel
11. Shri Poonam Veljibhai Jat
12. Shri P.L. Punia

**चौधरी लाल सिंह (उधमपुर):** चेयरमैन साहब, मैं आपकी परमीशन से एक महत्वपूर्ण मुद्दे की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। जम्मू कश्मीर की रावी रिवर की एक ट्रिब्यूटरी है जो इंडस वॉटर ट्रीटी में फॉल नहीं करती है। उसका जो पानी है, वह हमेशा फिज़ूल में नीचे बहता है, उसका कोई इस्तेमाल नहीं होता। हमने गवर्नमैंट ऑफ इंडिया से रिक्वैस्ट की है क्योंकि वह जम्मू कश्मीर का पहला प्रोजैक्ट होगा जिसे मल्टी परपज़ प्रोजैक्ट कहा जा सकता है। हमने रिक्वैस्ट करके यहाँ से एक डीपीआर बनाने के लिए कहा

और डीपीआर के लिए 17 करोड़ रुपये सीडब्लूसी को दिया गया। सीडब्लूसी के जो डायरैक्टर वहाँ बैठे हैं, उन्होंने डेढ़ साल का समय दिया था, वह टाइम बाउंड था। डेढ़ साल की बजाय आज चार साल हो गए हैं। This is very unfortunate कि अभी तक उसकी डीपीआर नहीं बन पायी है। इस प्रोजैक्ट से दो सौ मेगावाट बिजली तैयार होनी है। इससे 80 हजार एकड़ जमीन को पानी मिलना है। इससे पीने के पानी की जो कमी है, वह पूरी होनी है और हजारों बेरोज़गार लोगों को काम मिलना है। मेरा निवेदन है कि सरकार ने जो टाइम तय किया है डीपीआर बनाने के लिए, वह डीपीआर बनाएं। एक अकेला आदमी, डायरैक्टर सीडब्ल्यूसी और कुछ लोग उस पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि उसको कौन चैक करेगा? मंत्री साहब यहां बैठे हैं, वे कृपा करें, क्योंकि डेढ़ साल का जो समय दिया गया था, वह खत्म हो गया है और चार साल हो गए हैं। वह कब तक बन जाएगा और कब तक जम्मू-कश्मीर के लोगों को इसका फायदा मिलेगा?

**श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी):** मैं अपने आपको माननीय श्री चौधरी लाल सिंह के द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्री जगदीश सिंह राणा (सहारनपुर):** सभापति महोदय, मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सहारनपुर उत्तर प्रदेश में अधिकांश सड़कों की दशा बहुत खराब है। जिसमें प्रमुख मार्ग दिल्ली-यमुनोत्री मार्ग पर सहारनपुर जनपद बार्डर से बेहट, विकास नगर, उत्तराखण्ड बार्डर पर सहारनपुर के आगे मुजफ्फरनगर मार्ग पर, सहारनपुर-देहरादून मार्ग पर, सहारनपुर-जबरेहड़ा मार्ग, उत्तराखण्ड बॉर्डर, फतेहपुर-कल्सिया-ननौता-देवन मार्ग आदि जनपद के दर्जनों ऐसे प्रमुख मार्ग हैं जिनकी स्थिति बहुत ही खराब है। जनपद के अंदर सड़कों की अत्यन्त खराब दशा होने के कारण सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है, पता नहीं चल पा रहा है। इसके कारण प्रमुख मार्गों का यातायात के अधिक आगमान चलते प्रतिदिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है। अतः मैं आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि जनपद सहारनपुर के केन्द्रीय मार्ग निधि, सीआरएफ की योजना के अंतर्गत सहारनपुर-बडगांव रोड़ व सहारनपुर-हथिनीकुण्ड बैराज रोड़ लगभग एक साल से निर्माणाधीन है। जिसमें देरी की जानकारी मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार को देना चाहूंगा और साथ ही साथ देरी के कारणों की जानकारी भी लेना चाहूंगा।

इसके अतिरिक्त मेरे संसदीय क्षेत्र के विधान सभा बेहट में पीने के पानी की अत्यन्त समस्या है। उक्त विधान सभा का अधिकांश हिस्सा पर्वतीय अक्षेप होने के कारण यहां इण्डिया मार्क-2 हेण्डपम्प लगभग तीन लाख रुपए से अधिक की लागत पर लगता है। घाढ़ में अत्यन्त गरीब जनजाति के लोग निवास करते हैं। विधान सभा बेहट में गर्मी के मौसम में पीने के पानी की बहुत अधिक समस्या का सामना करना

पड़ रहा है। अतः मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि उपरोक्त सड़क के निर्माण एवं मेरे संसदीय क्षेत्र बेहट विधान सभा में अविलम्ब तत्काल प्रभाव से आर्थिक सहयोग देकर प्राथमिकता के आधार पर जनहित में उपरोक्त कार्य कराएं।...(व्यवधान)

**श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही):** सभापति महोदय, गंगा एक्शन प्लान पर मैं आपके माध्यम से बंसल जी बैठे हैं, मैं आपके माध्यम से बंसल जी से मांग करता हूं...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...*[*]

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please take your seats. Nothing, except the speech of Shri Premdas Katharia, will go on record.

*(Interruptions) ...*[*]

**श्री प्रेमदास ( इटावा ):** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।...(व्यवधान) देश की आबादी बहुत बढ़ गई है। लोगों के पास समय का अभाव है।...(व्यवधान) आजादी को 64 वर्ष हो गए हैं फिर भी अभी तक लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। जब रेल का आविष्कार हुआ, तब देश की आबादी 25 करोड़ थी। आज देश की आबादी 120 करोड़ के आस-पास है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please take your seats.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, now `Zero Hour' is going on. I am going by the list. You can raise this after this. Moreover, today a discussion under Rule 193 on this issue is listed to be taken up. Let the `Zero Hour' be over. Let this list be over and after that you can raise it.

… (*Interruptions*)

**श्री प्रेमदास :** रेल लाइन शहर के किनारे से निकाली गयी थी, अब स्टेशनों के आस-पास बहुत आबादी हो गयी है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Only what Shri Premdas Katheria says will go on record.

… (*Interruptions*)

---

[*] Not recorded.

.

MR. CHAIRMAN: I have told you that I will allow you once the Zero Hour is over. I will allow you to raise this issue.

… (*Interruptions*)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर):** सभापति महोदय, माननीय सदस्य ने गंगा की बात उठायी थी। इस पर बार-बार चर्चा अधूरी रह जाती है। गंगा एक पवित्र नदी है। इससे नदी का अपमान हो रहा है। लोग वहां अनशन पर बैठे हैं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: I am on my legs. You are a senior Member. Please take your seat. Already Zero Hour is going on. When the Zero Hour is over, you may raise whatever issue you want to. They are here.

… (*Interruptions*)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** महोदय, गंगा नदी का मुद्दा किसी से भी कम नहीं है। ...(व्यवधान)

**श्री गोरखनाथ पाण्डेय :** महोदय, गंगा नदी के बारे में चर्चा तो पूरी होनी चाहिए। ...(व्यवधान)

**श्री प्रेमदास :** रेल लाइन को पार करने में रेल एक्ट का उल्लंघन होता है। हमारी लोक सभा क्षेत्र इटावा, उत्तर प्रदेश में इटावा स्टेशन पड़ता है। रेल लाइन को पार करने के लिए ओवरब्रिज बनाने की अति आवश्यकता है जबकि मैंने कई बार इस मुद्दे को लोक सभा में उठाया है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) …*[*]

**श्री प्रेमदास :** विभाग से लिखकर आता है कि पर्याप्त जगह नहीं है।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि सैयद बाबा के स्थान से पचावली चौराहे तक पर्याप्त जगह है। इसको बनाना जनहित में अति आवश्यक है। ...(व्यवधान)

मेरी मांग है कि रेल विभाग के अधिकारी इस मामले को मौके पर जाकर देखें। कानपुर और टूण्डला के बीच में इटावा स्टेशन पड़ता है। ...(व्यवधान)

यहां से रेल विभाग को सबसे ज्यादा आमदनी है। फिर भी जनता को उचित सुविधाएं क्यों नहीं मिल रही हैं?

मैं सरकार से कहूंगा कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर जनहित में ओवरब्रिज बनाने की कार्रवाई की जाए।

---

[*] Not recorded.

MR. CHAIRMAN: Shri P. L. Punia, and Shri Kamal Kishor 'Commando' are allowed to associate with the matter raised by Shri Premdas.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I will call the names of every Member. There is a list of Members with me. When already balloted Members are waiting for their chance, how can I call you immediately to speak? I will call him at the end. I have said, "I will call him".

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: What can I do? There is a list of priority with me. I have told 'no' to him. I will call him. Till then, let him wait. I will call him at the end.

*SHRI P. KUMAR (TIRUCHIRAPALLI): Tiruchirapalli the fourth biggest city in Tamil Nadu with a population of 10,27,000 people comes under my Lok Sabha constituency. Thanjavur, Pudukkottai, Karur, Perambalur, Ariyalur, Nagapattinam, Thiruvarur are the districts surrounding Tiruchirapalli. All the people from these areas are depending on Tiruchirapalli Airport to go to other states and other countries.

Tiruchirapalli Airport is one of the oldest Customs Airports from 1936. This Airport was offered flight service to Singapore, Gulf countries, Malaysia and Sri Lanka. In 2011 alone 11 lakhs of people made use of this International Airport. Tiruchirapalli Airport ranks first among the customs airports in India.

From September, 2011 Container Cargo export-import operations have commenced in this Airport. Citing shortage of flights and personnel in 2008, Chennai-Tiruchirapalli-Calicut-Quattar flight service was cancelled. In 2009, Chennai- Tiruchirapalli-Thiruvananthapuram-Sharjah flight service was cancelled. In 2012 Tiruchirapalli-Dubai, Chennai-Tiruchirapalli-Abu Dhabi flight service and Tiruchirapalli-Singapore, Chennai- Tiruchirapalli- Kuala Lumpur and Tiruchirapalli-Singapore and Tiruchirapalli-Mumbai services were cancelled.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil

Except Chennai no other Airport in Tamil Nadu is having international airport. Tiruchirapalli is situated in central Tamil Nadu. Tiruchirapalli Airport needs to be upgraded as an International Civil Airport and Union Government must come forward to augment the flight services. Tiruchirapalli-Chennai direct flight service may commence from Tiruchirapalli Airport by Air India now. Civil sector flight operations from Tiruchirapalli are not handled by Air India. I urge upon the Civil Aviation Ministry not to neglect Tiruchirapalli Airport. As this Airport is situated in the central Tamil Nadu, the already cancelled flight operations must be resumed. I demand the Centre to take necessary action immediately.

MR. CHAIRMAN: Shri Abdul Rahman, Shri K. Sugumar, Shri S. S. Ramasubbu, and Shri O.S. Manian are allowed to associate with the matter raised by Shri P. Kumar.

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी):** महोदय, मैं भारत सरकार का ध्यान और इस देश के लोगों का ध्यान भी इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूं कि मिथिलांचल का नाम सीता और राम के साथ जुड़ा हुआ है और रामायण काल से बहुत ही प्राचीन स्थल वहां हैं। रामायण काल से जुड़े हुए महर्षि गौतम ऋषि का आश्रम है, माता अहिल्या का आश्रम है, जहां राम-सीता का मिलन हुआ था, वह फुलहर स्थान है, विश्वामित्र राम-लखन के साथ जहां रुके थे, वह विश्वामित्र आश्रम है और राजा जनक के इष्टदेव कलानेश्वर महादेव का मंदिर भी वहां एक साथ जुड़े हुए हैं। जनकपुर की 20 कोस की परिक्रमा 15 दिन तक चलती है, जो हिन्दुस्तान और नेपाल में चारों तरफ घूमती है।

मैं भारत सरकार से मांग करना चाहता हूं कि संस्कृति मंत्रालय और सरकार के द्वारा एक विशेष रूप से सर्वेक्षण टीम वहां भेजी जाये, जो पूरे रामायण काल से जुड़े हुए उन सभी स्थलों की कड़ी बनाये और परिक्रमा के जो स्थल हैं, वहां परिक्रमा के लिए सड़क बनावें, पीने के पानी का इन्तजाम हो, शौचालय का इन्तजाम हो और उस इलाके में मिथिलांचल में उसके साथ-साथ राजा जनक के नवरत्न महर्षि याज्ञवल्कय का आश्रम है, जहां मैत्रियी और गार्गी के साथ वे शास्त्रार्थ करते थे और अध्यात्म चिन्तन करते थे, वह बरदायिनी आश्रम भी है। विद्यापति का भी आश्रम है और विद्यापति के यहां नौकरी करने वाले उगना महादेव का स्थान है, ऐसे जुड़े हुए कई स्थान वहां हैं। वहां एकादश रुद्र का स्थान है, जो कहीं नहीं मिलेगा। मधुबनी में चारों तरफ मिथिलांचल के ये जुड़े हुए स्थल हैं। उच्चैठ और डोकहर स्थान भी है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि रामायण काल से लेकर और अभी तक जिसको सीता-राम सर्किट कहा जाता है, रामायण के उन स्थलों के परिक्रमा चक्र का निर्माण होना चाहिए और उस पर विशेष तौर से संस्कृति मंत्रालय के द्वारा और भारत सरकार के द्वारा विशेष पैकेज का इन्तजाम हो। वहां कुछ पैसे दिये गये हैं और कुछ-कुछ खर्च हुए हैं, लेकिन उतने से काम नहीं चलेगा, पूरा काम होगा, तब सीता-राम और रामायण काल से जुड़े स्थलों के साथ उसका पूरा विकास होगा।

MR. CHAIRMAN : Yogi Adityanath, Shri Syed Shahnawaz Hussain, Shri Radha Mohan Singh, and Shri P.L. Punia are allowed to associate with the matter raised by Shri Hukmadeo Narayan Yadav.

**श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट):** माननीय सभापति जी, मध्य प्रदेश में मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नक्सलाइट प्रभावित क्षेत्र है, जो दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अन्तर्गत आता है। 2012-13 के रेलवे बजट में लामता-परसवाड़ा-बैहर-मलाजखण्ड, सिवनी-बरघाट-कटंगी तथा सिवनी-छपारा-लखनादौन नई रेलवे लाइन के सर्वेक्षण का कार्य स्वीकृत किया गया है, परन्तु सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ नहीं होने से जनता में तीव्र आक्रोश उत्पन्न हो गया है। इसी प्रकार 2011-12 के सर्वेक्षण बजट में आमगांव-लांजी-किरनापुर नई रेलवे लाइन का सर्वेक्षण कार्य शामिल किया गया है, परन्तु अभी तक इस नई रेलवे लाइन का सर्वेक्षण का कार्य नहीं किया गया है। इस लाइन के सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ नहीं होने के कारण जनता में तीव्र आक्रोश है। इसी प्रकार कटंगी-तिरोड़ी नई ब्रॉडगेज लाइन का निर्माण कार्य वर्ष 2010-11 के रेल बजट में शामिल किया गया है, परन्तु अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किए जाने से जनता में रोष उत्पन्न हो गया है। गोंदिया से जबलपुर ब्रॉडगेज परिवर्तन का कार्य रेल बजट में वर्ष 1997 में स्वीकृत किया गया है। गोंदिया से बालाघाट तक ब्रॉडगेज लाइन प्रारम्भ हो चुकी है। बालाघाट से जबलपुर के बीच पादरीगंज नैनपुर के बीच वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा निर्माण पर आपत्ति के कारण कार्य रुका पड़ा है, जिससे बालाघाट जिले के लोगों का ब्रॉडगेज का सपना अधूरा ही रह गया है।

कृपया बालाघाट से जबलपुर तक ब्रॉडगेज निर्माण कार्य में आई बाधा को दूर किया जाये। इसी प्रकार छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर-मंडलाफोर नैरोगेज से ब्रॉडगेज का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। इस लाइन के निर्माण कार्य को गति प्रदान की जाये। अतएव आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी मांग करता हूं कि सर्वेक्षण तथा गेज परिवर्तन के कार्य को तीव्र गति प्रदान की जाये।

**डॉ. भोला सिंह (नवादा):** सभापति जी, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

यह अजीब संयोग है कि श्रीमान् कपिल सिब्बल जी, जो भारत के मानव संसाधन विकास मंत्री हैं, यहां उपस्थित हैं। कपिल सिब्बल साहब से मैं आग्रह करना चाहता हूं, यह अजीब संयोग है कि आप उस आसन पर हैं, इस देश के गतिशील इमेजिनेटिव शिक्षा मंत्री यहां उपस्थित हैं।

**13.00 hrs.**

इस देश के गतिशील, इमेजिनेटिव शिक्षा मंत्री यहां उपस्थित हैं। मेरी आपसे यही इल्तजा है कि बिहार के नवादा जिले में 2003 ईसवी में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हुई, उस समय भारत सरकार के शिक्षा राज्य मंत्री पासवान जी थे। वहां विद्यालय चले, लेकिन उनके मंत्री नहीं रहने के बाद विद्यालय भी मर गया। क्या मंत्री नहीं रहेगा तो विद्यालय मर जायेगा, विद्यालय नहीं रहेगा? कपिल सिब्बल साहब, वहां के लोगों ने 8 एकड़ जमीन केन्द्रीय विद्यालय के नाम से लिखी और तमाम तरह की प्रक्रियाएं पूरी हुईं। हमारा यह कहना है कि नये विद्यालय की स्थापना की बात नहीं है, जो पुराना विद्यालय चल रहा था और मंत्री के नहीं रहने के कारण जो स्थगित हो गया, समाप्त हो गया, मर गया। मेरा आपसे आग्रह है कि आपमें जीवंतता है, आप उसे पुनर्जीवित कर दीजिये। यह मेरा आपके माध्यम से आग्रह है और यही मैं आज इसके माध्यम से आपकी निद्रा को तोड़ना चाहता हूं। मैं समझता हूं कि आप इस दिशा में निश्चित रूप से हमारी पीड़ा को संवेदना देंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपके माध्यम से माननीय कपिल सिब्बल साहब का ध्यान आकृष्ट करता हूं।

MR. CHAIRMAN : Shri Bishnu Pada Ray, You can raise only one matter and not two matters, whichever you want to raise.

… (*Interruptions*)

SHRI BISHNU PADA RAY (ANDAMAN & NICOBAR ISLANDS): Sir, my matter is very, very serious. … (*Interruptions*) The entire Government of India is harassing me. … (*Interruptions*) The entire staff of the Ministry is harassing me. … (*Interruptions*) So, please give me two minutes. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please do not get agitated. You say whatever you want to say.

… (*Interruptions*)

**श्री विष्णु पद राय :** सभापति महोदय, 9 तारीख को हमारे साथ में ज्वाइंट सेक्रेटरी होम ने बद्तमीजी की, धक्का मारा। उसके पश्चात् 10 तारीख को मुझे बोलने का मौका दिया गया। स्पीकर मैडम ने आदेश दिया

कि कार्रवाई करेंगे। हमारे कांग्रेस के मित्र कमांडो साहब बैठे हैं, उनसे सेम ज्वाइंट सेक्रेटरी होम ने बद्तमीजी की। हम दोनों, कमांडो साहब और मैं दोनों पवन बंसल जी के रूम में, उनकी पार्टी के सदस्य कमांडो साहब ने खुद कहा कि ज्वाइंट सेक्रेटरी होम ने उनसे बद्तमीजी की। उसके पश्चात वह हमारे पास अंडमान में गए और बोलते हैं कि माफ कर दो। हम बोले कि यह अधिकार मुझे नहीं है, हमारी पार्टी की नेत्री सुषमा जी के पास यह अधिकार है, भारत की सरकार और पार्लियामेंट की स्पीकर को यह अधिकार है। हमने कहा कि हमारे पास फुस-फुस करने मत आओ। हम यह जानना चाहते हैं कि हमारे मामले का क्या हुआ, हमारा अपमान क्यों करेंगे, सरकार इस पर चुप क्यों रहेगी? ...(व्यवधान) हमारे मन में डाउट है, हमें संदेह है, पवन बंसल जी, गृह मंत्री जी इस पर ध्यान दें। हमें अधिकार क्या मिलेगा? मुझे अपमान का बदला क्या मिलेगा? ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You have already raised this matter. The hon. Speaker has already called for the facts to consider the matter. It is a privilege matter. It will be considered by the hon. Speaker.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

**13.03 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.*

---

**<u>14.03 hrs</u>**

*The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Three Minutes past Fourteen of the Clock.*

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

**<u>14.03 ½ hrs.</u>**

## MATTERS UNDER RULE 377 *

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, the Matters under Rule 377 will be laid on the Table of the House. Members who have been permitted to raise matters under Rule 377 today may lay them personally and send slips to the Table of the House within 20 minutes. Only those matters will be treated as laid for which slips have been received at the Table within the stipulated time, rest will be treated as lapsed.

### (i)Need to facilitate easy registration of Non-Resident Indians as voters and also to set up polling stations in Indian missions abroad

SHRI ANTO ANTONY (PATHANAMATHITTA): I invite the kind attention of the Government to the practical problems faced by the Non-Resident Indians (NRIs) with regard to their voting rights. According to the present rules of verification for getting enrolled in to the voters' list, an overseas elector or NRI should produce original passport before the Electoral Registration Officer (ERO) of the concerned area. Since the passports are withheld by the employers under job contract, NRIs cannot produce it for verification. Therefore, I request the Government to allow NRIs to register on the electoral roll by producing other valid documents they have and through our missions abroad. As per the rule, overseas elector or NRI has to be physically present in the polling station during the time of voting. Since most of the NRIs are subsistence wage earners, they

* Treated as laid on the Table.

cannot visit India for exercising votes. Therefore, I also request the Government to set up polling stations in our missions abroad and allow NRIs to cast their votes through them.

## (ii) Need to set up a Central Sericulture Research and Training Institute in Hoshiarpur district, Punjab

**श्रीमती संतोष चौधरी (होशियारपुर):** मेरा निर्वाचन क्षेत्र होशियारपुर पंजाब का एक पिछड़ा क्षेत्र है जिस का अधिकतर क्षेत्र कंडी क्षेत्र कहलाता है जहां न तो कोई कारखाने हैं, न व्यवसाय है यदि है तो जंगल ही जंगल एवं जंगल में जंगली जानवर । जिस के कारण किसान फसल भी नहीं लगा पाता और परिणाम उनकी गरीबी तथा बेरोजगारी है । यदि इस क्षेत्र में भारत सरकार अनुसंधान प्रसार केंद्र (रेशम बोर्ड का) खोल दिया जाए तो छोट-छोटे किसान रेशन कीट पालन कार्य अपना कर, अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं, बेरोजगार बच्चों को व्यवसाय मिल सकता है । इस अनुसंधान केंद्र के खुलने से किसानों को नवीनतम तकनीकी विधियों की जानकारी प्राप्त हो सकती है । इस केंद्र के खुलने से शहतूत का अधिक उत्पादन तथ नवीनतम प्रजातियों को उपलब्ध करवाया जा सकता है । यहां की जमीन शहतूत वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त है ।

अतः मैं संबंधित मंत्री जी को अनुरोध करना चाहती हूं कि जिला होशियारपुर के तलवाड़ा क्षेत्र में केंद्रीय अनुसंधान केंद्र खुलवाने की कृपा करें जिससे कंडी क्षेत्र के लोगों को लाभ मिले तथ उन का जीवन सफल हो सके । दसूहा तलवाड़ा, मुकेरिया की जलवायु रेशम का कीड़ा पालने के लिए अनुकूल है । मुझे आशा है कि आप शीघ्र से शीघ्र मेरी मांग मान कर अनुग्रहित करेंगे ।

## (iii) Need to ensure procurement of wheat from farmers at remunerative price in Faizabad and Barabanki districts of Uttar Pradesh

**डॉ. निर्मल खत्री (फ़ैज़ाबाद):** मैं भारत सरकार, राज्य सरकार व अन्य विभिन्न संबंधित एजेंसीयो का ध्यान किसानों की गेहूं की फसल की उचित ढंग से खरीद न हो पाने की तरफ आकृष्ट कराना चाहता हूं ।

गेहूं क्रय केन्द्रों पर मेरे लोक सभा क्षेत्र के जनपद फैजाबाद व बाराबंकी (उ.प्र.) में किसानों की उपज (गेहूं) की खरीद नहीं हो पा रही है जबकि बाजार में कम दाम पर वह अपनी उपज बेचने पर मजबूर हो रहा है । यदि किसी भी सामान जैसे बोरे आदि की कमी हो तो उसे तत्काल पूरा किया जाए । केन्द्र सरकार द्वारा किसानों का उनकी उपज का अच्छा समर्थन मूल्य घोषित किए जाने से ही आज उपज पैदावार काफी बढ़ी है । अब यह देखना भी सरकार की जिम्मेदारी होगी कि गरीब किसान को उसकी उपज की कीमत मिल सके ।

भविष्य के लिए अनाज भंडारण की भी समस्या को दूर करने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि अनाज खुले पर पड़ा रहकर बर्बाद न होने पाए ।

## (iv) Need to issue Visa for longer period to the Pakistani citizens visiting India for marriage ceremonies

**श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर):** भारत-पाक सीमा पर स्थित मेरे संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर-जैसलमेर जिलों के निवासियों के रिश्तेदार दोनों देशों के विभाजन के समय पाकिस्तान में चले गए थे । ये लोग भारत में अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए आते हैं । यहां वैवाहिक संबंध स्थापित करते हैं लेकिन इन कार्यों हेतु इन्हें भारत में रहने के प्रावधानों में सहूलियत नहीं है ।

भारत-पाक वीजा समझौता 1974 के प्रावधानों में समय-समय पर बदलाव किए गए हें । इसके तहत जून, 2009 में गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत भारत में पाकिस्तान के थार पारकर जिले (पाकिस्तान) से आने वाले सोढ़ा राजपूत जाति के पाक नागरिकों को बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर जिलों में शादी के प्रयोजनार्थ छः माह हेतु वीजा अवधि बढ़ाने का प्रावधान किया गया ।

मेरा अनुरोध है कि भारत-पाकिस्तान के नागरिकों में विवाह संबंध सभी जातियों में हो रहे है, ऐसे में सोढ़ा राजपूतों की भांति सभी जाति के नागरिकों के लिए विवाह प्रयोजन से वीजा अवधि बढ़ाने का प्रावधान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की जाए ।

## (v)Need to connect prominent places in West Bengal with Helicopter service

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Aviation sector has been witnessing phenomenal growth which is reflected on the economy of our country. However, non-metro areas are suffering from inadequate infrastructure which put a stumbling block in the growth of distant areas in so far as aviation is concerned. In this regard, I would propose heli-services in various parts of West Bengal given it's tourism potentialities. But till date no helicopter service has been developed in West Bengal.

Large parts of West Bengal is left unfamiliar to Civil Aviation sector. May I therefore, urge upon the Government to connect the prominent places in West Bengal with aviation sector especially by helicopter services.

## (vi)Need to prevent land erosion caused by river Saryu in Bansgaon Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

**श्री कमलेश पासवान (बांसगांव):** हमारे संसदीय क्षेत्र बांसगांव में जनपद देवरिया के बरहज विधान सभा क्षेत्र में सरयू नदी के कटान से कुर्रहपरसिया, गौरा जयनगर, रामपुर कोटवा का विन्दवलिया टोला सहित दर्जनों गांव का अस्तित्व खतरे में बना हुआ है । पूर्व में सरयू नदी के कटान से कई गांवों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है । बरसात के समय नदी द्वारा कटाव की वजह से उक्त गांवों के लोग भयभीत रहते हैं । पूर्व में कटाव को रोकने हेतु केन्द्र व राज्य सरकारें कई प्रयास कर चुके हैं, जो असफल रहा है ।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि उक्त गांवों को बचाने हेतु अविलम्ब आर्थिक सहयोग देकर ठोकरों तथा बन्धों का निर्माण करायें जिससे जनहित में उक्त गांवों के अस्तित्व को बचाया जा सके ।

## (vii)Need to construct N.H. No. 228 from Sabarmati Ashram (Ahmedabad) to Dandi which has been declared as a Heritage Route

**डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** महात्मा गांधी जी ने भारत की आजादी की प्रतिज्ञा लेकर साबरमती आश्रम (अहमदाबाद) से दांडी की यात्रा की थी, उस रूट को केन्द्र सरकार ने 'हेरिटेज रूट' घोषित किया था और रू. 2013 करोड़ उसके लिए आवंटित किया था । इसके बाद राज्य सरकार और मुख्यमंत्री श्री व केन्द्र सरकार से उसे पूर्ण करने की मांग की है । राज्य सरकार की बार-बार मांग होते हुए भी ये अभी तक संपन्न नहीं हुआ है ।

मेरी सरकार से मांग है कि अहमदाबाद-दांडी मार्ग (एन.एच.-228) को 'हेरिटेज रूट' बनाकर जल्द-से-जल्द उसका निर्माण करना चाहिए ।

## (viii)Need to extend the last date fixed to deposit passport by Haj pilgrims

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** हाल ही में हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा हज यात्रियों को 25 अप्रैल, 2012 तक अपने पासपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए गए हैं एवं 25 अप्रैल के बाद पासपोर्ट जमा करने वाले हज यात्रियों को हज यात्रा पर नहीं जाने देने का प्रावधान बनाया है, जबकि वीजा प्राप्त करने के लिए जुलाई में आवश्यकता है । इस कारण से लगभग झारखण्ड एवं अन्य राज्यों के केवल 55 प्रतिशत हज यात्री ही यात्रा कर सकेंगे और 45 प्रतिशत हज यात्री इससे वंचित हो जाएंगे । इस कारण से केवल झारखण्ड प्रदेश से लगभग 13500 हज यात्री हज यात्रा से वंचित हो रहे हैं । इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि संपूर्ण भारतवर्ष में कितने हज यात्री वंचित होंगे ।

इस संदर्भ में मेरी भारत सरकार से मांग है कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित तिथि 25.04.12 को बढ़ाकर 20.05.2012 तक किया जाए जिससे अधिक-से-अधिक हज यात्री हज यात्रा में भाग ले सकें ।

## (ix)Need to expedite approval for the establishment of a Cardiology specialised Hospital in Naroda in Ahmedabad, Gujarat

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा):** गुजरात राज्य में आरोग्य सेवाओं की गुणवत्ता, प्रतिव्यक्ति आरोग्य खर्च, मानव विकास सूचक अंक में वृद्धि, बाल मृत्युदर के नियंत्रण लक्षांक की पूर्ति हेतु उचित मात्रा में जरूरी निष्णांत चिकित्सकों, सुपर स्पेश्यालिस्टों की मांग को पूरी करने एवं मेडिकल कॉलेज की स्थापना का गुजरात एक आदर्श केस है । गुजरात सरकार ने छाती के रोगों की नई हॉस्पीटल, नरोडा (अहमदाबाद) में के.आर.वी.वाई. हास्पिटल स्थापना हेतु निवेदन किया है । जरूरी दस्तावेज/प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किए हैं।

मैं सरकार से अनुरोध करती हूँ कि उपरोक्त मामलों के मद्देनजर रखकर ढाई वर्ष से लंबित पड़ी इस योजना के अनुमोदन एवं क्रियान्वयन हेतु युद्ध स्तर पर कार्यवाही की जाए ।

## (x)Need to undertake desiltation work of river Bakulahi causing damage to crops and water logging in the Kaushambi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ में बकुलाही नदी के व्यापक विकराल बहार से कृषकों की खेती योग्य जमीन जलमग्न हो जाती है जिससे खेती चौपट हो रही है। हमेशा पानी रहने से आने जाने की दिककतें हैं । कई गांव पुरवे टापू जैसे हो जाते हैं । नदी के गहरी खुदाइ एवं सफाई होना अनिवार्य है । सैकड़ों गांव परवों के निकासी आवागमन हेतु पुल रास्तों के निर्माण की आवश्यकता है । केंद्रीय दल भेजकर सर्वे कराया जाए । सफाई एवं गहरी खुदाइ आवश्यक है ।

## (xi)Need to construct small dams to prevent flood caused by Ghaghra and Sharda rivers in Sitapur district, Uttar Pradesh

**श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख):** उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद लखीमपुर में बनबसा में बांध बना हुआ है। नेपाल से आने वाली विभिन्न नदियों का पानी बाढ़ से बचाव हेतु इस बांध में एकत्र किया जाता है । लेकिन जब यह बांध पूरी तरह से भर जाता है, तब इसके पानी को एक साथ छोड़ दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप सीतापुर जनपद में घाघरा नदी व शारदा केनाल पूरी तरह तबाही मचा देती है । जनपद सीतापुर के कृषकों की फसल बनबसा बांध से छोड़े गए पानी से पूरी तरह बेकार हो जाती है तथा घाघरा नदी व शारदा केनाल का पानी खेतों में भर जाता है और आसपास में पानी से सीपेज भी आ जाती है ।

जनपद सीतापुर के कृषक अत्यधिक निर्धन है और उनका जीवन-निर्वाह खेती पर ही निर्भर है । बाढ़ के दिनों में बनबसा बांध से एक साथ भारी मात्रा में पानी छोड़ने के कारण उनकी फसल डूब जाने से उनकी स्थिति अत्यधिक दयनीय हो जाती है और उनकी जीविका का एक मात्र सहारा समाप्त हो जाता है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह जनपद सीतापुर के कृषकों को बाढ़ से बचाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए आवश्यकतानुसार छोट-छोटे बांध के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें, जिससे किसानों को होने वाली क्षति को रोका जा सके ।

## (xii)Need to undertake repair and construction of the damaged approach road near Khagaria railway junction, Bihar under East Central Railway

**श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया):** बिहार राज्य अंतर्गत पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के सोनपुर डिवीजन में खगड़िया जेक्शन से सटे पश्चिम बखरी रेलवे ढाला का एप्रोच सड़क पूर्णरूपेण ध्वस्त हो गया है । यह खगड़िया रेलवे यार्ड में ही है । खगड़िया जंक्शन आने-जाने वाले रेल यात्री एवं खगड़िया माल गोदाम से सामान लेकर शहर में जाने वाले ट्रक/ट्रैक्टर भी इसी ढाला से गुजरते हैं । सड़क ध्वस्त रहने से यहाँ कई दुर्घटना भी हो गयी है । बरसात के दिनों में इस पथ पर आवागमन बंद होने से व्यापारियों एवं रेल यात्रियों को भारी परेशानी होती है ।

जिला पदाधिकारी, खगड़िया ने रेल प्रशासन को उक्त पथ की मरम्मत कराने का दर्जनों बार अनुरोध ही नहीं किया, बल्कि उन्होंने डी.आर.एम. सोनपुर को पत्र लिखकर आग्रह किया कि रेलवे के संसाधन से उक्त एप्रोच पथ की मरम्मत करायी जाय या जिला प्रशासन को उसकी मरम्मत कराने का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाय । लेकिन छः माह से डी.आर.एम. सोनपुर द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी हैं ।

अतः सरकार उक्त एप्रोच पथ की मरम्मत शीघ्र कराये या जिला प्रशासन खगड़िया को उसकी मरम्मत कराने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दे, जिससे ध्वस्त सड़क की मरम्मत हो सके ।

## (xiii) Need to set up a Central Educational Institute in Hooghly district, West Bengal

DR. RATNA DE (HOOGHLY): There is not a single Central Institution in Hooghly district of West Bengal till now. According to 2001 Census the total Population of the district is 50,80,976.

There are many Centre and State Government offices at Chinsurah in Hooghly district. There are also many tribal SC, OBC, areas and blocks.

I would request the Hon’ble Minister to take initiative so that we can have a Central Education Institution in our Hooghly district of West Bengal.

**(xiv)Need to stop extraction of sand in Palar River Basin in Tamil Nadu**

SHRI ABDUL RAHMAN (VELLORE): Palar River originates in Nandi Hills in Karnataka and flows through Andhra Pradesh before entering Tamil Nadu. In Tamil Nadu it runs across a distance of about 220 kms. The beneficiary districts are Vellore, Kancheepuram, Thiruvellur and Chennai. Environmentalists and other activists have been raising concerns repeatedly over the ecological impact of the over extraction of sand from Palar river basin, which threatens the very livelihoods of local population. There is exponential rise in demand for river sand due to large scale construction activities in and around Chennai.

Indiscriminate sand mining of Palar river-bed in my constituency Vellore has reached an alarming proportions and if uncontrolled can cause dangerous impact on the ecology and socio-economic life in these districts. Sand is vital for sustenance of rivers. Mining of sand in the river should be such that extraction does not exceed natural replenishment. After the ban on the use of excavators and transportation by lorries, the Public Works Department permits mining by manual methods and transportation by bullock carts only. Though there has been reduced intensity in quarrying, damage had already been done to the river system in many ways.

The river sand is a non-renewable natural resource. Since it is a scarce resource, there should be proper governance. All the existing laws, need to be reviewed and amended suitably. Government is required to formulate appropriate policy for extracting and distribution and should also initiate steps for research in finding a suitable alternative building material to substitute the river sand. Therefore, I urge upon the Government to intervene and stop this continuous extraction of sand in Palar River Basin.

## (xv)Need to set up an office of Employees Provident Fund Organisation in Palakkad, Kerala

SHRI M.B. RAJESH (PALAKKAD): Opening of a sub-regional office of EPF at Palakkad has been a long pending demand. Currently, provident fund and Pensions of thousands of employees have been managed by SRO Kozhikode which is about 180 km from Palakkad. To redress their grievances Pensioners and employees of Palakkad need to spend a whole day and incur huge expenses by travelling all the way to Kozhikode. Geographically Palakkad is the largest distrit in Kerala and also the second largest industrial area in the State. The undergoing expansion of defence PSU, BEML ad the proposed Coach factory will make Palakkad the most important industrial area in the State. In connection with the Rail Coach factory number of ancillary units comprising of thousands of employees will also come up in the near future. Thus, thousands of employees, pensioners and family pensioners will be benefitted by an office of EPFO at the industrial town of Palakkad. I urge upon the Government to take necessary steps to set up a sub regional office of EPFO at Palakkad.

**(xvi)Need to fix minimum Support Price for Tea and also to set up a Central Wage Board for Tea Plantation Industry**

SHRI MANOHAR TIRKEY (ALIPURDUAR): The Union Government is contemplating to declare Tea as National Drink of our Country. I congratulate the Government for this step but I want to bring to the notice of the Government the hardships being faced by the workers who are engaged in this Industry. More than half a century have passed since the formation of last Central Wage Board for Tea Plantation Industry and till date a lot of changes have taken place in Tea Plantation Industry. More than 1.2 million workmen are engaged in this very important growing sector of the economy. As you know that in the absence of any consistent, uniform and resolute approach and intervention on the part of Government, the structures as well as rates of wages of the workmen of this industry have failed to evolve to a fair standard in all counts keeping pace with the developing economy of the country. As a result presently the wages of the workmen are lowest in tea industry in comparison to any other organized sectors, that too varies to a great extent in regions and within region even. The stand & intentions on the part of employers could succeed to frustrate and negate the declared motto of the last Central wage Board from evolving a structure of fair wages. Having no proper & dynamic link with the rising consumer price index or no link at all, the real wages of the workmen of this industry have significantly been eroded over last 50 years leading towards growing distress, malnutrition, backwardness, migration and unrest. Besides there is no Minimum Support Price or Minimum Retail Price of Tea and the prices of Tea is always decided by auction and in the absence of any effective policy the Tea Garden Owners gave the excuse of huge loss in the name of auction and other unrelated things. Sir, through this August House, I would request the Hon'ble Minister to intervene in the matter as deemed appropriate and to fix MSP or Minimum Retail Price for Tea and also to form a Central Wage Board for Tea Plantation Industry at the earliest.

## (xvii)Need to make available all free-to-air channels of Doordarshan under the bouquet of DD Direct Plus in Kerala and Tamil Nadu

SHRI JOSE K. MANI (KOTTAYAM): The pioneering move of Doordarshan to mass entertainment electronic media easily accessible to the masses through its DD Direct Plus service was widely welcomed and acclaimed by all households. The DD Direct Plus had diversified channels like sports, entertainment, educational programmes, health, apart from 24-hour news channel in vernacular languages. Beyond the channels of Doordarshan, the DD Direct Plus ensured transmission of popular free to air channels. Together the DD Direct Plus direct to home (DTH) service commanded the largest viewership of audience covering almost every home owning a television. Doordarshan's success spawned business rivalry with cable TV operators. Private DTH operators offering free to air channels hitherto broadcast free by DD Direct Plus, clandestinely hiked the subscription rates. Presently the private DTH operators are reaping the harvest of mass electronic media revolution starving Doordarshan of its legitimate share being the pioneering mass channel venture.

This situation apart from denying free viewership to the masses has caused Doordarshan dearly in terms of advertising revenue, the backbone of sustenance in view of the diminishing audience. Kerala and Tamil Nadu have more DD Direct Plus DTH connections with a mass audience who stand deprived now of the free to air channel facility earlier enjoyed by them because of Doordarshan's changed policy in denying the free to air channel facility it had pioneered earlier.

I would, therefore, urge the Centre to restore the credibility of Doordarshan as the mass entertainment channel by making available again, all free to air channels under its bouquet of DD Direct Plus to subscribers in Kerala and Tamil Nadu.

**14.04 hrs.**

## CENTRAL EDUCATIONAL INSTITUTIONS (RESERVATION IN ADMISSION) AMENDMENT BILL, 2012

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT AND MINISTER OF COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI KAPIL SIBAL): Sir, with your permission, I beg to move:

> "That the Bill further to amend the Central Educational Institutions (Reservation in Admission) Act, 2006, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration. "

Sir, the Central Educational Institutions (Reservation in Admission) Act, 2006 was enacted by Parliament to provide reservation in admission of students belonging to the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and Other Backward Classes to certain Central educational institutions established maintained or aided by the Central Government.

Sir, you might remember that when the original Act was passed, under Section 6 of the said Act, the Central Educational Institutions were required to give effect to the provisions of that Act from the academic session 2007-08. But there were some proceedings in the Supreme Court of India where the Supreme Court stipulated that the implementation of the provisions of that Act for the purposes of reservation of OBCs and also expanding their capacity will start from the academic session 2008-09 and not from 2007-08. So, accordingly we need to amend the provisions of this Act so that the commencement, for the purposes of implementation, starts from the year 2008-09.

Sir, as you know, in any legislation, when it is enacted and implemented, certain problems arise in the course of implementation and these were brought to the notice of the Central Government. The reasons for this are historical because the distinguished hon. Members of this House know that in some parts in the North East, there are no Scheduled Castes, there are only Scheduled Tribes. In some States, the reservation is for the Scheduled Tribes historically and the States

have been following that policy over a period of several years. In some States, there are no Other Backward Classes. So, when we realised that in many States historically reservation has been implemented with respect to the population of that State, we felt that we need to protect that reservation. This is one of the difficulties that arose. In the Act, as you know, reservation for the Scheduled Castes is 15 per cent and for the Scheduled Tribes it is 7 ½ per cent. But in several of the States, the reservations are beyond that limit and those need to be protected.

Then, another major issue arose with respect to Section 4 of the said Act, because Section 4 stipulated that the tribal areas referred to in the Sixth Schedule of the Constitution was no longer to be governed by the reservation policy for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. This also created an anomaly because if they were no longer to be governed by this, then how would reservation be put in place and implemented? This, certainly, was not the intent of Parliament that the reservation already in place in those areas should be done away with because of Section 4. That was not the intent. So, this also had to be dealt with.

Sir, as you know, in the North East, we have NITs in almost all the States and there, there is the All India quota and the State seats. The All India quota is filled through a process of examination on the basis of All India merit, but the State seats are set aside for the State students. Many times, the reservation is beyond 50 per cent and there is no scope for OBCs. So, we wanted to make sure that that reservation is kept intact. That is another issue that came up.

Then, with reference to Dr. Baba Saheb Bhimrao Ambedkar University in Uttar Pradesh, it was established, as you know, much prior to the coming into force of this Act and there, the reservation for the Scheduled Castes and scheduled Tribes itself is 50 per cent. So, then it was not possible for us to give any reservation to the OBCs there. So, because of historical reasons, those anomalies had to be corrected. So, the essence of this amendment is to correct those anomalies to preserve the reservation in States where reservations have been given much beyond the stipulated percentage in terms of the Constitution; for

institutions that have been set up prior to the coming into force of this Act where reservations are granted to a particular category, that reservation must be preserved. This, of course, applies to very few institutions. In rest of the institutions all the policies required under the Act have been implemented.

The other issue that came up for consideration was the following: that in some institutions medical colleges had to be expanded; and because medical colleges had to be expanded that could not be done in the course of three years. You know, when you give admissions to students in medical colleges, you need hospital facility. So, in some of these Central universities where medical facilities had to be given and colleges had to be expanded and hospitals had to be provided for, obviously the three-year period was not enough.

In particular, as far as Delhi University is concerned, you have several regulatory authorities in Delhi University. You have the MCD, you have the DDA and you have other authorities and approvals had to be taken for these authorities not only for the purposes of expansion, but also for the purposes of building infrastructure. So, that also took a bit of time. So, the other amendment that was required to be done was to extend the implementation of this period, from the period of three years to six years.

So, these broadly are the amendments that we are seeking. The other House has cleared these amendments and the matter has come up before the distinguished Members of this House. I commend the provisions of this Bill to the Members of this House.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Motion moved:

> "That the Bill to amend the Central Educational Institutions (Reservation in Admission) Act, 2006, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

**श्री गणेश सिंह (सतना):** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने जो केन्द्रीय शिक्षा संस्था (प्रवेश में आरक्षण) संशोधन विधेयक, 2012 प्रस्तुत किया है, मैं उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। दरअसल केन्द्रीय शिक्षा संस्था (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2006 जो पारित किया गया था, उसे लागू करने में जो कठिनाइयां आ रही थीं। उनके संशोधन के संबंध में यह विधेयक प्रस्तुत किया गया है। राज्य सभा ने इस विधेयक को पारित किया है और आज लोक सभा में इस पर बहस शुरू हुई है। इसमें मुख्य रूप से दो प्रावधान है -- एक, छठी अनुसूची के तहत जनजातीय क्षेत्रों में अन्य पिछड़ा वर्ग, ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षण में संशोधन और दूसरा, अधिनियम के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए समय सीमा का विस्तार। विधेयक के प्रमुख रूप से जो उद्देश्य हैं -- केन्द्रीय शिक्षा संस्था (प्रवेश में आरक्षण) संशोधन विधेयक, 2012 का, केन्द्रीय शिक्षा संस्था (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2006, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ एससी, एसटी और ओबीसी के विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु क्रमशः 15 प्रतिशत, साढ़े 7 प्रतिशत और 27 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था की गयी है, इसी का यह संशोधन है। दरअसल छठी अनुसूची के तहत पूर्वोत्तर राज्यों, जैसे अरुणाचल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और असम के जनजातीय क्षेत्रों में स्थापित जो केन्द्रीय शिक्षण संस्थान हैं, उनमें एससी के लिए 15 प्रतिशत, एसटी के लिए साढ़े 7.5 प्रतिशत और ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए इसमें व्यवस्था की जा रही है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले से 50 प्रतिशत की सीमा जो निर्धारित की है और वहां 50 प्रतिशत आरक्षण पहले ही दिया गया है। फिर नए सिरे से ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने में मुझे लगता है कि बहुत सी व्यवाहारिक कठिनाइयां आएंगी। इसके लिए विधेयक में क्या प्रावधान है? सीटें बढ़ाएंगे या कुछ और करेंगे? कई राज्यों में जहां राज्य कोटे की बात आई है, उसमें भी स्थिति यह है कि राज्यों में आरक्षण अलग-अलग है, कहीं पर 15 प्रतिशत है, कहीं 14 प्रतिशत है, अभी दिल्ली सरकार ने 21 प्रतिशत किया था। इस तरह से कई राज्यों में अलग-अलग परसेंटेज है। मुझे लगता है कि प्रावधान में सुनिश्चित किया जाना आवश्यक होगा कि आखिरकार जब ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण हम सुनिश्चित कर रहे हैं, तो वहां पर उन संस्थाओं में पूरी तरह से लागू करने की व्यवस्था का उल्लेख करना जरूरी है। अभी अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ की बात हुई, सही बात है कि वहां पर पहले से 50 प्रतिशत आरक्षण है और वहां पर अब ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण करना है, तो जो सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है, उसके आधार पर फिर वही स्थिति खड़ी होगी। राज्य कोटे की स्थिति भी बहुत ठीक नहीं है। माननीय मंत्री जी अपने उत्तर में इस बात का पूरी तरह से खुलासा करें कि कैसे ओबीसी के विद्यार्थियों को उसमें प्रवेश दे पाएंगे। स्थायी समिति के सामने भी कुछ व्यावहारिक कठिनाइयां आई थीं और स्थायी समिति ने भी उस

पर चिंता प्रकट की है। समिति के समक्ष उच्चतर संस्थाओं के सचिव आए थे, उन्होंने वहां यही बात, जो आज मैं कह रहा हूं कही थीं। पूर्वोत्तर राज्यों के संबंध में, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के संदर्भ में भी और इसी तरह से अन्य जो अल्पसंख्यकों के लिए विश्वविद्यालय हैं, उनमें भी ऐसी कठिनाइयों का जिक्र किया है, लेकिन यह बात सही है कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए जो प्रयास इस विधेयक में किया गया है, उसका हम स्वागत करते हैं। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं हो सकता, उसके पहले ही तमिलनाडु सरकार ने 69 प्रतिशत आरक्षण शैक्षणिक संस्थाओं में प्रारंभ किया था, यह व्यवस्था वहां आज भी चल रही है। अगर एक राज्य में इस तरह की व्यवस्था है, तो बाकी राज्यों में ऐसा क्यों नहीं हो सकता है? यह विषय विचार करने योग्य है। राज्य कोटे की जो बात आई है, उसके बारे में कमेटी का एक सुझाव है कि छठी अनुसूची में निर्दिष्ट जनजातीय क्षेत्रों में स्थित किसी केंद्रीय शिक्षण संस्थान में राज्य द्वारा निर्धारित कोटे के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की जाए, लेकिन इसमें भी दिक्कतें आएंगी। मैं निवेदन करूंगा कि आज देश में निजी विश्वविद्यालयों की संख्या लगभग 111 है और निजी मानद् विश्वविद्यालयों की संख्या 90 है। इन विश्वविद्यालयों में अभी तक आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। देश में बहुत बड़ी संख्या में छात्र इन विश्वविद्यातयों में पढ़ते हैं। केन्द्र सरकार के नियंत्रण में जो विश्वविद्यालय हैं, उनकी संख्या लगभग 46 है। इससे बड़ी संख्या निजी विश्वविद्यालयों की है और उन विश्वविद्यालयों में वे ही छात्र पढ़ने जाते हैं, जिनका सरकारी कालेजों में एडमिशन नहीं हो पाता है, लेकिन वहां पर उनको बहुत बडी फीस की राशि चुकानी पड़ती है, लम्बी फीस देनी पड़ती है और यहां तक कि उनमें एडमिशन भी बड़ी मुश्किल से हो पाता है। ये विश्वविद्यालय भी भारत सरकार के नियंत्रण में हैं। उनमें क्या ऐसा प्रावधान नहीं किया जा सकता है? मैं मांग करना चाहता हूं कि उन विश्वविद्यालयों में भी आरक्षण की व्यवस्था की जाए। आज उन विश्वविद्यालयों की स्थिति यह है कि कई विश्वविद्यालयों में एडमिशन के लिए प्रधानमंत्री जी की सिफारिश की जरूरत होती है, मंत्री जी की सिफारिश की जरूरत होती है, मुख्यमंत्री की सिफारिश की जरूरत होती है, तब जाकर प्रवेश मिलता है। पहले हमारे देश में शिक्षा के कार्य को लोग धार्मिक मान्यता देते थे कि शिक्षा देना हमारे लिए एक धार्मिक कार्य है । लेकिन आज शिक्षा पूरी तरह से व्यापार में तब्दील हो गयी है। आज बैंक उनको फाइनेंस करने लगे हैं। पहले कभी भी बैंक शैक्षिक संस्थाओं को फाइनेंस नहीं करते थे। जिस तरह से बड़े-बड़े पूंजीपति लोग देश में नए-नए विश्वविद्यालय बना रहे हैं, जैसे कोई इंडस्ट्री लगा रहे हों, अब वे विश्वविद्यालय इंडस्ट्री की तरह हो गए हैं। जगह-जगह पर बड़े महाविद्यालय और विश्वविद्यालय खुल रहे हैं। उनकी जिस तरह से मनमानी चल रही है, लगता है कि उन पर किसी का नियंत्रण नहीं है। लगता नहीं कि कभी यूजीसी ने उनके बारे में अध्ययन किया होगा या निरीक्षण किया होगा। इसलिए कोई नियंत्रण नहीं

होने से उनकी अनियमितताओं पर रोक लगाना मुश्किल कार्य है। इस विधेयक में उन सभी विश्वविद्यालयों में आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जो संस्था इसका पालन नहीं करेगी, उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ऐसी व्यवस्थो होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने भी इस बात को कहा है। उसने एक टिप्पणी के चलते कहा था -

"कि केन्द्रीय शैक्षणिक संस्थान में ओबीसी कोटे की सीट्स से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रों की आरक्षित सीट्स सामान्य वर्ग के छात्रों को नहीं दी जा सकतीं।"

मंत्री जी ने भी अपने बयान में ऐसा ही कुछ कहा था, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि 2011 में दिल्ली विश्वविद्यालय में ओबीसी की 7059 सीट्स थीं, उनमें से मात्र 3158 सीट्स भरी गईं, शेष सीट्स खाली रहीं। इसी तरह से भगत सिंह कालेज में बी.कॉम ऑनर्स में ओबीसी की 59 जगह थीं, जिनमें से मात्र 14 ही भरी गईं। दौलत राम कालेज में 290 में से केवल 74 ही भरी गईं। आनंद कालेज में 160 में से कुल 42 भरी गईं। वेंकेटेश्वर कालेज में 269 में से 149 सीट्स ही भरी गईं। हिन्दू कालेज में 203 में से 170 ही भरी गईं। एआरएसडी कालेज में 300 में से सिर्फ 181 ही भरी गईं।

आईआईटी, जेईई का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, उसमें 2545 ओबीसी छात्र पास हुए। यह एक नई कठिनाई सामने आई है, जिस पर मैं मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। जो बच्चे जनरल केटेगरी को क्रास कर रहे हैं, जो उनके मार्क्स हैं, उसके बावजूद भी उन्हें अनारक्षित श्रेणी का अवसर नहीं मिल रहा है। मैं बताना चाहता हूं कि आईआईटी और जेईई 2545 ओबीसी के छात्र पास हुए। लेकिन उनमें से मात्र 1540 सामान्य मैरिट में हुए, बाकी 1450 ओबीसी छात्रों को प्रवेश में अनुमति नहीं मिली। यह कौन सा कानून है! जो जनरल केटेगरी है, वह सबके लिए है। जनरल केटेगरी के मार्क्स अगर कोई क्वालिफाई कर रहा है तो फिर उसे आरक्षित श्रेणी में रखने का क्या औचित्य है, यह 2011 में हुआ है।

'राष्ट्रीय सहारा' अखबार ने दिए गए अनुदान से सम्बन्धित एक बात लिखी थी। उसमें बताया गया था कि जिन विश्वविद्यालयों को भारत सरकार ने सीट्स बढ़ाने के लिए पैसा दिया था, समय सीमा के अंदर वे पैसा खर्च नहीं कर सके, क्या उनकी मानिटरिंग करने की कोई व्यवस्था की गई है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वे कब तक उसे पूरा करेंगे। मुझे लगता है कि जानबूझ कर उनके द्वारा डिले किया जा रहा है, ताकि नई आरक्षण नीति को उन्हें लागू न करना पड़े। इसे भी आप देखें। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति श्री आर.वी. रविन्द्र और ए.के. पटनायक की खंडपीठ ने एक निर्णय दिया था, जिसमें उन्होंने कट ऑफ मार्क्स के बारे में कहा था। जो कट ऑफ मार्क्स हैं, वे निश्चित तौर से कहीं न कहीं ओबीसी का कोटा है, मुझे लगता है कि उसका लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। पिछली बार कट ऑफ मार्क्स दस प्रतिशत

हुआ था, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद। लेकिन आपने भी वाकई इस बात को माना है और कहा है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के हक के लिए खुद केन्द्र सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी। दरअसल मौजूदा नियम के मुताबिक ओबीसी के छात्रों को केन्द्रीय शिक्षण संस्थानों में न्यूनतम कट ऑफ से दस फीसदी कम प्रवेश दिया जाता है, यह पर्याप्त नहीं है। मुझे लगता है कि कट ऑफ पाइंट तो वही होना चाहिए कि जहां 100 में से अगर 80 की मैरिट लिस्ट बनती है, तो 80 तक नम्बर प्राप्त करने वाले तो ठीक है ऊपर जाएंगे, लेकिन उसके बाद फिर ओबीसी की मैरिट सूची, उसके बाद से फिर शुरू होना चाहिए। और तब तक कटआफ नही होना चाहिए जब तक निर्धारित सीट न भर दी जाए । मैं समझता हूं कि तब ही उस वर्ग के लोगों को फायदा मिलेगा। दरअसल सरकार और हम सबका एक ही उद्देश्य है कि समाज के जो लोग पिछड़ गए हैं पढ़ाई-लिखाई के क्षेत्र में, उन्हें विशेष अवसर देकर कैसे बराबरी पर लाने का काम करें, यह व्यवस्था का उद्देश्य था। हमारे देश की पहले जो शिक्षा पद्धति थी, जब गुरुकुल में पढ़ाई कराई जाती थी। गुरूकुलों में पढ़ाई करने वाले जो छात्र थे वे मानते थे कि हम शिक्षा अर्जन करके देश में बड़ा काम करेंगे। वहां पर जो गणित, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र आदि आचार्यों द्वारा पढ़ाया जाता था,उसी के कारण उन विद्यार्थियों ने पृथ्वी की गति माप ली, प्रकाश की गति मापी, रसायन शास्त्र की खोज की, कभी जंग न लगने वाला लोहा बनाया, दशमलव प्रणाली स्थापित की, शून्य दिया और अंकगणित की खोज की थी। उस समय हमारे गुरूकुलों में जो आचार्य लोग शिक्षा देते थे, जो पद्धति हमारे देश में थी, उसी के कारण हमारा देश विश्व-गुरू बना था।

दूसरी तरफ हमारे देश में पहले कहावत थी कि " पढ़े-लिखे कुछ न होय, हर जोते कुठिला पर होय,।" जिससे उस समय लाखों बच्चे इसी सूक्ति के कारण स्कूल नहीं गये। वह वर्ग कहीं न कहीं पिछड़ता चला गया। बहुत लम्बे समय तक वह बात रही, हालांकि अब उसमें सुधार हुआ है और अब तो अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा आरम्भ हो गयी है, मौलिक अधिकार भी बन गये हैं। लेकिन पहले जो स्थिति थी, उसी क्रम में मैं देखूं तो समाज का एक बहुत बड़ा हिस्सा पिछड़ता चला गया। आज इस बात की व्यवस्था हुई है लेकिन मैं आपसे निवेदन करुंगा कि जो शिक्षा का स्तर है वह बहुत असमानता भरा हुआ है। कहीं शिक्षक हैं कहीं नहीं हैं। अब तो भवन बनने लगे हैं जो खुशी की बात है लेकिन अभी भी शिक्षा के स्तर में भारी असमानता है। हमारे पास ऐसे भी स्कूल हैं जहां आठ से दस लाख रुपये सालाना फीस है। दूसरे ऐसे भी स्कूल है जहां बच्चे मध्यान्ह का भोजन खाकर अपने घर चले आते हैं।

आप कल्पना कीजिए कि मैरिट आज 100 प्रतिशत पर पहुंच गयी है। अब उस मैरिट के मुकाबले में गांव का विद्यार्थी कैसे मुकाबला कर पाएगा। जो दून स्कूल में पढ़ेंगे, निश्चित तौर पर वही सफल हो पाएंगे।

आज जितने बड़े-बड़े स्कूल-कालेज हैं उनमें अमीर परिवार के बच्चे ही पढ़ाई करते हैं, गरीब का बच्चा तो उसमें पढ़ ही नहीं सकता है। जबकि हमें बराबरी की दिशा में उन्हें लेकर जाना है और जब हम समानता की बात करते हैं, सामाजिक न्याय की बात करते हैं तो हमें यह देखना पड़ेगा कि हमें एक समान स्कूल, एक समान शिक्षा, एक जैसी यूनिफॉर्म और एक तरह का स्लेबर्स चाहिए। ऐसी व्यवस्था देश में बनानी पड़ेगी।

मैं मानता हूं कि कुछ बच्चों को यह तकलीफ हो रही है कि जिनके मार्क्स कम हैं उन्हें दोबारा मौका दिया जा रहा है। निश्चित तौर पर ऐसी व्यवस्था इसलिए बनाई गयी कि जो वर्ग पिछड़ गया है उसे कैसे बराबरी पर लाएं? हम भी चाहते हैं कि आरक्षण समाप्त हो, लेकिन यह तभी समाप्त होगा जब हम उन वर्गों को बराबरी पर खड़ा करने के प्रयास करेंगे। आज अमीर के लिए अलग स्कूल, गरीब के लिए अलग स्कूल है, यह कब बंद होगा?

हम बहुत तरक्की और खोजें कर चुके हैं, देश बहुत आगे बढ़ चुका है। लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में जिस बुनियादी परिवर्तन की जरूरत थी, मैं समझता हूं कि वह परिवर्तन अभी तक नहीं हो पाया है। मैं माननीय मंत्री जी से चाहूंगा कि जो प्रयास आपने किया है, वह ठीक है, लेकिन उसमें कैसे गति आये? राज्य सरकारों के साथ जो कोआर्डिनेशन होना चाहिए, वह आज नजर नहीं आता है। शिक्षा के क्षेत्र में जब राज्य और केन्द्र दोनों साथ मिलकर काम करेंगे, तब जाकर हमारी शिक्षा अच्छी बनेगी।

आज न जाने क्या कारण है कि लाखों बच्चे विदेशों में पढ़ने जा रहे हैं जबकि विदेश के लोग विश्वविद्यालय बनाने के लिए हमारे यहां पूंजी निवेश करना चाहते हैं। क्या कारण है? हमारी जो मैकाले की शिक्षा पद्धति है वह कहीं न कहीं बेरोजगारों की फौज खड़ी कर रही है। मैकाले की शिक्षा-पद्धति में आज आमूलचूल परिवर्तन की जरुरत है। हमें ऐसे संस्थान बनाने होंगे जो हमारे जीवन के लिए उपयोगी हों और शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो आज के लिए उपयोगी हो। मैं समझता हूं कि उस ओर हमारी सोच नहीं है।

तकनीकी शिक्षा की आज बहुत जरुरत है। उस क्षेत्र में आज हम बहुत पिछड़े हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत सारे ऐसे बच्चे हैं जिनके पास टेलेंट की कमी नहीं है लेकिन अच्छे संस्थान की कमी के कारण वे पढ़ नहीं पा रहे हैं। अच्छे कालेजों में वे दाखिला नहीं ले पा रहे हैं और अच्छी संस्थाओं में प्रवेश न लेने के कारण वे पिछड़ जाते हैं। आज देश में 10 से 15 प्रतिशत परिवार ही उच्च शिक्षा ले पा रहे हैं बाकी 80 से 85 फीसदी ऐसे परिवार हैं, जो निर्धनता के कारण अच्छी शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। मैं सरकार से

चाहता हूं कि ऐसी सामान नीति बनाए, ऐसी व्यवस्था देश के भीतर हो जिससे शिक्षा में किसी प्रकार की असमानता न हो और एक प्रकार की शिक्षा सभी को प्राप्त हो, जिससे कि सभी को साथ ले कर देश के विकास में आगे बढ़ने का काम किया जा सके। मंत्री जी ने दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए कहा है कि मैं सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा, कब जाएंगे सुप्रीम कोर्ट।

**श्री कपिल सिब्बल:** मैं सुप्रीम कोर्ट जा चुका हूं।

**श्री गणेश सिंह :** सुप्रीम कोर्ट जा चुके हैं, यह बहुत अच्छी बात है। आप सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखिए, देश का पक्ष रखिए और कहिए कि देश की व्यवस्था में न्यायालय हमें पूरा सहयोग करें। आज जरूरी है कि हर वर्ग को साथ में ले कर चलना है, तो आरक्षण देना ही पड़ेगा। खासतौर पर शैक्षणिक क्षेत्र के लिए मैं विशेष रूप से जोर देता हूं कि शैक्षणिक क्षेत्र में जो निजी विश्वविद्यालय आए हैं, उनमें भी एससी, एसटी और ओबीसी के बच्चों को एडमिशन में आरक्षण मिले, ऐसा प्रावधान इस विधेयक में किया जाए।

इन्हीं शब्दों के साथ इस विधेयक का समर्थन करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री प्रदीप टम्टा (अल्मोड़ा):** सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस बिल पर बोलने की अनुमति दी।

महोदय, माननीय मानव संसाधन मंत्री जी द्वारा केन्द्रीय शिक्षण संस्थानों में आरक्षण, संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया गया है। मैं उसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हूं। यह सभी को मालूम है और माननीय मंत्री जी ने भी कहा कि इस संशोधन की आवश्यकता क्यों पड़ी? वर्ष 2006 में जब बिल लाया गया था तो उसमें देश में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग को आरक्षण दिया गया था। उस कानून को लागू करने में कुछ दिक्कतें आयीं। हमने उस समय यह प्रावधान रखा था कि यह नार्थ-ईस्ट में एप्लाई नहीं करेगा। हमारा इरादा यह था कि नार्थ-ईस्ट राज्यों में ट्राइबल पोपूलेन को जो आरक्षण दिया जा रहा है, उसको प्रोटैक्ट किया जाए। लेकिन लागू करते समय केन्द्रीय शिक्षण संस्थाओं के दायरे से ही इसे अलग कर दिया गया। इसलिए इस संशोधन की आवश्यकता पड़ी। सैक्शन-3 में 15 प्रतिशत आरक्षण अनुसूचित जाति, साढ़े सात प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के लिए और 27 प्रतिशत हम पिछड़े वर्ग के लिए कर रहे थे, उसमें माननीय मंत्री जी ने भी कहा कि नार्थ-ईस्ट में केन्द्रीय संस्थाओं और लखनऊ में भीमराव अम्बेडकर संस्थान में पहले से अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को ज्यादा आरक्षण दिया जा रहा था। हमने जब वर्ष 2006 का आरक्षण नियम लागू किया तो यह बात की थी कि हम सामान्य वर्ग की सीटों में आरक्षण लागू करने के समय में किसी प्रकार की कटौती नहीं करेंगे । इसलिए हमने मैंडेटरी प्रावधान किया कि उनकी सीटें बढ़ायी जाएंगी। इसके लिए केन्द्र सरकार सहायता देगी और तीन साल में इस बिल को लागू किया जाएगा। लेकिन कुछ व्यावहारिक दिक्कतें थीं, जिसकी वजह से तीन साल की सीमा को आगे बढ़ाने का अनुरोध लोगों तथा शिक्षण संस्थाओं ने किया। उस पर केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने विचार किया।

मेरा कहना यह है कि यह बहुत ही ऐतिहासिक बिल है। वर्ष 2006 का जो बिल आया है, यह देश में आरक्षण से वंचित वर्ग के लिए था और एक बहुत प्रगतिशील और ऐतिहासिक बिल था। इस देश में आरक्षण की परम्परा बहुत पुरानी है। इस परम्परा को पुराना इसलिए कहूंगा कि एक समय था जब प्रिविलेज क्लास ने अपने लिए आरक्षण लागू किया था और वंचित वर्ग को शिक्षा और ज्ञान से दूर रखा था, लेकिन आधुनिक भारत में जब आजादी का आंदोलन चला। गांधी जी, बाबा अम्बेडकर और ज्योतिबा फूले जी के मन में यह बात आई कि वंचित वर्गों के लोगों को शासन/प्रशासन में भागीदारी मिले, देश का संविधान बना और सोशल जस्टिस की कल्पना की गई। पहला संविधान संशोधन इस देश में प्रधानमंत्री नेहरु जी के नेतृत्व में हुआ। जिसमें बाबा साहब अम्बेडकर भी थे। शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण का, शिक्षण संस्थाओं में अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए इस कानून के बनने से पहले ही आरक्षण था।

देश का पहला संविधान संशोधन आर्टिकल 15(4) था। आर्टिकल 46 में संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में कहा गया था कि समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के लिए, विशेषकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक हितों को लागू करने के लिए सरकार कदम उठाएगी। उस समय तत्कालीन कानून को कोर्ट ने स्ट्रक डाउन किया था तो भारत सरकार ने 1951 में पहले संविधान संशोधन द्वारा धारा 4, अनुच्छेद 15 में जोड़ा था। यह ऐतिहासिक कदम इसलिए उठाया गया था क्योंकि आज तक जो भी आरक्षण था, केंद्रीय शिक्षण संस्थाओं में एक Executive आर्डर के द्वारा था।

महोदय, पहली बार यूपीए सरकार ने अधिनियम बनाकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों को शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण दिया। आप सब इसकी बैकग्राउंड जानते हैं कि वंचित वर्ग को विशेषकर ओबीसी को सरकारी क्षेत्र में आरक्षण मिला था शिक्षण संस्थाओं में नहीं । पहला बैकवर्ड कमीशन हुआ, दूसरा हुआ, तो एक सवाल उठा था कि सरकारी सेवाओं में आरक्षण है लेकिन अगर शिक्षण संस्थाओं में लाभ नहीं मिलेगा तो इसका पूरा लाभ नहीं पहुंचेगा। यूपीए-1 में एक त्वरित केंद्रीयकृत कानून बना कि ओबीसी के लोगों को केंद्रीय शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण दिया जाए। इसके लिए 1993 में संविधान संशोधन किया गया। पहली बार आर्टिकल 15(5) जोड़ा गया जिसके अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के लिए तमाम शिक्षण संस्थाओं में, चाहे सरकारी हो, प्राइवेट हो, आरक्षण का प्रावधान किया गया जो कि आज भी है। अनुच्छेद 15(5) कहता है कि इस देश में जो भी शिक्षण संस्थाएं हैं, सरकारी, सहायता प्राप्त/बिना सहायता प्राप्त अनएडिड सभी में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान किया जाए और जो कि पहले से ही कानून है। इस कानून को राज्य और केंद्र सरकार दोनों लागू कर सकती हैं।

महोदय, अभी कहा गया कि हर राज्य को अपने राज्य के आरक्षण कानून के तहत अपनी जनसंख्या के हिसाब से शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण कानून लागू करने का अधिकार है इसमें केंद्रीय कानून कोई दखल नहीं दे रहा है। जैसे कर्नाटक की बात करें तो कर्नाटक अपने राज्य की शिक्षण संस्थाओं के लिए आरक्षण कानून बना सकता है। यह हर राज्य की अपनी बात है। केंद्रीय शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण लागू करने के लिए ही यह पहली बार कानून बनाया गया। यह अभी तक सिर्फ केंद्र सरकार की शिक्षण संस्थाओं और सहायता प्राप्त संस्थाओं पर लागू हो रहा है। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि प्रथम बार 2006 में बिल को पास करने के लिए संसद में बहस चल रही थी उस समय भी सदन में मांग उठी थी कि निजी तथा बिना सहायता प्राप्त संस्थाओं पर भी आरक्षण लागू किया जाए। आज के संदर्भ में इसलिए भी मांग तेज हो रही है कि विदेशी शिक्षण संस्थाओं को इस देश में खोलने की अनुमति दी जा

रही हैं। इसके पीछे हमारा उद्देश्य है कि इस देश के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश न जाना पड़े, इस देश में विदेशी उच्च शिक्षा का लाभ मिले। मंत्री जी ने भी बार-बार कहा है कि उन विदेशी शिक्षण संस्थाओं को भारतीय कानून के दायरे में लाया जाएगा। मेरा अनुरोध है विदेशी शिक्षण संस्था भारत में आएंगी तो भी प्राइवेट एजुकेशन इंस्टीट्यूट पर लागू होने वाले कानून उन पर भी लागू होंगे जबकि अभी तक कोई कानून नहीं है जो प्राइवेट कॉलेजों में आरक्षण का प्रावधान करता हो। तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री ने वादा किया था कि केंद्रीय और एडिड शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण के लिए कानून ला रहे हैं और प्राइवेट शिक्षण संस्थाएं जो एडिड हैं, उनके लिए अलग कानून बना रहे हैं। मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि प्राइवेट शिक्षा संस्थाएं, जो गैर सहायता प्राप्त हैं, उन पर भी आरक्षण लागू किया जा सके, इसके लिए जल्दी ही नया कानून लाया जाए। यह बात अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के वर्गों में भी एचआरडी की स्टैंडिंग कमेटी में भी उठी थी, हमारे पास भी बहुत से लोग आये थे, जो अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी के लोग हैं, उनका कहना था कि जो विदेशी विश्वविद्यालय आ रहे हैं, उनमें क्या होगा। उस समय भी सरकार के द्वारा पक्ष रखा गया था कि हम प्राइवेट संस्थाओं के लिए बिल ला रहे हैं। मैं माननीय मंत्री जी से मैं अनुरोध करूंगा कि इस संदर्भ में शीघ्र कानून लाया जाए, यह बहुत महत्वपूर्ण कानून है। उसमें विशेषकर एक नार्थ-ईस्ट की एक बड़ी समस्या आ गई थी। जो एक्सैप्शन आपने कहा था कि इस कानून में तीन-चार सैक्शन में संशोधन हो रहा है। सैक्शन दो में संशोधन हो रहा है, सैक्शन तीन में संशोधन हो रहा है और सैक्शन चार में संशोधन हो रहा है। दो के द्वारा आप नार्थ-ईस्ट की परिभाषा डिफाइन करने जा रहे हैं,उसी में स्टेट की हमारी बहुत सी शिक्षण संस्थाए हैं, विशेषकर एनआईटी है। एनआईटी एक ऐसी संस्था है, जहां पर केन्द्रीय शिक्षण संस्थाओं में स्टेट सीट की व्यवस्था की गई है कि वह स्टेट सीट उस राज्य में उस राज्य के आरक्षण कानून का पालन करेगी और आप जो संशोधन ला रहे हैं, इसके द्वारा हमारी सरकार जिसके लिए कृतसंकल्प थी कि एनआईटी के अंदर स्टेट सीटों पर आरक्षण को प्रोटैक्शन दिया जाए, वह प्रोटैक्शन भी पूरा हो रहा है। मैनडेटरी क्लाज में भी संशोधन किया जा रहा है, आप उसे तीन वर्ष और आगे बढ़ा रहे हैं। लेकिन मेरा आपसे अनुरोध है कि मैनडेटरी प्रोविजन में बहुत सी दिक्कतें हो सकती हैं, इसमें फाइनेंशियल दिक्कत है, इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने में और लागू करने में दिक्कत है। इसलिए इसमें मानीटरिंग की भी जरूरत है। कहीं ऐसा न हो कि वर्ष 2014 में हमें फिर से संशोधन की जरूरत पड़े। जो केन्द्रीय शिक्षण संस्थाएं हैं, उनमें 2014 तक मानीटरिंग की व्यवस्था एचआरडी मिनिस्ट्री के द्वारा या यूजीसी के द्वारा होनी चाहिए कि वर्ष 2014 लास्ट होगा, जिससे कि ओबीसी के छात्रों को जो आरक्षण यूपीए सरकार के द्वारा दिया जा रहा है, उसे बहुत अच्छे ढंग से लागू किया जाए।

मैं माननीय मंत्री जी से एक अनुरोध और करना चाहूंगा कि 2006 में आपने जो एक्सैप्शन क्लाज बनाये थे, उनमें से एक को आप हटा रहे हैं, वह बहुत ही स्वागत योग्य है, क्योंकि हमारा इरादा था कि उससे नार्थ ईस्ट में उनके आरक्षण को प्रोटैक्ट किया जाए, क्योंकि राज्य सरकार वहां जो आरक्षण दे रही थी, उसे ही प्रोटैक्ट कर रही थीं, उसे भी लागू करें। लेकिन कानूनी दृष्टि से ऐसा लगा कि वहां लागू ही नहीं होगा, यह आपको देखना है। लेकिन उसमें कई क्लाज है, जिसमें व्यवस्था है कि 2006 का कानून कहां-कहां लागू नहीं होगा। नार्थ ईस्ट का संशोधन स्वागत योग्य है, लेकिन कुछ जगह हैं जहां यह अपवाद है, उसमें मैं चाहूंगा कि थोड़ा संशोधन करने की जरूरत है।

इसके अलावा जो हमारा शेड्यूल है, उस शेड्यूल है कि एक्सिलेंस नेशनल इम्पार्टेन्स की संस्थाओं में यह लागू नहीं होगा। मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि जो अच्छी संस्थाएं हैं, नेशनल इम्पार्टेन्स की संस्थाएं हैं, वे भी शिक्षण संस्थाएं हैं, शोध की संस्थाएं हैं। उन संस्थाओं में भी अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों को सेवा का मौका मिलना चाहिए। वहां भी उनका प्रतिनिधित्व होगा, यदि उन्हें वहां आरक्षण मिलेगा तो वे देश के उच्च पदों तक जाने में सक्षम बनेंगे। एक अपवाद आपने आज हटा दिया है और आने वाले समय में इस क्लाज को भी जिसमें आप तमाम नेशनल एक्सिलेंस की संस्थाओं या नेशनल इम्पार्टेन्स की संस्थाओं को आरक्षण के दायरे से बाहर रखने का प्रावधान कर रहे हैं तो मुझे ऐसा लगता है कि यह उचित नहीं है। इस अपवाद को भी हटाने की जरूरत है। मैं माननीय एचआरडी मिनिस्टर का बहतु-बहुत स्वागत करता हूं। उनके नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई गति आई है। चाहे शिक्षा अधिकार का कानून हो या उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आपके द्वारा जो बहुत से प्रयोग किये जा रहे हैं। देश के अंदर हर जिले में उच्च शिक्षा के संदर्भ में आपने एक पैमाना बनाया है कि बहुत से जिलों को शैक्षिक रूप से बैकवर्ड घोषित करके वहां हर जगह माडल स्कूल स्थापित करने की जो आपकी नीति है वह बहुत सही नीति है, उसे और आगे बढ़ाने की जरूरत है।

मैं इन्हीं शब्दों के साथ अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** माननीय उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे केन्द्रीय शिक्षा संस्था (प्रवेश में आरक्षण) संशोधन विधेयक, 2012 पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको आभारी हूं। अगर देखा जाए तो यह संशोधन केन्द्रीय शिक्षा संस्था (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2006 का संशोधन करने वाला विधेयक है। केवल केंद्रीय शिक्षण संस्थाओं में तीन साल के लिए कोटा लागू करने का इसमें वादा है। उपाध्यक्ष जी, यह बात भी सत्य है कि आप 27 फीसदी पिछड़ों को पूरी तरह से आरक्षण देने में असफल रहे हैं। अभी राज्य सभा में यह बिल पास हो कर हम लोगों के पास आया है। बल्कि सन् 2006 में बना यह कानून तीन वर्ष में लागू होना था। लेकिन मेरे ख्याल से सुप्रीम कोर्ट में मामला जाने के कारण एक साल इसमें आप लेट हुए हैं। इसकी भी भरपाई करने के लिए हमें आगे देखना पड़ेगा। इस लेट के कारण मेडिकल की पढ़ाई में भी इसका बहुत जबरदस्त असर देखा गया है। जहां तक देखा गया है कि दिल्ली में इसे लागू करने में देरी हुई जिसकी वजह दूसरी हो सकती है। ऐसे में तीन वर्ष का समय जो बढ़ाना जरूरी हुआ है वह ठीक है, लेकिन तीन वर्ष के बाद भी हमें सोचना पड़ेगा कि आने वाली पीढ़ी को हम कैसे शिक्षा दे पाएंगे।

माननीय मंत्री जी, आपने भरोसा भी दिलाया कि तीन वर्ष में आरक्षण को लागू करेंगे, यह लागू हो जाएगा। लेकिन जहां तक देखा गया है कि देश के स्कूलों में, अभी हमारे भाई गणेश सिंह कह रहे थे कि देश के स्कूलों में समान शिक्षा प्रणाली लागू होनी चाहिए। इस पर समय-समय पर हमेशा इस सदन में भी डिस्कशन हुआ है और बराबर यह मांग हुई है।

उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से और मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आबादी के अनुसार, हम सन् 2001 की जनगणना को मानकर चल रहे हैं, लेकिन आज सन् 2011 की जनगणना को लें तो मेरे ख्याल से एससी, एसटी और ओबीसी और अन्य वर्गों की जनसंख्या बढ़ी है। समस्याएं बहुत हैं। मैं तो कहूंगा कि आबादी के अनुसार कम से कम एससी और एसटी को 30 पर्सेंट कर दें। यह हमारी मांग है।

दूसरी बात यह है कि सेंट्रल स्कूल के बारे में हमेशा यहां बराबर बातें उठती हैं। जितने भी माननीय सदस्य यहां हैं, कहीं किसी की कांस्टीट्यूएंसी 21 लाख है, 22 लाख है, 20 लाख है और 19 लाख का प्रतिनिधित्व करते हैं। बहुत बड़ा प्रेशर है। मंत्री जी, आप मुस्कुरा रहे हैं। आप अभी यह कहेंगे कि यह सब्जेक्ट से बाहर है, लेकिन मैं कहना चाहूंगा ...(व्यवधान)

**श्री कपिल सिब्बल:** शैलेन्द्र जी, मैं आपको एक जानकारी देना चाहता हूँ। उस दिन भी यह बात आपने मेरे सामने रखी थी। कुछ अर्सा पहले मैंने एक प्रस्ताव कानून मंत्रालय में भेजा था, जिसमें मैंने कहा कि यह जो दो-दो की अलॉटमेंट है, इसे पांच कर दिया जाए। ...(व्यवधान)

**श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही):** मंत्री जी, कहीं तो दो भी नहीं है। ...(व्यवधान)

**श्री कपिल सिब्बल:** पहले आप मेरी बात तो सुनिए। मैं यह जो बात कह रहा हूँ यह बात आपने उस दिन संसद में उठाई तब उससे पहले मैं भेज चुका था। विधि मंत्रालय से राय आई। उन्होंने कहा कि यह गैर-कानूनी होगा। यह उनकी राय है। अब मैं बैठक कर के कुछ ऐसी याचिका हम कोर्ट में डालेंगे, जहां हम कहेंगे कि यह दिक्कत हमारे सामने आ रही है, आपने जो कानून बनाया है, जो जजमेंट दिया है, इसे आप बदलिए और हमारे मैंबर्स ऑफ पार्लियामेंट को कम से कम छह बच्चों की अलॉटमेंट की अनुमति मिलनी चाहिए। हम इसमें आपके साथ हैं।

**श्री गोरखनाथ पाण्डेय :** सभी को मिलनी चाहिए।

**श्री कपिल सिब्बल:** हम आपके साथ हैं लेकिन हम कानून से बंधे हुए हैं। अगर मैं अपने स्तर पर कोई ऐसी बात कर दूं और वहां कंटैम्ट नोटिस इश्यू हो जाए कि यह हमारा कानून था और आपने कैसे दिया तो फिर उसमें सरकार को दिक्कत आ जाएगी। मैं अपने मंत्रालय को कहूंगा कि अगर हो सके वहां याचिका डालें और उनको कहें कि सब चीज़ें सामने रखते हुए दो का छह होना चाहिए। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया इसे बहस का मुद्दा मत बनाइए।

**श्री गोरखनाथ पाण्डेय :** मंत्री जी, जिनके क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की सुविधा नहीं है, उन्हें भी तो यह अधिकार मिलना चाहिए।

**श्री कपिल सिब्बल:** मैं यही बात कह रहा हूँ। हाई कोर्ट का फैसला है कि जहां केंद्रीय विद्यालय नहीं है वहां दो लोगों की अलॉटमेंट नहीं हो सकती है। यह फैसला मैंने नहीं किया है। वहां भी हम जायेंगे, हम कोर्ट के सामने जा सकते हैं।

**श्री भूदेव चौधरी (जमुई):** मंत्री जी, जब आप 2 के बदले 6 के लिए याचिका दायर करने को तैयार हैं, तो जिस कांस्टीच्युएंसी में केन्द्रीय विद्यालय नहीं है, उनके लिए भी तो आप गंभीर होइये।...(व्यवधान) उनके लिए भी आप याचिका दायर कीजिये।...(व्यवधान)

**श्री कपिल सिब्बल :** मैंने कहा कि मैं करूंगा, मैंने यह तो नहीं कहा कि मैं नहीं करूंगा । मैं वह याचिका भी डालूंगा कि जहां नहीं हैं, उन्हें भी मिलना चाहिए। जहां 2 हैं, वहां 6 होना चाहिए। आपको दोबारा कहने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि हम आपके साथ हैं। मैंने अपना कोटा तो खत्म कर दिया, लेकिन आप चाहते हैं

कि 2 से 6 हों, हालांकि मैंने वहां पच्चीस प्रतिशत हर स्कूल में किया है। हर केंद्रीय विद्यालय में पच्चीस प्रतिशत डिसएडवांटेज कम्युनिटी के बच्चे जाएंगे। यह अपने आप में बड़ी भारी बात है। मतलब कि अगर सौ बच्चे हैं, पच्चीस वे होंगे, यह बिना एलोकेशन के है। जो गरीब बच्चे हैं, उनको तो एक अवसर मिलेगा केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने का पच्चीस प्रतिशत। आपको इसकी सराहना करनी चाहिए। जहां तक मेंबर ऑफ पार्लियामेंट के लिए मांग हो रही है कि 2 से ज्यादा होने चाहिए, वह हम याचिका डालेंगे और जो अदालत फैसला करेगी...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया इसे बहस का मुद्दा मत बनाइए। मंत्री जी जवाब दे रहे हैं।

...(व्यवधान)

**श्री दारा सिंह चौहान (घोसी):** महोदय, एम.पी. का सवाल नहीं है। हम 15 लाख लोगों से चुनकर आए हैं तो हम किसे नाराज करेंगे?...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** मंत्री जी बाद में जवाब देंगे।

...(व्यवधान)

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** जो आप लोगों की चिंता है, मैं पूरी बात कहना चाहूंगा। क्योंकि यह सब्जेक्ट से जुड़ा भी है और नहीं भी जुड़ा है। मैंने कहा कि हम लोग इतने लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, अभी जैसा पाण्डेय जी ने कहा कि जिनकी कांस्टीच्युएंसी में सेंट्रल स्कूल है, वे तो दो एडमीशन करा सकते हैं, लेकिन जिनकी कांस्टीच्युएंसी में सेंट्रल स्कूल नहीं है, वे नहीं करा सकते हैं। यह भी एक अन्याय है। यह हो तो सबके लिए हो, नहीं हो तो कम से कम नजदीक के जो जिले हैं, जो सटे हुए जिले हैं, वह वहां एडमीशन करा सकता है, यह व्यवस्था आपको करनी पड़ेगी।...(व्यवधान)

दूसरी बात, हमारे इलाहाबाद में, लगता है कि आपके यहां प्रधानाचार्य की बहुत कमी है। हमारे यहां इलाहाबाद में दो सेंट्रल स्कूल हैं, एक मनौरी है और एक बंगरौली है। एक ही प्रिंसिपल दोनों स्कूल्स को देख रहे हैं, मनौरी वाले प्रिंसिपल ही बहमरौली को भी देख रहे हैं। मैं चाहूंगा कि जहां कमी है, वहां इमीडिएट प्रिंसिपल की नियुक्ति आप करायें। यह मैं आपसे गुजारिश करना चाहूंगा।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि केंद्रीय विद्यालयों में ओबीसी का आरक्षण नहीं है, जबकि नवोदय विद्यालयों में आपने ओबीसी का आरक्षण लागू किया है। क्या आप इसे लागू करेंगे, इसे आप अपने जवाब में बताइएगा?

आप ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स में भी होंगे, कैबिनेट की बैठक में भी जाते होंगे, इसी से संबंधित मैं आपसे निवेदन करूंगा, जो शिक्षा से भी जुड़ा है, रिजर्वेशन से भी जुड़ा हुआ है, कुछ सुझाव मैं देना चाहूंगा। आप सरकार से कहिए, हम लोग अभी करीब 30-35 सांसद एससी, एसटी के प्रधानमंत्री जी से मिले थे। हम लोगों ने कहा था कि हम लोगों के आरक्षण पर हमेशा न्यायिक हस्तक्षेप होता रहता है। इससे हम लोग दुखी हैं। इसलिए सरकार को चाहिए कि संविधान में संशोधन करके आरक्षण एक्ट बनाकर उसे संविधान की नौवीं सूची में शामिल कर दें तो हम लोग महफूज हो जायेंगे। यह नहीं कि अगर, चलिये हम तो क्रीमी लेयर में हैं, हमने तो कोई फायदा लिया नहीं है, केवल यहां संसद में चुनकर आये हैं, बाकी पढ़ाई से लेकर हम लोगों ने कोई फायदा नहीं लिया है। इसलिए मैं चाहूंगा कि जो बेचारे गरीब हैं, जो शोषित हैं, जो आज भी शिक्षा से वंचित हैं, जो आर्थिक तौर पर, सामाजिक तौर पर, राजनीतिक तौर पर पिछड़े हैं, दूर हैं, उन्हें समाज की मुख्यधारा से आपको जोड़ना पड़ेगा। शिक्षा का राष्ट्रीयकरण करके समान व अनिवार्य शिक्षा कानून आप लागू करें। अभी इसी सदन में अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा पर चर्चा हुई, इसके बारे में गणेश सिंह जी भी कह रहे थे। आप राष्ट्रीयकरण करें और कोशिश करें कि कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे। अब हम मतलब की बात कर रहे हैं तो घंटी बज गयी।

**उपाध्यक्ष महोदय :** समय को भी देखना है।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** हम लोगों की मांग है कि पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप में भी हमें आरक्षण को लागू करना पड़ेगा। आपको दोनों जगह निर्देश देने पड़ेंगे। मैंने कहा कि शोषित, वंचित, आदिवासी और पिछड़े समाज के लोग सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक तौर पर बहुत पिछड़े हैं, इनके विकास हेतु अलग से कानून बनाने की आवश्यकता है। शिक्षा में आप देने जा रहे हैं, यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन इसे समय के अनुसार दीजिये। अभी मैं एक रिपोर्ट पढ़ रहा था, सच्चर साहब ने कहा कि देश में मुस्लिम वर्ग के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा काम करने की आवश्यकता है। आपको रोल मॉडल तैयार करना पड़ेगा और जो टैक्निकल एजुकेशन है, उस पर आपको ध्यान देना पड़ेगा। युवाओं और मुस्लिम महिलाओं पर भी आपको ध्यान देना पड़ेगा। आज मुस्लिम वर्ग में आप देखें तो छोटा सा बच्चा भी जब परिवार से निकलता है तो ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में या मोटर पार्ट्स के क्षेत्र में जाता है। तकनीकी शिक्षा की तरफ उसका ज्यादा ध्यान रहता है। हमें हर वर्ग के लिए संघर्ष करना है, लड़ाई लड़नी है। मैं ज्यादा कुछ नहीं कहूँगा क्योंकि उपाध्यक्ष जी ने घंटी बजा दी है, समय सीमा के भी हम पाबंद हैं। इसलिए मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ। मैं चाहूँगा कि जो भी सुझाव हमने दिये हैं, मंत्री जी इन्हें ज़रूर लागू करवाएँ। यह कहते हुए मैं बिल का समर्थन करता हूँ।

**श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर, उ.प्र.):** उपाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी को आधे मिनट में एक सुझाव देना चाहता हूँ कि रिज़र्वेशन में बड़ी मारा-मारी है। यह तो पॉलिसी मैटर है, इसमें कोर्ट जाने की क्या ज़रूरत है? दो से पाँच कर दें या छः कर दें, यह तो पॉलिसी मैटर है। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आपने कह दिया है, मंत्री जी जवाब देंगे।

**श्री विजय बहादुर सिंह :** पॉलिसी मैटर में अदालत इंटरफियर नहीं करती। ये खुद ही बढ़ा सकते हैं। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आपने सुझाव दे दिया है। मंत्री जी इस बारे में सोचेंगे। आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** उन्होंने कह दिया कि वे देखेंगे। क्या हर आदमी एक ही बात बोलेंगे?

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** अब आप बैठ जाइए। आपकी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है। आप बैठ जाइए।

*(Interruptions) ...* *

* Not recorded.

**डॉ. बलीराम (लालगंज):** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने इस बिल पर बोलने का मौका दिया। माननीय मंत्री जी केन्द्रीय शिक्षा संस्थानों में प्रवेश में रिज़र्वेशन के संबंध में जो 2012 का बिल लाए हैं, विशेषकर पिछड़े समाज के लिए, मैं इस बिल का पुरज़ोर स्वागत करता हूँ। इसी के साथ-साथ मैं यह कहना चाहूँगा कि जो 2006 में केन्द्रीय शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति के लिए 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 7.5 प्रतिशत और पिछड़ी जातियों के लिए 27.5 प्रतिशत का आरक्षण आपने किया। लेकिन आज जो स्थिति है, चाहे जिस भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आप चले जाइए, केन्द्रीय कॉलेज में चले जाइए, यह आरक्षण पूरा नहीं है। दूसरी तरफ, दिल्ली विश्वविद्यालय है और जेएनयू विश्वविद्यालय है। अभी आई.आई.टी.जे.ई.ई. की परीक्षाएँ भी हुई हैं। इसमें जिन लोगों ने क्वालिफाइ किया है, इनमें 2545 छात्र पिछड़े समाज के हैं जिनमें से 1540 बच्चों ने सामान्य कैटागरी की मैरिट में पास किया है। जब सामान्य कैटागरी की मैरिट में इन्होंने पास किया, तो उसको ओबीसी के कोटे से बाहर रखना चाहिए, उसमें नहीं जोड़ा जाना चाहिए। इसी तरह से अनुसूचित जाति के लोग 1950 पास हुए जिनमें से 122 सामान्य कैटागरी की मैरिट में पास हुए। लेकिन उनको भी अनुसूचित जाति के कोटे में कर दिया गया। अगर इस तरह से करेंगे तो यह न्यायसंगत नहीं है।

**<u>14.59 hrs.</u>**

(Shri Satpal Maharaj *in the Chair*)

ऐसे लोगों के साथ यह अन्याय होगा। दूसरी तरफ जो आदिवासी हैं, 645 में से 33 बच्चों ने सामान्य कैटागरी में पास किया है लेकिन उनको भी आदिवासी कैटागरी में रख लिया गया। पिछले वर्ष जो ओबीसी का है, यह लगभग 5400 सीटें सामान्य वर्ग के लोगों से भर ली गईं। यह सरासर गलत है, अन्याय है, ऐसा नहीं होना चाहिए। आप विधेयक तो ला रहे हैं। आप कह रहे हैं कि हम तीन साल के लिए यह कर रहे हैं।

**<u>15.00 hrs.</u>**

संविधान बना, रिजर्वेशन का प्रावधान हुआ और हर दस साल बाद आप रिजर्वेशन को बढ़ा रहे हैं, लेकिन आजादी के 62 साल बीतने के बाद भी वह आरक्षण कोटा आज तक पूरा नहीं हुआ। हम जानना चाहते हैं कि शिक्षण संस्थाओं में क्या इसी प्रकार का आरक्षण होगा कि उसे पूरा नहीं किया जाएगा और तीन साल में यह कैसे होगा? अभी गणेश सिंह जी बता रहे थे कि दौलत राम कालेज में ओबीसी की 290 सीटों में से 169 सीटें भरी गई हैं। रामलाल आनंद कालेज में 160 में से सिर्फ 42 सीटें भरी गई हैं। वेंकटेश्वर कालेज में 296 सीटों में से 149 भरी गई हैं, हिंदू कालेज में 300 में से 230 सीटें भरी गई हैं, शहीद भगत सिंह कालेज में 295 में से 70 सीटें भरी गई हैं, एआरएसडी कालेज की 300 सीटों में से 181 सीटें भरी गई हैं।

अगर इस तरह से सीटें भरी जाती रहेंगी, तो आप कैसे इन वर्गों को आगे बढ़ा सकेंगे? इसी तरह से दिल्ली विश्वविद्यालय में एससी, एसटी के छात्र के लिए अगर एक बार रजिस्ट्रेशन हो जाता है, तो दोबारा उन्हें रजिस्ट्रेशन का मौका नहीं मिलता है। एडमिशन के बाद उसे उसी कालेज में, उसी विषय और उसी कोर्स को चुनना पड़ता है, लेकिन सामान्य केटिगिरी के लोगों के लिए इस तरह की व्यवस्था नहीं है। उन्हें छूट है कि वे कालेज भी बदल सकते हैं और अपना सब्जेक्ट भी बदल सकते हैं। इस तरह से पिछड़े और अनुसूचित जाति के लोगों के लिए भी व्यवस्था की जानी चाहिए।

माननीय मंत्री जी मैं आपका ध्यान इस बात की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं कि आज अनुसूचित जाति के लोग हों या पिछड़ी जातियों के लोग हों, किसी राज्य में वे पिछड़ी जाति में हैं और किसी राज्य में पिछड़ी जाति में नहीं हैं या केंद्र में पिछड़ी जाति में नहीं हैं। उत्तर प्रदेश का अनुसूचित जाति का व्यक्ति अगर आ कर दिल्ली में एडमिशन लेना चाहे या नौकरी लेना चाहे, तो उसे कहा जाता है कि अगर वह यहां का डोमिसाइल नहीं है, तो उसे यह सुविधा नहीं मिलेगी। ऐसे प्रतिबंध को आपको हटाना चाहिए, तभी इन लोगों के साथ आप न्याय कर पाएंगे। अभी शैलेन्द्र जी ने कहा है कि हमेशा कोर्ट अड़ंगा डालती रहती है। कभी नौकरी में रिजर्वेशन के सवाल पर डालती है तो कभी प्रवेश के सवाल पर डालती है। अगर इसको संविधान की नौवीं अनुसूची में डाल दिया जाए तो इस खतरे से बचा जा सकता है और कोई इसमें छेड़छाड़ नहीं कर सकेगा। अगर सरकार की मंशा सही है, आपकी मंशा भी सही है तो कानून बनाने का अधिकार इस पार्लियामेंट को है, आपको अधिकार है, तो आप यह कानून बना दें कि भविष्य में कोई इससे छेड़छाड़ न करे। न उनकी नौकरी पर कोई खतरा हो और न प्रवेश में कोई खतरा हो।

दूसरी तरफ गुर्जर समाज और जाट समाज के लोग आरक्षण के लिए आंदोलित हो रहे हैं। ऐसे लोगों को शिक्षण संस्थानों में और नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे कि ये लोग भी सुविधाएं पा सकें। क्योंकि ये लोग सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर लोग हैं।

महोदय, आज यह समस्या एक विकट समस्या हो गई है। आज आप जाकर देखिए तो आदिवासी, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के बच्चों को एडमिशन में बहुत दिक्कत होती है। जामिया मिलिया इस्लामिया में पिछले साल तो उन्होंने 25 प्रतिशत आरक्षण दिया, लेकिन इस साल कह दिया कि हम पांच प्रतिशत ही आरक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि हम इसलिए आरक्षण कम दे रहे हैं क्योंकि हम मैरिट के लोगों को लेंगे। जब आप मैरिट के लोगों को लेंगे तो आपका वहां आरक्षण प्रभावित होगा तो आप आरक्षण किस बात का कर रहे हैं? वे कह रहे हैं कि आने वाले समय में जिसने कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक यहां पढ़ाई की होगी, उसी को आरक्षण का लाभ मिल पाएगा और दूसरे को लाभ नहीं मिल पाएगा। इसलिए हम

आपसे अनुरोध करेंगे कि समान शिक्षा की व्यवस्था सारे लोगों के लिए की जाए, एक तरह का कानून बनाया जाए ताकि उसका सभी लोगों को लाभ मिल सके।

**श्री महाबली सिंह (काराकाट):** सभापति महोदय, केन्द्रीय शिक्षा संस्था (प्रवेश में आरक्षण) संशोधन विधेयक, 2012 पर इस सदन में हो रहे चर्चा में भाग लेने के लिए आपने मुझे समय दिया, इसके लिए धन्यवाद।

इस महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक बिल पर इस सदन के कई माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं और शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए कई बिन्दुओं पर सुझाव दिए हैं। इसलिए मैं पुनः उन बातों को दोहराना नहीं चाहूंगा। लेकिन सभापति महोदय, मैं इतना जरूर कहना चाहूंगा कि अशिक्षा ही इस देश में अज्ञानता, निर्धनता, और दरिद्रता के साथ-साथ नक्सलवाद और उग्रवाद का भी कारण है क्योंकि इस दुनिया में हर इंसान आधा पेट खाकर भी इज्ज़त, मान-सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीना चाहता है। इज्ज़त, मान-सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीने के लिए हर व्यक्ति को शिक्षित होना जरूरी है।

महोदय, इस दुनिया में जो ज्ञानहीन है वह ही धनहीन है। जो ज्ञान से हीन है वह ही धन से हीन है। जो धन से हीन है वह ही मन से हीन है और जो मन से हीन है वही इस देश में गुलाम और लाचार है। गुलाम और लाचार लोग अपनी गुलामी को, मजबूरी को, लाचारी को, और अपनी बेबसी को जब दुनिया के सामने रखकर उससे मुक्ति पाना चाहते हैं और जब उन्हें गुलामी और लाचारी से मुक्ति नहीं मिलती तब वही व्यक्ति इस समाज के लिए, कानून के लिए, स्वतंत्रता के लिए, देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा बन जाता है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि अगर हम इस देश में लोकतंत्र को मजबूत करना चाहते हैं, इस देश में शांति और भाईचारा बनाना चाहते हैं तो हमें सबको समान शिक्षा का अधिकार देना होगा। इस देश में सभी वर्गों के लोगों को शिक्षित करना होगा क्योंकि इस देश की सदियों से जो सामाजिक व्यवस्था चली आ रही है, वह गैर बराबरी की व्यवस्था है। सदियों से इस व्यवस्था में इस देश का जो बहुसंख्यक समाज रहा है, इसकी शिक्षा पर रोक लगाकर इसे शिक्षा से वंचित किया गया और जो समाज शिक्षा से वंचित हो गया, वह आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्रों में पिछड़ गया।

सभापति महोदय, अब प्रश्न यह उठता है कि जो व्यवस्था चली आ रही है, क्या वह व्यवस्था ही इसकी मूल जड़ है? यह व्यवस्था कैसे खत्म होगी? इस व्यवस्था में जो लोग सम्मानित हैं, वे इस व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं। जो लोग इस देश में सदियों से चली आ रही व्यवस्था से सम्मानित हैं, वे लोग इस व्यवस्था को टिकाये रखना चाहते हैं और जो लोग इस व्यवस्था से अपमानित हैं, वे सामाजिक परिवर्तन करना चाहते हैं। अब प्रश्न उठता है कि कैसे सामाजिक परिवर्तन होगा। इस देश की गजब विडम्बना है कि जब बच्चा मां के पेट से पैदा होता है तो वह बच्चा नहीं पैदा होता है, वह इस देश में जाति पैदा होता है। हम इसको कैसे पाट सकते हैं? संविधान में जो आर्थिक और सामाजिक रूप से जो जातियां पिछड़ गई हैं,

उनको बराबरी में लाने के लिए संविधान में प्रावधान किया गया है, इसलिए हम आपके माध्यम से कपिल सिब्बल साहब से कहना चाहते हैं कि अगर सही मायने में जो यह संशोधन विधेयक आप लाये हैं, अगर सही मायने में अति पिछड़ों को आप 27 परसेंट आरक्षण देना चाहते हैं तो आपको इसमें जो संशोधन विधेयक है, जो मौजूदा कानून है, इस मौजूदा कानून के अनुसार इसमें ओ.बी.सी. वर्ग के छात्रों को प्रवेश देने के लिए न्यूनतम कटऑफ फीसदी अंक पर उनको दाखिला देना है। आजकल हम देख रहे हैं कि जो भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं, उनकी कटऑफ लिस्ट 100 परसेंट पर चली गई है, जब उनको 90 परसेंट अंक जब आएंगे, तभी तो उनका दाखिला होगा, इसलिए हम माननी मंत्री कपिल सिब्बल जी से कहना चाहते हैं कि सही मायने में अगर ओ.बी.सी. को आप आरक्षण देना चाहते हैं तो जिस तरह से, जिस नियम प्रक्रिया के तहत शैड्यूल्ड कास्ट्स, शैड्यूल्ड ट्राइब्स को प्रवेश दिया जाता है, उसी नियम और प्रक्रिया के तहत आपको ओ.बी.सी. छात्रों को भी प्रवेश दिलाने का आप काम करें, तभी ओ.बी.सी. वर्ग के छात्रों को सही मायने में दाखिला मिल सकता है और उनके साथ न्याय हो सकता है।

मेरा दूसरा पाइंट है कि जो केन्द्रीय विश्वविद्यालय जो पूर्वोत्तर राज्यों में हैं, जिसका आप संशोधन विधेयक लाये हैं तो वहां 50 परसेंट आरक्षण पहले से लागू है तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार उसमें आर आरक्षण नहीं दे सकते तो वहां उन ओ.बी.सी. बच्चों के लिए आप कौन सा संविधान में संशोधन करने जा रहे हैं, उसको भी आपको यहां बताना होगा और...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** ठीक है। आप अपनी बात समाप्त करें।

**श्री महाबली सिंह :** अभी तो मैंने शुरू किया है। हमारी पार्टी से एक ही आदमी को बोलना है, एक ही सांसद को बोलना है, इसलिए समय बाकी है।

**सभापति महोदय:** आपका चार मिनट का टाइम है, आपको वैसे ही ज्यादा समय दे दिया है।

**श्री महाबली सिंह :** इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आज जो बिहार है, आज बिहार शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में बिहार में क्रान्ति आई है। शिक्षा के साथ-साथ आज बिहार चहुंमुखी विकास कर रहा है। माननीय मंत्री जी, आप बिहार को आगे बढ़ने में सहयोग दीजिए, बिहार को बांटने का काम आप मत करिये। जब बिहार की केबिनेट ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने के लिए मोतिहारी में मोहर लगा दी और जब बिहार की विधान सभा में सर्व-सम्मति से यह प्रस्ताव पारित हो गया तो बिहार के लोगों की जन भावनाओं की आप कद्र करिये। आप जिद मत करिये कि नहीं, चम्पारण में नहीं बनेगा, विश्वविद्यालय गया में बनेगा। गया में भी बने, लेकिन बिहार की जन भावना वहां है, आप उसको वहां बनाने का काम करिये। मैं एक बात और कहना चाहता हूं, क्योंकि, जो केन्द्रीय विद्यालय आप जो पूरे देश में बना रहे हैं, वे केन्द्रीय

विद्यालय उस जगह बनाने चाहिए, जहां के लोग शिक्षा के अभाव में नक्सल मूवमेंट में जुड़ रहे हैं, उन इलाकों में बनाने चाहिए। केन्द्रीय विद्याल आप शहर में बनाते हैं, जहां शिक्षा पहले से मिल रही है तो इसलिए जितने भी केन्द्रीय विद्यालय बनें, वे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बनें। हमने शून्य काल में भी यह प्रश्न उठाया था और नियम 377 के माध्यम से भी हमने यह प्रश्न उठाया था कि बिहार में हमारा जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, उसमें केन्द्रीय विद्यालय नहीं है। वहां पर केन्द्रीय विद्यालय बनाया जाये।

महोदय, हम अपनी बात समाप्त करेंगे, लेकिन हम एक बात और कहना चाहते हैं। हम यह मानते हैं कि सरकार ने हमेशा दलित, पिछड़ों के हित में काम करने के लिए नीतियां बनायी हैं, लेकिन नीतियां बनाने से नहीं होगा। आजादी के बाद 60 सालों में बहुत सारी नीतियां बनीं, बहुत सारी पार्टियां बनीं, पार्टियां बनती रहीं और पार्टियां बिगड़ती रहीं, सरकारें बनती रहीं और सरकारें बिगड़ती रहीं, बजट भी बनते रहे और बिगड़ते रहे, लेकिन इस देश के दलित, पिछड़ों की तकदीर 60 साल में नहीं बदली है। अगर सही मायने में सरकार की नीयत है, इस देश का दलित और पिछड़ा समाज बराबरी पर आये तो इसके लिए नीयत साफ करनी होगी। आज बिहार इसलिए विकास कर रहा है क्योंकि बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नेताजी अच्छे हैं, उनकी नीति भी ठीक है और उनकी नीयत भी ठीक है। इसलिए आज बिहार तरक्की कर रहा है। ...(<u>व्यवधान</u>)

MR. CHAIRMAN : Nothing further will go on record.

*(Interruptions) ...* *

MR. CHAIRMAN: Dr. Ratna De.

* Not recorded.

DR. RATNA DE (HOOGHLY): Mr. Chairman, Sir, I would like to express my thanks for giving me the opportunity to speak on this Bill which seeks to amend the Central Educational Institutions (Reservation in Admission) Act, 2006.

Sarva Shiksha Abhiyan, Right to Education Act and other schemes speak volumes about the commitment of the Government to education. The amendments brought forth by the hon. Minister are laudable in nature. We are providing reservation for Other Backward Classes in tribal areas and the timeframe for full implementation of the Act is being extended.

Tribals constitute around nine per cent of the country's population and they are still in despicable conditions. In fact, they live in subhuman and pathetic conditions. By providing reservation for OBCs in tribal areas, I am hopeful that those who wanted to pursue higher education would definitely derive benefit out of this Act, and this would no doubt go a long way.

We are churning out lakhs and crores of holders of MBA, Ph.D., MA, M.Phil. etc. degrees year after year. But how many of them are getting suitable jobs? What is preventing them to get a job? Was it a faulty curriculum they are studying? Was the job market not suitable for their degrees and diplomas? Are we interested in creating only bookish brains? It is time to ponder for not only those who study but also those who frame policies at the Government level.

Sir, it was reported in The Hindu newspaper on 1st February, 2010 that not even one Indian university figures in the top 200 universities of the world. This was stated by C.N.R.Rao, a renowned scientist. Our IITs, IIMs or even JNU did not find a place in the best 100 universities in the world. How to change the situation is a very difficult task ahead of us. What we need to focus on is quality and relevance of higher education to bring the much needed social transformation, which would in turn take care of every other ill of the society and hence the country to move ahead and bringing laurels.

In many universities across the country, OBC seats are lying vacant. Particularly this is the state of affairs in metro cities. Sometimes, courts interfere

to fill up the OBC seats. If this is the situation, we can easily visualise as to what would be the situation in the tribal areas. Since we have very few education institutions in tribal areas and the areas nearby, how can we expect tribals to avail the seats provided through this amendment? Our aim should be to bring the tribals into the mainstream and to achieve this, we should give them proper education of good quality and standard education which would go a long way in bringing them up. Improving infrastructure is an arduous task and there cannot be two opinions about it. We have poor infrastructure in Central Educational Institutions in the country. This is a bitter fact. How does the Government improve the infrastructural facilities in the Central Educational Institutions across the country?

Sarva Siksha Abhiyan aims at universalising access to elementary education in accordance with the vision of the Right to Education Act. Without taking care and nurturing or patronizing the elementary education, we cannot give the much needed fillip to higher education. Between 1950 and 2008, the number of universities has increased from 20 to a whopping 431, colleges from 500 to 20,677, teachers from 15,000 to nearly 5.5 lakhs; and the number of schools too has increased exponentially each year. But what about the standard and quality of these institutions of education? It is stated often that the quality of the State, which means the country, depends upon the quality of education. It cannot be farther from the truth. Higher education plays a significant role in creating the masters who would in turn, create an atmosphere which would go a long way in deciding the destiny of the country. We attained independence; we made great strides, in the field of education at primary, secondary and higher levels. But with the growing demands and needs, a lot requires to be done.

Corporate social responsibility, though became famous in recent times, it has been in vogue in 1960s and 1970s. But yet it has not taken roots in the educational fields. Many top profit making establishments have not cared to fulfil their corporate social responsibility. I request the hon. Minister to include the

corporate sector in this. I suggest that more funds should be allocated to the HRD Ministry to fulfil this scheme.

Lastly, my earnest request to the hon. Minister is this. I am a Member of Parliament from Hooghly, West Bengal. Hooghly is the District Headquarters. The total population of Hooghly District is more than 50 lakhs as per the 2001 census. There are many Central and State Government offices in that district. But I am sorry to say that we do not have any Central Educational Institution till now. My request to the hon. Minister is that he may initiate action so that we can have at least one Central Educational Institution in our district.

SHRI R. THAMARAISELVAN (DHARMAPURI): Mr. Chairman, Sir, I thank you for allowing me to participate in the discussion on the Central Educational Institutions (Reservation in Admission) Amendment Bill, 2012.

I rise to support this Bill and the amendments brought before this august House by the hon. Minister. He has also explained the amendments here. I welcome the amendments proposed to the Principal Act of 2006, viz. the Central Educational Institutions Act. It aims at increasing the number of seats for SC, ST and OBC students in higher educational institutions. The Principal Act says that out of the annual permitted seats for a branch of study or faculty, 15 per cent seats shall be reserved for SCs, 7.5 per cent seats shall be reserved for STs and 27 per cent seats reserved for OBCs. The two amendments brought in this Bill are – the reservation for OBCs in the tribal areas under the 6th Schedule of the Constitution and secondly, the extension of time frame from three to six years for the full implementation of the Act of 2006.

This Bill seeks to have a proviso that if there is a Central Educational Institution in tribal area under the 6th Schedule of the Constitution, the State seats in those institutions shall have the reservation for SCs, STs and OBCs. The quantum of reservation shall be prescribed by the State Governments.

SHRI KAPIL SIBAL: *Sabhapati Mahodaye*, first of all, through you, I would like to thank all the distinguished Members of this House who have participated in this debate. I wish to say, at the outset, that education can never be a divisive agenda. Education should not be a divisive agenda because education means empowerment and empowerment of our children results in empowering the nation as the nation moves forward. Therefore, I think, especially in the context of education, there should be no divide between this and that side of the House.

All of us think of our children; all of us want our children to be educated; all of us want our children to be empowered. In fact, I think, the real definition of democracy, to my mind, is not necessarily one vote for each person; it is the ability to give to your children the maximum choices in the classroom. If we are able to give to our children the maximum choices in the classroom, then we will truly be a democratic nation. But the fact of the matter is that we have not been able to do so. It has been for several reasons. There are financial constraints; there are rigid positions within society; and there is opposition in society. Unless there is a consensus within the House, we will not be able to take this agenda forward.

So, my first request to the distinguished Members of this House is that in a debate on education, let us apply our minds together to see how our children can move forward. As far as this Government is concerned, I can assure you that we are committed; we are totally committed to the empowerment, especially of the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and the other backward communities. There can be no doubt about that.

Just think of it. It is we who brought about the 93rd Constitutional Amendment; it is we who passed it; it is we who brought about the Right to Education Act. Who imagined that under the Right to Education Act 25 per cent seats in every private educational institution will go to the disadvantaged communities and the deprived communities? Did any Member of this House ever imagine that this would happen? It happened because there was a consensus in the House.

Today, despite the fact that certain interests went to the Supreme Court to challenge this particular provision, we succeeded. It is because the Court also realises that unless the entire community is empowered, especially the weaker sections of our society, India will not be able to move forward. Remember, the challenges to India are enormous. If we have 220 million children going to school, it is only 17 million children who reach college. Just think of it, 200 million children do not reach college. How will a country where 200 million of the 220 million children do not reach college, be ever empowered unless we think together, work together instead of blaming each other? If you say that: "You have not done enough.", I can say: "You have not done enough." But that is not the way to move forward.

I can assure you that in every CABE Meeting, every Education Minister is with me. There has never been a dissension. All Resolutions have been unanimous. Why? It is because we take on board the concerns and the aspirations of every segment of society. And, that is what we wish to do in this House.

What are we trying to do through this Bill, Sir? All we are trying to say is this. There are certain areas. Take, for example, an NIT in Tripura or an NIT in any other area. In a NIT, there are All India seats and there are State seats. We have said that in the State's seats, whatever Reservation Policy was being followed for the last many years, should be protected. It may be above 50 per cent, but it should be protected. That is the purpose of this Amendment. And, within the 50 per cent All India seats, the Reservation Policy will apply, which is 15 per cent, 7.5 per cent and 27 per cent. That is the intent of this legislation.

If we have had a University, which is giving 50 per cent reservation of seats to the Scheduled Castes and scheduled tribes, Dr. Babasaheb Ambedkar University, let that be protected. Let not those, who are vested with certain rights through statute or otherwise, be deprived of those rights. That is the heart of this legislation. So, it is consistent with the original intent of the original Act of 2006.

Through you, Sir, I wish to inform the House that we have made great strides; this nation has made great strides. We always long to self-flagellate ourselves and then say that we have done noting; you have done nothing; we have never been able to achieve anything. Let me give you just a few examples to show you as to how great strides this nation has made. I give you some figures.

What is the percentage of Scheduled Castes in Allahabad University? Against the requirement of 15 per cent, it is 18.33 per cent. I am giving you the figure as on 31-3-2011. It is the latest figure. It is 18.33 per cent. What is the representation of Scheduled Tribes? It is 0.62 per cent. What is the representation of OBCs? It is 36.75 per cent. Are we doing injustice to the OBCs? Are we not trying to achieve what we have promised under the Constitution for the people of India? I give you another example. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Let him speak, please.

SHRI KAPIL SIBAL: Let me tell you that General Category is excluded. I am giving you the figures.… (*Interruptions*)

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** मंत्री जी, वहां के जो एसोसिएट प्रोफेसर हैं, उनको बड़ी दिक्कत है। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी का नाम आया, मैं तब यह कह रहा हूं।

**सभापति महोदय :** मंत्री जी, चेयर को संबोधित करें।

**श्री कपिल सिब्बल :** यही विवाद मैं नहीं चाहता हूं। आप अगर सब्र से बात मेरी सुनेंगे तो बात आगे बढ़ेगी। मैं इस समय बच्चों की बात कर रहा हूं, मैं फैकेल्टी की बात नहीं कर रहा हूं। …(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आप उनकी बात सुनिए।

**श्री कपिल सिब्बल :** आज आपने कहा कि यह सरकार और कोई भी सरकार ईमानदारी के साथ आगे नहीं बढ़ती है।

MR. CHAIRMAN: Please address the Chair.

**श्री कपिल सिब्बल :** जहां तक स्टूडेंट कम्युनिटी का सवाल है, बहुत बड़े कदम उठाए गए हैं और सरकार के द्वारा उठाए गए हैं। मैं आपको एक और आंकड़ा देता हूं। …(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** कृपया शांत हो जाइए।

**श्री कपिल सिब्बल :** मैं आपको हैदराबाद यूनिवर्सिटी का आंकड़ा देता हूं। The Scheduled Caste students are 20.12 per cent; Scheduled Tribes are 10.19 per cent; and OBCs are 26.58 per cent. मैं आपको बीएचयू का उदाहरण देता हूं। The Scheduled Caste students are 13.17 per cent; Scheduled Tribes are 4. 15 per cent; and OBCs are 22.84 per cent.

So, by and large, the community is moving forward. By and large, the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and the OBCs through pro-active actions on part of various Governments have moved forward. We should be encouraged by them. We should, in fact, say that due to the collective efforts of Members of this House that have allowed this state of affairs to happen.

कई लोगों ने दिल्ली यूनिवर्सिटी की बात कही। खासतौर से गणेश जी ने कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी में याचिका डालनी चाहिए थी। असलियत तो यह है कि हम दिल्ली यूनिवर्सिटी गए, जब दिल्ली यूनिवर्सिटी के आंकड़े निकले और लगा कि किसी ओबीसी को एडमीशन मिलेगा ही नहीं, क्योंकि जो कट ऑफ प्वाइंट था, वह 99 परसेंट या 98 परसेंट है, तो मैंने ही अपने मंत्रालय को आदेश दिया कि आप जल्दी से याचिका डालिये। सुप्रीम कोर्ट में याचिका डालिए और कहिए कि इस हिसाब से तो किसी ओबीसी को एडमीशन मिलेगा ही नहीं। हमने याचिका डाली और हमने सुप्रीम कोर्ट में यह बहस की जो दस प्रतिशत की बात है, यह जब जनरल कैटेगरी के लोएस्ट मार्क्स आ जाएं, उसके नीचे गिनिए और नीचे चलते जाइए, जब तक 27 प्रतिशत पूरा नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने हमारी बात मानी और ऐसा ही हुआ। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** मंत्री जी को बोलने दीजिए।

**श्री कपिल सिब्बल :** कहने का मतलब यह है कि कोई आरोप लगाता है कि आपकी नीयत ठीक नहीं है। मैं इतना कहना चाहूंगा कि इससे कोई फायदा नहीं है। ...(व्यवधान) हम सामाजिक न्याय की बात कर रहे हैं। फिर हमने दिल्ली यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर से बात की। उनको हमने बुलाया और कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि कोई भी ओबीसी लड़का या लड़की हो, उसे एडमीशन न मिले। आप के पास वैकेन्सिज हों और उसको वापस की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होगा। कुछ वैकेन्सिज फिर भी रहीं लेकिन उसका रिजन यह नहीं था कि ओबीसी को ऐडमिशन नहीं मिली। कई बार ओबीसी बच्चा चाहता कि मुझे ऐडमिशन इकोनॉमिक्स, ऑनर्स में मिलना चाहिए। यहां मुझे इकोनॉमिक ऑनर्स में ऐडमिशन नहीं मिलेगा तो मैं कहीं और इकोनॉमिक ऑनर्स कर लूंगा। कोई बच्चा चाहता है कि मुझे इस कॉलेज में ऐडमिशन मिलना चाहिए दूसरे कॉलेज में मैं नहीं जाऊंगा। वैकेन्सिज की पोजिशन रही हैं तो इस वजह से

रही हैं। किसी ओबीसी बच्चे या बच्ची को हमने वापस नहीं किया है। कहने का मतलब है कि हमारा पूरा प्रयास रहता है कि जो वंचित लोग हैं उनको पूरी तरह से शिक्षा का एक मौका मिलना चाहिए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Let the Minister reply, please.

**श्री कपिल सिब्बल :** कहने का मतलब है कि चाहे वह दिल्ली यूनिवर्सिटी हो या कोई सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी हो हमारा प्रयास यही रहेगा कि जो ओबीसीज, एसटीज और एससीज हैं उनको पूरा मौका मिलना चाहिए और उन्हें उच्च स्तर की शिक्षा मिलनी चाहिए। जहां तक उच्च स्तर की शिक्षा का सवाल उठा है और समान्य शिक्षा की बात कही है और गणेश जी ने यह बात रखी है और कई माननीय सदस्यों ने बात कही। सामान्य शिक्षा कैसे होगा? इस देश में जब 22 करोड़ बच्चे स्कूल जाते हैं। जब तक वे बारहवीं पास करेंगे और उच्च विश्व विद्यालय में जाएंगे तो हमें कितने विश्वविद्यालय चाहिए। आज के दिन 22 करोड़ बच्चों के लिए 604 यूनिवर्सिटीज है। 1.7 करोड़ बच्चे यूनिवर्सिटी पहुंचते हैं उनके लिए 604 यूनिवर्सिटीज हैं और 35 हजार कॉलेजेज हैं। यह संख्या बढ़ कर तीस परसेंट जब हमारा जीईआर हो जाएगा तो हमें लगभग आठ नौ सौ और यूनिवर्सिटीज चाहिए और 40-45 हजार कॉलेजेज चाहिए। ये कहां से आएंगे। कौन सी सरकार दे पाएगी? उसके लिए हमारा जीडीपी ग्रोथ 11-12 परसेंट चाहिए और लगातार दस साल के लिए चाहिए। ताकी हमारे पास इतना पैसा हो कि हम शिक्षा की संस्थाएं बनाएं। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Let the Minister reply, please.

**श्री कपिल सिब्बल :** निश्चित रूप से हमें प्राइवेट सेक्टर का साथ लेना होगा। उनको कहना होगा कि आप हमारे साथ भागीदारी करिए चाहे पीपीपी बोर्ड में और आप शिक्षा में इन्वेस्ट कीजिए। अथवा क्या होगा कि बच्चे बारहवीं तो पास करेंगे लेकिन हमसे सवाल पूछेंगे कि विश्वविद्यालय कहां हैं? कॉलेजेज कहां हैं? उसमें भी सहमति करनी पड़ेगी। कॉलेजेज की कमी तो है लेकिन सरकार के पास इतना पैसा नहीं है कि 800 या 900 यूनिवर्सिटीज हम बना दें। सरकार के पास इतना पैसा नहीं है कि 45 हजार कॉलेजेज बना दे जो जरूरत पड़ेगी। कहने का मतलब यह है कि हमें इकट्ठा हो कर विचार करना पड़ेगा। अपने आने वाले बच्चों के लिए उनके सपनों के लिए हमें इकट्ठा बैठ कर क्या करना है? हम जो हायर एजुकेशन में जो संशोधन लाए हैं वह इसी संदर्भ में लाए हैं। Accreditation Authority बिल कल आने वाला है। वह क्लवालिटी की बात करता है। आज कल प्राइवेट संस्थाएं क्या कर रही हैं? वे दो कमरे में यूनिवर्सिटी चलाती हैं। वहां न कोई अध्यापक है न कोई मेज और कुर्सी है। ...(व्यवधान) नेशनल क्रेडिटैशन ऑथरिटी बिल के द्वारा हम उस पर रोक लगाना चाहते हैं और क्वालिटी कम्पलसरी करना चाहते हैं। अक्रेडिटैशन कम्पलसरी करना चाहते हैं लेकिन जब तक आप का साथ नहीं मिलेगा तब तक कैसे होगा? एजुकेशन

मैल-प्रैक्टिसेज बिल किस के लिए ला रहे हैं? ये जो डिस्क्रिमिनैशन हो रहा है उसमें हमने प्रावधान रखा है कि कोई जात-पात के द्वारा डिस्क्रिमिनैशन करेगा वह एजुकेशन मैल-प्रैक्टिस होगी और अक्रेडिटेशन ऑथरिटी के अंतर्गत ऐसा कोई करेगा तो उसकी क्वालिटी के ऊपर आंच आएगी। ये सब प्रावधान रखने हैं। लेकिन आप का सहयोग चाहिए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Let the Minister reply.

**श्री कपिल सिब्बल :** कहने का मतलब यह है कि सरकार के पास इतना पैसा नहीं है कि ...(व्यवधान) हम 800 या 900 यूनिवर्सिटिज बना लें। आपका सहयोग चाहिए। जो परिवर्तन हम लाना चाहते हैं खासतौर से शिक्षा के संबंध में आपके सहयोग के साथ वह पारित होंगे तो वह संशोधन जरूर आएगा। मैं समझता हूं कि संशोधन के साथ हमारे बच्चों का भविष्य भी उज्ज्वल रहेगा। कुछ लोगों ने यह कहा कि अवेलेबल सीट्स और ऐक्चुअल सीट्स का क्या मतलब है? That is quite clear. Under clause 5, we are trying to say that the general seats available before the implementation of the reservation, those general seats must be kept intact based on either availability of seats or actual seats. So, that applies to General Category. Otherwise, as far as the reasons for delay are concerned, I have already explained earlier the reasons for delay, namely, there are some infrastructure issues. I could give you some figures as to how much money has been asked for. We have released all the moneys which have been asked for by the universities. They have not been able to spend those moneys, but as far as the Government is concerned, we have not held back any money. I can give you those figures, but there is no need to do that.

Mr. Chairman, Sir, I am very grateful to the distinguished Members of this House who have participated in this debate and supported us. I pray and commend this Bill to the distinguished Members of this House. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : The question is:

> "That the Bill to amend the Central Educational Institutions (Reservation in Admission) Act, 2006, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: The House shall now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clauses 2 to 6 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clauses 2 to 6 were added to the Bill.*

*Clause 1, the Enacting Formula and the Long Title were added to the Bill.*

SHRI KAPIL SIBAL: I beg to move:

"That the Bill be passed."

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill be passed."

*The motion was adopted.*

---

**16.47 hrs**

## MOTOR VEHICLES (AMENDMENT) BILL, 2012

THE MINISTER OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS (DR. C.P. JOSHI): Mr. Chairman, Sir, I beg to move:

> "That the Bill further to amend the Motor Vehicles Act, 1988, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

सभापति महोदय, हमने राज्य सभा में 15 मई, 2007 को मोटर व्हीकल्स एक्ट इंट्रोड्यूस किया। राज्य सभा ने उसे स्टैंडिंग कमेटी को रैफर किया। स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी रिपोर्ट 28 अप्रैल, 2008 को दी। स्टैंडिंग कमेटी की कुल 29 रिकमैंडेशन्स थीं। उनमें से जो रिकमैंडेशन हमारे मंत्रालय से संबंधित थीं, उन सबको हमने इनकॉरपोरेट किया। There were six recommendations जो हमारे मंत्रालय के अलावा दूसरे मंत्रालयों से संबंधित थीं, उन्हें हम इनकॉरपोरेट नहीं कर पाए। उन मंत्रालयों से हम इस संबंध में चर्चा कर रहे हैं।

सभापति महोदय, हम जो बिल लेकर आए हैं, उसमें मोटे तौर पर जो प्रोविजन्स हैं, वे हैं -

1. To enhance penalties, wherever considered necessary, for violation of provisions of the Motor Vehicles Act, 1988 with a view to ensure road safety and discipline;
2. To provide for civil penalty in addition to the existing criminal liability. The amount realised by way of civil penalty shall be credited to the Solatium Fund which is to be used for the accident victims;
3. To confer more powers to States and Union Territories;
4. To make regional transport authorities more responsive in discharge of their duties and responsibilities;
5. To remove anomalies and rationalise provisions for emerging new needs and requirements;
6. To provide for a rationale and streamlining of provisions dealing with payment of appropriate compensation to road accident victims; and
7. To provide for settling of the claims directly by the insurer with a view to reduce the hardships of the accident victims and accelerate disposal of cases relating to compensation claims.

मैं माननीय सदस्यों को अवगत कराना चाहता हूं कि यह बात सही है कि हमने वर्ष 2007 में इस बिल को मूव किया। इस बिल को मूव करने में स्टैंडिंग कमेटी की रिकमैंडेशन के बाद आज हम इसे वर्ष 2012 में ला रहे हैं। इसमें डिले हुआ, इसे मैं माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूं। जब वर्ष 2007 में बिल इंट्रोड्यूस किया गया, उस समय सुंदर कमेटी की रिकमैंडेशन पर सेफ्टी के कारण दूसरा बिल मूव किया था। स्टैंडिंग कमेटी ने यह निर्णय किया कि जो बिल रैफर किया गया है, पहले उसे पास करें, उसके बाद दूसरा बिल लेकर आएं। यह जानते हुए कि इस बिल में आपकी आकांक्षाएं और अपेक्षाओं को इनकॉरपोरेट करने का स्थान है, हम भरोसा दिलाना चाहते हैं कि अभी केवल मात्र राज्य सभा की स्टैंडिंग कमेटी की रिकमैंडेशन के आधार पर राज्य सभा ने जो पास किया, उसे हम यहां लेकर आए हैं। लेकिन बहुत जल्द ही सुन्दर कमेटी, जो वर्ष 2009 में एप्वाइंट की गयी, उसकी रिकमैंडेशन हमें मिल गयी है। चूंकि यह सब्जैक्ट कंक्रीट लिस्ट में है, इसलिए स्टेट्स की भी हमें इस बारे में राय लेनी है। स्टेट्स की राय आने के बाद हम एक कम्प्रीहैन्सिव बिल लायेंगे। कम्प्रीहैन्सिव बिल में हम वे सब चीजें एड्रैस कर पायेंगे, जिनके संबंध में हमें स्टेक होल्डर्स ने सजेशन्स दिये हैं, चाहे वह अलग-अलग स्टेट्स के मंत्री हों, चाहे मैनुफैक्चरल में एसोसियेशन के लोग हों, दूसरे स्टेक होल्डर्स या एनजीओज हों। उन सबने हमें सजेस्ट किया कि एक कम्प्रीहैन्सिव बिल की आवश्यकता है। मैं भी यह महसूस करता हूं कि एक कम्प्रीहैन्सिव बिल की आवश्यकता है। आज हमारे देश में काफी एक्सीडैंट्स हो रहे हैं। लोगों को इस बारे में चिंता है कि कैसे हम रोड एक्सीडैंट के बारे में ज्यादा अच्छी तरह से मेजर्स लें, जिससे रोड एक्सीडैंट कम हों। यह आवश्यक है कि जिस तरह से एक्सीडैंट्स की फिगर्स आ रही हैं, उसमें नैशनल हाईवे की रोड एक तरफ है, स्टेट की रोड एक तरफ है और गांव की रोड एक तरफ है। जो फिगर ऐवेलेबल है, वह यह इंडीकेट कर रही है कि गांव की रोड में एक्सीडैंट्स ज्यादा हो रहे हैं, बनिस्पत एनएचएआई की रोड में कम एक्सीडैंट्स हो रहे हैं। इसलिए स्टेट गवर्नमैंट को, पंचायत में जो पीएमजीएसवाई के तहत रोड बन रही है, उन रोड्स के अंदर हम एलाइनमैंट फिक्स नहीं करते। पीएमजीएसवाई की सड़क पर हम कम्पैनसेशन नहीं देते हैं और जो एग्जिस्टिंग एलाइनमैंट है, उसी पर सड़क बना रहे हैं। जिस तरह से आटोमोबाइल में क्रांति आ रही है, उससे ज्यादा एक्सीडैंट्स हो रहे हैं। इन सब चीजों की चिंता करते हुए मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि जब हम कम्प्रीहैन्सिव बिल लायेंगे, माननीय सदस्य जैसे सजेशन्स देंगे, उनको भी हम इनकारपोरेट करेंगे और सुन्दर कमेटी की रिकमैंडेशन के आधार पर अलग-अलग स्टेट्स जो हमें रिकमैंडेशन दे रही है, उन सबको इनकारपोरेट करके एक कम्प्रीहैन्सिव बिल लायेंगे, यह मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं।

आज हम जो बिल लेकर आये हैं, यह बिल्कुल कनफाइन्ड है। राज्य सभा की जो स्टैंडिंग कमेटी है जिसमें हमने बिल इंट्रोड्यूस किया है, उसकी जो रिकमैंडेशन्स है, उनको इनकारपोरेट करके हम यह बिल लेकर आये हैं।

सभापति महोदय, मैं सदन से निवेदन करना चाहता हूं कि इस बिल को कंसीडर किया जाये।

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

> "That the Bill further to amend the Motor Vehicles Act, 1988, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** सभापति महोदय, आपने मुझे मोटर व्हीकल अमेंडमैंट बिल, 2012 पर बोलने का अवसर दिया। मैं माननीय मंत्री जी के राज्य राजस्थान से ही आता हूं। मंत्री जी अभी बता रहे थे कि इस बिल को लाने में हमें पांच साल लगे। वर्ष 2007 में बिल आना चाहिए था और आते-आते भी पांच साल लग गये और वर्ष 2012 में हम यह बिल ला रहे हैं, फिर भी यह बिल कम्प्रीहैन्सिव नहीं है। यह मंत्री जी अभी स्वीकार कर रहे थे। मैं अभी बैठा हुआ सुन्दर कमेटी की रिपोर्ट ही पढ़ रहा था। सुन्दर कमेटी की रिपोर्ट की चर्चा मैं अभी नहीं करूंगा, क्योंकि मंत्री जी खुद ही ऐक्सैप्ट कर रहे हैं कि उस कमेटी की बहुत सी ऐसी रिकमैंडेशन्स हैं, जो इस बिल में नहीं हैं। अब इस बिल में जो आया है, उस संबंध में चर्चा करने से पहले मैं आपको बताना चाहता हूं कि बिल के माध्यम से इन्होंने पैनल्टीज बढ़ायी हैं। अगर कोई भी व्यक्ति ट्रैफिक रुल्स का वायलेशन करेगा, जिसमें ड्राइवर भी हो सकता है, मोटर मालिक भी हो सकता है, जो माल बेच रहा है, कंसाइनर भी हो सकता है। कोई भी रुल्स का वायलेशन करेगा, तो इसमें इन्होंने पैनल्टीज बढ़ायी हैं। दूसरा, स्टेट गवर्नमैंट को इन्होंने रेगुलेशन बनाने के लिए इम्पावर किया है कि कांट्रेक्ट कैरियर के बारे में बता दीजिए। इन्होंने टैस्टिंग स्टेशन बनाने की बात कही है। एक इन्होंने आटोमोबाइल एसोसियेशन्स को लाइसेंस देने के लिए ऑथोराइज किया है, जैसे आरटीओज जिलों में लाइसेंस देते हैं, वैसे ही इन्होंने आटोमोबाइल एसोसियेशन को भी ऑथोराइज किया है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि रोड पर मोटर गाड़ी यानी वाहन होता है, एक उसको चलाने वाला ड्राइवर होता है। उसके साथ तीन-चार आदमी होते हैं, जिसमें खलासी या टेक्नीकल, नॉन टेक्नीकल, स्किल्ड और अनस्किल्ड कुछ आदमी कह सकते हैं। फिर जब एक्सीडैंट होता है, तो पैसेंजर के सम्पर्क में वह वाहन आता है। माननीय मंत्री जी ने एक्सीडैंट के कारणों का जवाब देते हुए बताया था कि प्रतिदिन मोटर वाहनों की बढ़ती संख्या, उनकी बढ़ती स्पीड, अकुशल वाहन चालकों द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते हुए मोबाइल पर बात करते रहना, शराब पीकर वाहन चलाना, यातायात मार्ग-निर्देशों की कमी, गलत तरीके से ओवरटेकिंग किये जाने के कारण, पैदल यात्रियों की गलतियों के कारण, वाहन चालक की लापरवाही आदि ऐसे कुछ प्रमुख कारण मेरे ही एक क्वेश्चन के जवाब में माननीय मंत्री जी ने कही है। ये सारी चीजें इसमें एड्रेस नहीं की गयी हैं। इसका मतलब है कि मंत्रालय को पता है कि इसमें ये कमियां हैं जिनके कारण एक्सीडेंट्स बढ़ रहे हैं। माननीय मंत्री जी ने कहा है कि वर्ष 2007 में डेथ का आंकड़ा 1,14,444 था, वह वर्ष 2009 में बढ़कर 1,25,660 हो गया। यह 2009 का आंकड़ा है, हम 2012 में बैठे हैं। इसलिए आप जवाब देते समय यह जरूर बताइए कि 2012 में यह आंकड़ा कहां तक गया और इसमें मास कैजुअल्टी के कितने केसेज हुए? मैं प्रतिदिन देखता हूं कि

मास कैजुअल्टी के बहुत से केसेज होते हैं, 10 आदमी मर गए, 15 मर गए, यह आम बात हो गयी है। रोड पर वाहन के सम्पर्क में आते हैं ड्राइवर, पैसेंजर और उनके साथ ही कुछ जानवर जैसे नीलगाय, ऊंट, हिरण आदि। सुंदर कमेटी की रिपोर्ट की बात मंत्री जी ने की। मोर्थ की रिपोर्ट भी इन्होंने ही बनाई थी और इन्हीं के विभाग की थी, मिनिस्ट्री ऑफ रोड्स ट्रांसपोर्ट एंड हाइवेज। इन्होंने खुद माना है कि शराब पीकर वाहन चलाने से भी एक्सीडेंट होता है। यह जो बिल लाए हैं, उसमें इसकी मात्रा दी गयी है। मेरी समझ में नहीं आता है कि इसमें कहा गया है कि 60 से 120 मिलीग्राम पिएंगे, वह कितने पैग का होता है, मुझे पता नहीं है। मेरे ख्याल से किसी आदमी को एक पैग में ही नशा आ जाता है और किसी को चार पैग पीने पर भी नशा नहीं आता है।...(व्यवधान) मैं शराब पीता नहीं हूं और सतपाल जी महराज बैठे हैं, ये भी शायद शराब नहीं पीते हैं, लेकिन यह मात्रा कहां से आई?...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** नहीं पीते हैं।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल :** मुझे सीखना नहीं है। मुझे इसका अनुभव नहीं है कि एक पैग पीने से नशा आता है या चार पैग पीने से आता है। इन्होंने इसमें 60 से 120 मिलीग्राम मात्रा लिखी है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर कोई शराब पिया हुआ है, तो उसने शराब पी हुई है, इसमें मात्रा की बात कहां से आती है। अगर उसने एक पैग पिया है, तो भी दण्डित होगा और अगर चार पैग पिया है, तो भी दण्डित होगा।...(व्यवधान) इसमें से मात्रा वाली बात हटा दीजिए। अगर कोई शराब पीकर वाहन चलाता है, तो दण्डित किया जाएगा, यह बात इसमें क्लियर कीजिए। यह बात टेस्ट में आ जाएगी कि उसने शराब पी है, लेकिन अब वह बच जाएगा। अगर उसे 60 मिलीग्राम से कम पी होगी, तो आपके इस एक्ट में वह बच जाएगा। एक्सीडेंट भी कर लेगा और बच भी जाएगा।...(व्यवधान) वह खुद ही कह देगा कि मैंने थोड़ी सी पी है।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** समाप्त कीजिए। आपको बोलते हुए सात मिनट हो गए हैं, और भी वक्ता बोलने वाले हैं।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल :** इंडियन फाउण्डेशन ऑफ ट्रांसपोर्ट रिसर्च एंड ट्रेनिंग ने कॉमन कैरियर एकाउण्टेबल फॉर ओवरलोडिंग के बारे में चर्चा की। इन्होंने उन सिफारिशों को भी इसमें पूरी तरह से लागू नहीं किया है। ओवरलोडिंग को जज करने के बारे में आप नेशनल रोड सेफ्टी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट बोर्ड में भी गए। मेरा एक सुझाव है कि क्या हम इसमें इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी का यूज नहीं कर सकते। हमारे यहां टोल टैक्स है, यदि एक पब्लिक कैरियर, जो अगर बीकानेर से दिल्ली तक आएगा, उसको दस टोल टैक्स के माध्यम से गुजरना पड़ेगा। हमें भी गुजरना पड़ता है, आम आदमी को भी गुजरना पड़ता है। क्या हम इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी का यूज करके एक जगह उसकी रसीद कट जाए दस आदमियों की दिल्ली तक ठेका टोल टैक्स का हो, तो वे उस रसीद का पैसा आपस में बांट लें। ऐसी व्यवस्था हम इनफार्मेशन

टेक्नोलॉजी के माध्यम से क्यों नहीं कर सकते हैं? विदेशों में ऐसा है। हम विदेशों से देखकर कुछ सीखने का प्रयास क्यों नहीं करते हैं? हम वहां से भी कुछ सीख सकते है।

**17.00 hrs.**

मैं यह बताना चाहता हूं कि जब हम सिंगापुर जाते हैं तो वहां देखते हैं कि टोल टैक्स पर ही वजन हो जाता है, हमारे यहां लोड के लिए ट्रक को कांटे पर ले जाना होता है। अगर हम भी टोल टैक्स पर वजन तौलने की मशीन लगा दें तो उससे यह होगा कि वजन भी वहीं हो जाएगा और टोल टैक्स भी एक ही जगह रसीद काटकर बाकी जगह उसे डिस्ट्रिब्यूट करने का सिस्टम लागू हो जाए, तो इससे ट्रकों के आने-जाने के समय में और डीजल में भी काफी बचत होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने एक निर्णय दिया है, उसको भी शायद मंत्री जी ने ध्यान में नहीं रखा। सुप्रीम कोर्ट ने दलबीर सिंह बनाम स्टेट आफ हरियाणा के मामले में कहा कि तीन चीजों पर ध्यान रखिए। पहली चीज इंफोर्समेंट है, लोग ड्राइव करते हुए मोबाइल का यूज़ करते हैं, बात करते हैं, शराब पीकर वाहन चलाते हैं। ये कहते हैं कि राज्य सरकार इंफोर्स करेगी। कैसे इंफोर्समेंट होगा, यह सुप्रीम कोर्ट कह रहा है। इसलिए पहले तो इंफोर्समेंट करें। दूसरी चीज है गुड इंजीनियरिंग करें। ड्राइवरों की ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाए। आज आईआईटी और पोलोटेक्निक में ड्राइवर ट्रेनिंग में ट्रेड नहीं है। वहां पर ट्रेड घोषित करें और तीसरी ड्राइवर्स को एजुकेशन दीजिए, जनता को जागरूक करें। इसलिए ये जो तीन चीजें सुप्रीम कोर्ट ने कही हैं इन्हें भी आप साथ ले सकते हैं।

वाहन खराब होने पर रोड पर खड़ा रहता है। सामान्यतः जो एक्सीडेंट्स होते हैं, रोड पर ट्रैक्टर चलता है, जुगाड़ चलता है, उनकी बैक लाइट नहीं होती है। यह इंफोर्समेंट मंत्रालय कम से कम हाइवे पर तो कर सकता है। यह राज्य सरकार पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। ये चीजें सबसे बड़ा कारण एक्सीडेंट का बनती हैं। इसमें चाहें तो आप एनजीओज़ का भी साथ ले सकते हैं।

आपने ड्राइवर्स के लिए आठवीं पास की शर्त रख दी। ड्राइवर तो टेक्नीकल है, उसके लिए आठवीं पास क्यों किया। टैक्सी चलाने वाले के लिए भी आठवी पास जरूरी कर दिया, जबकि इसमें तो पांचवी पास भी कर सकते थे। इस संशोधन में तो सुंदर कमेटी कहीं आड़े नहीं आ रही थी?

मैं एक अन्य बात कहना चाहता हूं। सांसदों के लिए लाल बत्ती का मुद्दा है। यह मुद्दा कमेटी में भी गया, उसने एप्रूव करके इनके मंत्रालय को भेज दिया। अब मेरी समझ में यह नहीं आता कि संसद की कमेटी ने जब एप्रूव करके इनके यहां भेज दिया तो फिर ये किस चीज की जांच कर रहे हैं। इसे तो आप लागू कर सकते हैं। इसे लागू करने में क्या दिक्कत आ रही है? अगर आपको लगता है कि दिल्ली में लागू नहीं कर सकते तो दिल्ली के वीआईपी एरिया छोड़ दें।...(व्यवधान)

**श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर, उ.प्र.):** हालांकि समय लगाया, लेकिन मंत्री जी मान गए हैं।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आपको जब मौका मिलेगा, तब आप अपनी बात कहें। अभी आप बैठ जाएं।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल :** जिले में एडीएम भी लाल बत्ती लगा कर घूम रहा है और भी छोटे-मोटे अधिकारी लगाकर घूम रहे हैं और हम सांसद जो 18 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, अगर वह लाल बत्ती लगाकर घूमेगा तो इन्हें क्यों आपत्ति हो रही है, यह मेरी समझ में नहीं आता। हमें संसद में आना पड़ता है और अगर टोल टैक्स आए तो हमें बिना लाल बत्ती के लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। कमेटी ने भी रिकमंड कर दिया है इसलिए आप भी इसे मंजूरी दें।

**17.04 hrs.**

(Shri Francisco Cosme Sardinha *in the Chair*)

आपने बाइक की बात कही है और 50 सीसी की कंडिशन लगाई है। इसके अलावा 16 साल की उम्र होनी चाहिए और पैरेंट की अनुमति की कंडिशन भी है। मेरा यह कहना है कि इसमें 50 सीसी बाइक की कंडिशन हटा देनी चाहिए, क्योंकि आजकल के लड़के 50 सीसी वाली बाइक न के बराबर ही खरीदते हैं। अपनी कोचिंग के लिए या कालेज में जाने के लिए सब बच्चे 50 सीसी के ऊपर वाली बाइक ही खरीदते हैं इसलिए इस कंडिशन को संशोधन लाकर हटा देना चाहिए। इसके अलावा पेरेंट की कंडिशन को आप रखना चाहें तो रख सकते हैं और हटा भी सकते हैं। वर्तमान में आपने लाइट मोटर व्हीकल चलाने के लिए 18 साल की उम्र पर लाइसेंस देते हैं, ठीक है। ट्रांसपोर्ट व्हीकल में आप 20 साल में लाइसेंस देते हैं। एक शर्त आपने लगा रखी है कि लाइट मोटर व्हीकल 18 साल में लेने के बाद, एक साल बाद वह ट्रांसपोर्ट व्हीकल की एप्लीकेशन दे सकता है लेकिन ट्रांसपोर्ट व्हीकल के लिए आपने 20 साल का समय कर रखा है, उसे तो 19 साल कर दीजिए। इन छोटी-छोटी खामियों को दूर करके आप मोटर व्हीकल एक्ट को सही कर सकते हैं।

अभी मोटर व्हीकल एक्ट के जो मामले होते हैं जैसे एक्सीडेंट होते हैं जिनमें 5 या 10 आदमी मर गये या मास कैजुएलिटी हो गयी। अस्पताल में डिजास्टर मैनेजमेंट ठीक नहीं है, अगर कोई बीपीएल है, तो उसे कुछ पैसा मिल जाता है, अगर एपीएल फैमिली का आदमी मर गया, उसमें कोई परिवार का छोटा बच्चा जिंदा रह गया, विधवा रह गयी, तो वह परिवार का पालन कैसे करेंगे? इस तरह के मास-कैजुएलिटी

के केस में एपीएल और बीपीएल का फर्क नहीं होना चाहिए। जब उसके परिवार में कोई बचा ही नहीं है तो वह तो बीपीएल से भी ज्यादा खराब हालत में हो गया।

बीपीएल के लिए आपने बीमा कवर दिया है लेकिन यह बीमा कवर भी ठीक नहीं दिया है। उसमें आपने ड्राइवर को प्रूफ-शर्त के साथ दे दिया है, जिसका हम विरोध कर रहे हैं और हमारे दूसरे साथी भी इस तरह के बीमा कवर का विरोध करेंगे।

आप एक ट्रिब्यूनल का मामला लाए हैं लेकिन वर्तमान में जो मोटर एक्ट फॉर्मूला है जो जजों के पास चल रहा है, उसमें पूछते हैं कि उसकी उम्र क्या है, कितना कमाता था, जिंदा रहता तो कितना कमाता, उसकी लाइबिलिटी कितनी है? इस फॉर्मूले के आधार पर ही जज केस तय करते हैं। मेरा यह मानना है कि जो ट्रिब्यूनल आपका आ रहा है उसमें ये फॉर्मूले रहेंगे, इसलिए इसे थोड़ा तर्कसंगत बनाइये। उसे जो कम्प्नसेशन मिलना चाहिए वह 6 महीने में मिलना चाहिए, लेकिन आपने इसमें 2 साल का प्रावधान रखा है। यह दो साल का प्रावधान ठीक नहीं है। उसे 6 महीने में ही कम्प्नसेशन मिलना चाहिये, तभी उसे इसका लाभ होगा।

हिट एंड रन के बारे में भी आपने इसमें प्रावधान किया है। अगर अज्ञात वाहन किसी को चोट पहुंचा गया और उसमें आदमी मर गये तो आप नये संशोधन में कह रहे हैं कि डेथ पर 50 हजार और घायल होने पर 25 हजार देंगे। एक आदमी वैसे मर गया, उसे आप 1 लाख देंगे, अज्ञात वाहन से मर गया, उसे आप 50 हजार देंगे, यह क्या तरीका है? इंसान तो वह भी है जो अज्ञात वाहन से मरा है। इस तरह की कुछ विसंगतियां हैं जिनको आप ठीक कीजिए। आपके संशोधन का हम समर्थन और स्वागत करते हैं, साथ ही हम माननीय मंत्री जी से मांग करते हैं कि कंप्रीहैंसिव बिल बहुत जल्दी लेकर आएं, हम उसका भी स्वागत करेंगे तथा व्हीकल पर रेड-लाइट वाला इश्यू जो हमारा पेंडिंग है, उसका भी आप शीघ्र निर्णय करेंगे।

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, I rise to support the Motor Vehicles (Amendment) Bill, 2012 as has been piloted by our hon. Minister Shri Joshi ji. He has also promised to bring a comprehensive legislation in view of the magnitude and importance of this Motor Vehicles Act.

In the wake of liberalization, privatization and globalization, it appears that we are being overwhelmed by motorization because the number of vehicles has been increasing by leaps and bounds in pursuance of the growth of our economy. In the year 1951, the total number of vehicles in our country was 1.5 millions. In the year 2010, it had gone up to 102 million. I do not know what the actual figure is right now. But it has been observed that the registration has increased to the tune of ten to twelve per cent year. So, naturally we are witnessing a phenomenal growth in the transport sector. The Government has been investing huge sums of money in infrastructure sector which includes aviation, water ways. Railways, shipping and road transport. Road transport is an essential ingredient of infrastructure and it further propels economic growth, socioeconomic development, and cultural prosperity.

The fact that every year we are losing nearly 1,50,000 of our citizens to road accidents in the country, is really shocking. The number of road fatalities has already assumed an alarming proportion much to the consternation of all of us. So, we need to put a check on the ever-increasing number of road fatalities in our country.

If you calculate the social cost of road fatalities, you may safely conclude that annually we are losing about 20 billion rupees because of road fatalities. The World Health Organisation has stated that 50 per cent of malnourished children of our country will be saved from their plight, if we are able to restrain the road fatalities cascading into a severe financial loss. I think the Government would take special care to restrain the road fatalities in our country.

The first Indian Motor Vehicles Act was passed in the year 1914 with only 18 sections. In the year 1939, the Motor Vehicles Act was enacted with the

recommendations of the Indian Railways Enquiry Committee headed by Wadge Wood. Now we learn that the Sundar Committee has made further recommendations which the Ministry has got and we are waiting for the implementation of the salient features of the recommendations.

There are a number of salient features which are included in this Bill. First of all, I must appreciate that in this amendment more power has been delegated to the State Government. The hon. Minister has rightly pointed out that road transport is a subject in the Concurrent List. So, the Union Government, State Governments, Districts, Panchayats, all have to be involved in maintaining the road sector in our country.

We have been observing that on a number of occasions the judiciary has been directing or instructing the Government so as to reduce pollution, so as to reduce road fatalities. I think we should take serious note of it. In view of the rapid growth of our economy, the number of vehicles will be growing which would cause congestion and pollution. Out of the total vehicles in our country, one-third has already surpassed ten years of age, and one-fifth has already surpassed 15 years of age. That means, they lead to higher emission, lower fuel efficiency and insufficient safety parameters. So, the Government should take concrete measure to determine the age of the vehicles. The performance of the vehicle depends largely on the age of the vehicles.

In the Automotive Mission Plan 2006-2016, the industry has demanded retirement of old vehicles of more than 15 years, along with a scarp policy. I would like to be enlightened by the hon. Minister as to the present thinking of this Government, of the plan and policy cited.

Most of the nagging problem in this area is the third party insurance and compensation to the victims of road accidents. It is reported that around 1.4 million cases, relating to motor accident claims have piled up in the Motor Accident Claim Tribunals and Courts. Right now, I do not know the exact number. Instances have also come to notice where more than one claim has been filed

under different Sections of the Act. Here, the Government has provided a very salient measure which state that under Section 163 (c) where a person is entitled to claim compensation under Section 163 (a) and Section 163 (b), shall claim relief under only one of the said Sections, and the option once exercised shall be final. Earlier, under the structured compensation formula, there were two options – no-fault principle or fault-principle; it was causing delay in payment of compensation to the victims and adversely affecting the insurance companies who were therefore reluctant to provide such insurance policies.

A number of provisions have been included for rationalization relating to payment of interest, filing of combined claims in case of multiple dependents, simplification and revision of structured compensation formula and the most important area is Solatium Scheme. It is a very innovative idea; this scheme has been constituted through this enactment, whereby the Solatium Fund shall be utilized for paying compensation in accordance with the provisions of this Act, and compensation in respect of the dead or of grievous hurt to person resulting from hit and run motor accidents.

There was a serious confusion insofar the hit and run motor accidents were concerned. Now it has become simplified. The Insurance Regulatory and Development Authority or any other agency specified by the Central Government shall manage the Solatium Fund. The insurance companies shall make such contribution to the Fund as the Central Government may, from time to time, by order, specify.

> "…Subject to the provision of this Act and the Scheme there shall be paid as compensation out of the solatium fund. In respect of the death of any person resulting from a hit and run motor accident, a fixed sum of Rs.1 lakh; in respect of grievous hurt to any person resulting from a hit and run motor accident a fixed sum of Rs.50,000…"

Sir, here I would like to say that in view of the inflation that we are experiencing in our economy as also in view of the rise in the cost of living in our country we should take a re-look into the amount of compensation and I would propose to increase it in tune with the present market position.

According to the Sundar Committee Report, it has been prescribed that the Government should establish a mechanism to update the staff of the driver training schools, add infrastructure and make rules for the periodic and surprise audit of the schools, both by the national level and the State level auditors. When the Government is delegating powers to the State Governments, the States also are outsourcing the private organisations for getting test certificates. We are nowadays witnessing mushrooming of the private organisations in our country. We should take a serious view as to whether these institutions are well-equipped and have adequate infrastructure for discharging this kind of responsibility.

Sundar Committee has also recommended for setting up of an independent Regulatory Authority at the national level to promote the orderly growth of public transport, rationalisation of the tax structure and to evolve consensus among States for fixing a floor rate of tax.

Last but not the least, each one of us experiences the fatigue. Fatigue is evident everywhere; for mechanical instrument it is called the mechanical fatigue and for human being it is called human fatigue. A driver also undergoes some sort of human fatigue while driving the vehicle. We should think and ascertain as to how many hours a driver can drive a vehicle. I would propose that not more than 12 hours a driver should be allowed to drive a vehicle because fatigue of a driver is also one of the major causes of the road fatalities in our country. With these words, I support the Bill.

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे मोटर यान (संशोधन) विधेयक, 2012 पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। अभी जब माननीय मंत्री जी ने इस बिल को सदन में प्रस्तुत किया तो मैं सुन रहा था, उन्होंने अपने आपमें कहा कि अभी एक तरीके से यह जो विधेयक संशोधन के रूप में वह लाये हैं, उसमें कुछ कमियां और खामियां हैं। जैसे इसी सदन में अभी कुछ सम्मानित सदस्यों ने इस बात की चर्चा की कि सुंदर समिति की रिपोर्ट भी अभी नहीं आ पाई है और मंत्री जी अभी उसे देख रहे थे। मेंरे ख्याल से सुंदर समिति की रिपोर्ट पर अगर गहन चर्चा हो जाती, उसका अध्ययन कर लेते और उसके बाद यह बिल आता तो बहुत अच्छा होता।

दूसरी बात यह है कि अब चूंकि आपकी मजबूरी है, यह राज्य सभा से पास होकर आया है तो लोक सभा में पास करना बहुत जरूरी है। मुझे ऐसा लगता है कि आप बहुत जल्दी इसमें फिर से संशोधन लेकर आओगे, क्योंकि आप 1988 के संशोधन करने वाले विधेयक को लेकर आए हैं। सभापति महोदय, आज अगर आंकड़े देखे जाएं तो प्रति वर्ष करीब 70 हजार लोग मरते हैं, जिनमें ज्यादातर गरीब लोग होते हैं, जिनके पास कोई सवारी नहीं होती है। जो हल्की-फुल्की सवारियों से या हल्के-फुल्के वाहनों से चलते हैं। भारी ट्रकों या हैवी व्हिकल्स से टक्कर लगती है तो उसमें बहुत कमज़ोर वर्ग के गरीब लोग मरते हैं। अभी मेरे क्षेत्र में ऐसा हुआ। पांच लोग भट्टे से काम कर के आ रहे थे। सभी की उम्र 20 से 19, 20 और 21 साल के बीच की थी। पांच लड़के भट्टे से काम कर के आ रहे थे, सड़क के किनारे जा रहे थे। पता नहीं कैसे बवंडर आया। एक स्विफ्ट गाड़ी थी, छोटी कार आ रही थी, उसने उन्हें टक्कर मारी। वे बिल्कुल कहां उछल गए, कहां गिरे कुछ पता नहीं। चार तो दर पर मर गए और एक घायल हो गया। चारों के घर में जा कर देखा, जीते जी छप्पर यानि फूंस की झोपड़ी उनके पास थी। मेरे पास जो भी था मैंने दो-दो हजार रूपये उनकी मिट्टी करने के लिए दिए। ये स्थिति है और आंकड़े बताते हैं कि कितने ज्यादा एक्सीडेंट हो रहे हैं। आपने अभी इसी एक्ट में बताया है। ज्यादातर देखा गया है कि कुछ जगह, जो घर का मुखिया है, कमाने वाला वही डेथ कर जाता है। ऐसी स्थिति में तो उस परिवार पर तो एक बहुत बड़ा वज्रपात हो जाता है। उसका जीवन नहीं चल पाता है। वह बच्चों की पढ़ाई-लिखाई खाना-पीना और अपना जीवन-यापन कैसे कर सके। इसमें आपको प्रावधान लाना चाहिए। आपने मृत्यु पर यह कहा कि हमने सहायता के तौर पर दी जाने वाली धनराशि को चार गुना बढ़ा दिया है। 24 हजार से आपने एक लाख कर दिया। इस एक्ट में आपने ज्यादातर दुघर्टनाओं के बारे में क्लेरिफाई किया है कि मोबाइल से बात करते वक्त दुर्घटनाएं होती हैं। जो हैलमेट नहीं लगाते हैं, उन्हें हैड इंज्यूरी हो जाती है। ज्यादा स्पीड और रेड-लाइट जंप करने पर, रेड लाइट को क्रास करने पर आपने तमाम जुर्माने लगाए हैं।

अभी अर्जुन मेघवाल जी कह रहे थे कि सौ एमएल रक्त में अगर 30 एमजी अल्कोहल आता है, अब इसको नापने की क्या बात है। 30 से 60 एमजी वालों पर दो हजार और 30 एमएल है। शराब तो शराब होती है। अगर एक बूंद भी पी है, कुछ भी पी है। कोई आदमी एक कुल्कहड़ नहीं पीता है, वह पीता है तो अपनी भरपूर डोज़ लेता है। मैं एक बात कहना चाहूंगा। अभी सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि गाड़ियों में काला शीशा लगाने वालों पर चालान होगा। मैं तो कहूंगा कि सबसे पहले मंत्री लोग जो गाड़ियों पर काला शीशा लगा कर चलते हैं, उनके काले शीशे उतारें। जो अधिकारी नीली बत्ती लगा कर चलते हैं, उनके काले शीशे पहले उतरने चाहिए, तब लोगों के काले शीशे आप उतारिए। यह पक्षपात नहीं चलेगा कि कुछ लोगों को छूट है और कुछ लोगों को नहीं है। दूसरी, बात यह है कि आज थर्ड पार्टी बीमा, जो दावे होते हैं एक्सीडेंट के बाद, 14 लाख ऐसे मामले पेण्डिंग पड़े हुए हैं, जिनका अभी तक निबटारा नहीं हो पाया है। इस सदन में प्रमुखता से एक बात उठी है कि मेरे ख्याल से माननीय मंत्री जी भी मान गए। एक माननीय मंत्री जी चिदम्बरम साहब नहीं मान रहे हैं। काउंसलर और स्टेट के एमएलए लोग लाल बत्ती लगा कर चलते हैं तो मेंबर ऑफ पार्लियामेंट, जिसकी बहुत बड़ी कंस्टीट्यूएंसी होती है, उन्हें दो-दो, तीन-तीन, चार-चार जिलों में जाना पड़ता है। सेफ्टी पॉइंट ऑफ व्यू से उन्हें कम से कम लाल बत्ती लगाने या सॉयरन बजाने की अनुमति मिलनी चाहिए। कोई शौकिया नहीं कि हर समय वह पौं-पौं-पौं कर के सॉयरन बजाए या हर समय लाल बत्ती जलाए। विशेष परिस्थितियों में आप उसे अलाउ करें।

हाईवे की स्थिति यह है कि आपने फ्रीक्वीएंसी तय की है कि इतनी स्पीड की गाड़ी जाएगी और इतनी देर में पहुंचेगी। आज हाइवे की स्थिति यह है कि सुरक्षा और मानक के अनुसार आप इसे देखें, हाइवे पर, उन जगहों में जबरदस्त एन्क्रोचमेंट है, जहां आपकी सड़कें फोर लाइन की हैं। आपने मोबाइल मेडिकल वैन की व्यवस्था की है। मैं चाहूंगा उसमें ब्लड ग्रुप की व्यवस्था होनी चाहिए। अगर इमिजिएट एक्सीडेंट होता है तो रक्त का इतना ज्यादा स्त्राव होता है कि आदमी मर जाता है। आप मेडिकल मोबाइल वैन में ब्लड ग्रुप भी रखिए कि जरूरतमंद को तत्काल ब्लड चढ़ना शुरू हो जाए। उसे फर्स्ट-एड मिले। ये सब व्यवस्थाएं आपको करनी पड़ेंगी। बहुत जगह आपने अभी तक टोल-टैक्स चालू नहीं किया है। टोल-टैक्स चालू होने से यह होता है कि आदमी रूकता है। उसकी स्पीड कम होती है। जहां-जहां भी इस प्रकार के हाइवे हैं। वहां आप टोल-टैक्स की व्यवस्था तत्काल काराएं।

मैं मुख्य बात कहकर अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा कि दावे के अनुसार कम्पेन्सेशन मिलेगा, अगर एक लाख या उससे ज्यादा इनकम वाला है तो आपने फिक्स कर दिया है कि केवल दस लाख कम्पेन्सेशन मिलेगा, यह एक तरीके से गलत है। इसमें नहीं करना चाहिए, इसमें तो यह है कि कई तरीके के आदमी होते हैं, जैसा मैंने पहले भी कहा कि घर का मुखिया मर जाता है, कमाने वाला मेन व्यक्ति मर

जाता है, यही पैसा अगर उनके बच्चों को मिल जाये तो मेरे ख्याल से उनका जीवन-यापन हो सकता है। मैं ज्यादा कुछ न कहकर बस इतना कहना चाहूंगा कि जब दुर्घटना होती है तो वह अमीरी-गरीबी देखकर नहीं होती है। किसी भी समय अचानक दुर्घटना होती है। ज्यादातर बेचारे वे लोग जो हल्के-फुल्के वाहन से चलने वाले लोग होते हैं, जिनके पास पैसे नहीं रहते हैं, गरीब आदमी ही मरता है। इसलिए मैं चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी जो सुन्दर कमेटी की रिपोर्ट आयी है, उसका गहन अध्ययन कर लीजिये, अगर उसके बाद यह पास हो तो मेरे ख्याल से बहुत अच्छी बात है, नहीं तो बहुत जल्दी ही आपको फिर से संशोधन लाना पड़ेगा। इन्हीं बातों के साथ मैं इस बिल का कुछ संशोधनों के साथ समर्थन करना चाहूंगा, लेकिन मैंने जो सुझाव दिये हैं, जो मैंने विचार रखे हैं, उन पर जरूर अमल कीजियेगा।

**श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर, उ.प्र.):** महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे मोटर यान (संशोधन) विधेयक, 2012 पर अपनी बातें कहने का अवसर दिया। सबसे पहली बात यह है कि मोटर यान (संशोधन) विधेयक, 2012 और जैसा मंत्री जी ने कहा कि इसका मेन मतलब सेफ्टी से है और अगर एक्सीडेंट है तो उसका कंपन्सैशन। सुन्दर कमेटी ने करीब 25 रिकमंडेशंस दी हैं, जो छपी हैं, क्योंकि समय बहुत तेज चल रहा है, आप घंटी बजा देंगे, इसलिए मैं उन्हें पढ़ना नहीं चाहता हूं। लेकिन अगर इस बिल को देखा जाये तो यह सुन्दर कमेटी की रिकमंडेशंस के बिल्कुल विपरीत है। मैं इसे बताना चाहता हूं। जैसे हिट एंड रन में अगर कोई गाड़ी भिड़ जाती है तो उसे पहले 50,000 रूपया कंपन्सैशन इंश्योरेंस कंपनी देती थी। अब आपने उसे एक लाख कर दिया है। एक मनुष्य, एक आदमी की कीमत अगर आप एक लाख रूपया असेस कर रहे हैं, तो आदमी की जिंदगी के साथ इससे गंभीर मजाक कोई नहीं हो सकता है। कंपन्सैशन मिल रहा है, वह वाहन इंश्योर है और अगर यह बात हो जाये तो आर्टिकल 21 ऑफ दि कांस्टीच्यूशन में अगर देखा जाये, तो उसमें लिखा है कि यह आपका ऑब्लिगेशन है, protection of life and liberty of the citizen is a fundamental right. उसकी कीमत एक लाख रूपया, यह तो बिल्कुल गलत है। कोई हार्ट सर्जर है, हिट एंड रन एंड ही हैज नॉट बीन सीन। आजकल देख लीजिये बीएमडब्ल्यू से कितने लोग मर रहे हैं तो उसका कंपन्सैशन एक लाख है। यह तो अल्ट्रा वायरस है, कांस्टीच्यूशन के खिलाफ है और अगर यह स्पीड से बन रहा है तो मोटर व्हिकल एक्ट में लिखा हुआ है कि आप स्पीड के खिलाफ न चलिये। इसे और सोच लीजिये। कौन सा इसमें प्रेशर है कि इसे कल पास ही करना है। इसे ठीक से एग्ज़ामिन कर लीजिये। इस पर डिस्कशन कर लीजिये। सुन्दर कमेटी की रिपोर्ट को पढ़ लीजिये।

हम आपके साथ एक बात और करना चाहते हैं। सबसे बड़ी चीज इसमें है, which is a glaring writing on the wall. हम मंत्री जी के ध्यान में एक बात लाना चाहते हैं, पेज 3 पर 9(a) इन्होंने अब ड्राइविंग लाइसेंस का पॉवर ऑटोमोबाइल एसोसिएशंस को दे दिया है। ये रजिस्टर्ड बॉडीज हैं, एक हजार, पन्द्रह सौ रूपया देकर आपने ऑटोमोबाइल रजिस्ट्रेशन करा लिया, तीन साल बाद वह बॉडी खत्म हो गयी और वे दनादन-दनादन लाइसेंस बना रहे हैं, यह क्या है? सबसे बड़ी इनीशियल गलती लाइसेंसिंग में हो रही है। यह मोटर व्हिकल एक्ट है, यह समवर्ती सूची में है, स्टेट को पॉवर है, सेंट्रल को पॉवर है, समवर्ती सूची में आप देखें तो लिस्ट नम्बर-32 में मोटर व्हिकल एक्ट गवर्न होता है। आपने क्या लिख दिया-

> "Provided a licensing authority may exempt from test of driving if he has permission from the Automobile Association."

मतलब ऑटोमोबाइल एसोसियेशन वीज़ा और पासपोर्ट दे देगा अगर वह कह देता है तो आपको लाइसैंस की कोई ज़रूरत नहीं है। मंत्री जी इस पर गौर कर लें। यह पेज 3 में लिखा हुआ है।

THE MINISTER OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS (DR. C.P. JOSHI): This facility is for commoners and it is not for commercial vehicles.

**श्री विजय बहादुर सिंह :** आप इसको ज़रा गौर से पढ़िये। ...(व्यवधान) माननीय सभापति जी, मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि यह राजनीति नहीं है, यह कानून है। इसको समझने में थोड़ा समय लगेगा। मैं फिर से बता देता हूँ।

It says in Section 4,

> "Provided that the licensing authority may exempt the applicant from the test to drive a motor (not being a transport vehicle) if the applicant possesses a driving test certificate issued by an institution or automobile association recognized in this behalf by the State Government."

Who is the automobile authority?

It says in the second proviso to the sub-section (3), after the words, "issued by any institution", the words "or automobile association" shall be inserted.

सात आदमी रजिस्ट्रेशन करा लें, ऑटोमोबाइल एसोसियेशन बना लें और कहें कि हम दो हज़ार रुपये लेंगे, पाँच हज़ार रुपये लेंगे, आपको लाइसैंस का सर्टिफिकेट देंगे और उसको एक्ज़ैम्प्ट करा लेंगे। License would be auctioned and anybody can go and purchase a license. लाइसैन्स स्टेज पर आप यूरोप चले जाइए। मैंने खुद वहाँ टैस्ट दिया और दो बार फेल हो गया और चालीस साल से गाड़ी चला रहा था। वहाँ इतना सख्त नियम है। वहाँ ढाल पर गाड़ी खड़ी कर देते हैं और अगर आप हैन्ड ब्रेक न लगाएँ और गाड़ी स्टार्ट करें और गाड़ी छः इंच पीछे हो जाए तो फेल कर देते हैं। आप जब लाइसैन्स देने में इतना लिबरल हो रहे हैं तो मोटर व्हीकल एक्ट में कोई गवर्नमैंट की बॉडी हो जो पब्लिक को आन्सरेबल हो। दूसरी बात आप देखिये जो बिल्कुल वेग है जिसको हमारे माननीय मेघवाल साहब भी कह रहे थे।

In Section 21 it says;

> "Where the authority authorized to check the driving license of any driver, is satisfied after breath analyzer test or any other test as may be prescribed by the State Government that the driver is under the influence of alcohol, may suspend the driving license on the spot for a period not exceeding three months."

आज यह बात बिल्कुल क्लियर हो गई है कि एल्कोहल का टैस्ट बिल्कुल कैमिकल एनालिसेज़ है। इंस्ट्रूमैन्ट आ गए हैं, लेकिन आपने उसको वेग कर दिया। मैं माननीय मंत्री जी को याद दिलाना चाहता हूँ कि अगर विदेशों में जाइए तो अगर ड्रिंकिंग पार्टी है तो एक व्यक्ति कहता है कि हम नहीं पी रहे हैं, क्योंकि वह कहता है कि मैं ड्राइविंग कर रहा हूँ। अगर चार आदमी होंगे तो तीन शराबी होंगे और एक नहीं पियेगा क्योंकि लौटकर सबको गाड़ी में लेकर जाना है। आप इसमें एक किस्म से ड्रंकन ड्राइविंग का लाइसैन्स दे रहे हैं। ऐसा लगता है कि यह बिल बहुत जल्दी में या हड़बड़ी में पाँच-दस घंटे में बन गया है।

DR. C.P. JOSHI: I do not want to disturb the hon. Member. But this entire exercise was done by the Standing Committee of Parliament… (*Interruptions*)

SHRI VIJAY BAHADUR SINGH : Sir, I will come to the point. Parliament is supreme and not the Standing Committee… (*Interruptions*)

**श्री दारा सिंह चौहान (घोसी):** मंत्रालय हर रिपोर्ट को थोड़ी मानता है। …(व्यवधान)

**श्री विजय बहादुर सिंह:** अगर पार्लियामैंट्री कमेटी की बात हो रही है तो चूँकि मंत्री जी ने माना है, मंत्री जी बहुत राजनैतिक आदमी हैं और हम इनकी कद्र करते हैं तो आप बताएँ कि प्रिविलेज कमेटी और पूरा हाउस कह रहा है कि सांसदों को लाल बत्ती दे दीजिए, लेकिन नहीं देते हैं। आपको मालूम नहीं, मेरी कांस्टीट्यूएंसी 160 किलोमीटर की है। अगर आप खजुराहो से चलें और कानपुर तक आएँ तो हर 50 मील पर 500 ट्रक्स की लाइन लगी है। आप लाइन में खड़े रहिये। अगर लाल बत्ती रहेगी तो कम से कम आप समय से डैस्टिनेशन पर तो पहुँच सकते हैं। अगर लाल बत्ती रहेगी तो आपको प्रोटैक्शन तो मिल रहा है। आप टोल बूथ पर चले जाइए, आप लाख आइडैन्टिफिकेशन सर्टिफिकेट दिखाइए, वे ऐसे फेंक देते हैं। मेरा खुद उन्होंने ऐसे फेंका। पार्लियामैंट से जो इतना बड़ा बिल्ला मिला हुआ है, वे कहते हैं कि ये क्या है, ऐसा तो सब लोगों के पास होता है। लगता है कि मंत्री जी ने वह यातना नहीं झेली। फिर इसमें कौन है?

अभी-अभी लोक सभा की 60वीं वर्षगाँठ मनाई गई। माननीय स्पीकर महोदय ने कहा कि पार्लियामैंट्री डैमोक्रेसी में Parliament and Members of Parliament are supreme. इनका जयगान किया एक हाथ, और दूसरे हाथ आपको 500 एमपीज़ को लाल बत्ती देने में कौन सी दिक्कत है, कौन सी आफ़त हो रही है? …(व्यवधान) वह बात नहीं है। हम दूसरी बात बताना चाहते हैं। इसमें स्टेटस सिम्बल की बात नहीं है। …(व्यवधान) मैं बताना चाहता हूँ कि यह क्या है। इस लाल बत्ती से मैम्बर ऑफ पार्लियामैंट का राइट ऑफ फ्री मूवमैन्ट एनश्योर होता है। कभी कभी ऐसा होता है कि ट्रेन नहीं होती है तो आदमी 400 मील बाय रोड यहाँ पार्लियामैंट अटैन्ड करने आते हैं। मैं अपने साथ कान्स्टीट्यूशन की किताब लाया हूं। यह सबजैक्ट कान्करैन्ट लिस्ट में है। हमारी पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती जी को जब हम लोगों ने एप्रोच किया तो उन्होंने हर मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट, राज्य सभा, लोक सभा, कटिंग एक्रॉस दी पार्टी लाइन, सभी को रेड लाइट दे दी। अब वहां से लाल बत्ती में आते हैं, लेकिन नोएडा पहुंचते ही पेचकस निकाल कर लाल बत्ती निकाल कर झोले में रखें, क्योंकि दिल्ली में दिक्कत है। जब वापस जाएं तो एक मिस्त्री लेकर उसे फिर उसे फिट करवाएं। यह क्या मज़ाक हो रहा है?…(व्यवधान) अगर आप माफ करें। यह बहुत सीरियस बात है। एक अंग्रेज जज कोलकाता में थे। He was very fond of puppies. वह उससे बात कर रहे थे। एक हिन्दुस्तानी बैरिस्टर चैटर्जी उनसे आर्गुमेंट कर रहे थे, तो वे चुप हो गए। तो उन्होंने कहा- "No, no, you continue." तब बैरिस्टर चैटर्जी ने कहा "I thought that your Lordship was under consultation." इसलिए चुप हो गया। मैंने इसलिए अपने को ब्रेक लगाया, क्योंकि आप बात कर रहे थे।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि इस मोटर व्हीकल एक्ट में एक बहुत सीरियस गड़बड़ी है। एक थर्ड पार्टी इंश्योरेंस होता है और एक कम्प्रीहेंसिव इंश्योरेंस होता है। थर्ड पार्टी इंश्योरेंस में The first party always, under law, is the insurance company. सैकेंड पार्टी वह है जो इंश्योरेंस करवाता है, जैसे कि मोटर व्हीकल का मालिक और थर्ड पार्टी वह है, जिसे चोट लगती है। इस पर बहुत मुकदमे चल रहे हैं। मान लीजिए कि गाड़ी पलट गई और उससे किसी थर्ड पार्टी की डेथ हो गई और उसने मुकदमा कर दिया, तो इंश्योरेंस कम्पनी कहती है कि आप थर्ड पार्टी नहीं हैं। आप इसमें अमेंडमेंट कीजिए। The first party is the insurance company. The second party is the person who pays the insurance amount and the third party is the one who is injured. Why are you denying the benefit of insurance although the insurance company gets the third

party insurance money? Then why are you denying it? आप पेज 16 पर नीचे से छठी लाइन देंखे।

> "The amount of compensation payable for Permanent Total Disablement as defined in Schedule I of the Workmen's Compensation Act, 1923 shall be determined by application of appropriate multiplier to proved income subject to maximum of Rs. 10 lakhs."

अगर कोई हार्ट सर्जन है, जो एक लाख रुपए रोज का आपरेशन करता है, आपने 10 लाख की लिमिट कर दी। यह क्या मजाक है। यह सुंदर कमेटी में तो नहीं लिखा! फिर आप देखें ग्रिवियस इंजरी में 50 हजार और नॉन ग्रिवियस इंजरी में 20 हजार। अगर किसी महिला का नाक दुर्घटना में टेढ़ा हो जाए, तो उसकी तो सारी जिंदगी शादी नहीं होगी। अगर शादी होगी तो तलाक हो सकता है और आप मुआवजा केवल 20 हजार दे रहे हैं। यह क्या मजाक है? Leave it to the court. It depends on what it says. बीएसपी जब पावर में थी, तो यह डिले हो रहा था। एक ट्रक चला और टोल टैक्स पर खड़ा हुआ। जैसा कि मेघवाल साहब बता रहे थे कि वहां से आने में दस जगह रुकता है। अगर दस-दस मिनट रुका तो तीन घंटे की देर हो गई। पूरा टोल टैक्स एबोलिश कर दिया ताकि स्पीड दी जा सके। मैं एक बात कह कर समाप्त करना चाहता हूं। हमारी प्रिविलेज कमेटी आयी। इसके चेयरमैन चाको साहब थे। दस संसद सदस्य लोकसभा और राज्य सभा के थे। प्रिविलेज कमेटी ने रिक्मेंड किया। In Sri Lanka, वहां के सांसद का प्रिसीडेंस 14 है। उनकी डेमोक्रेसी हमारी तरह परिपक्व नहीं हुई है। हमारे यहां वॉरंट ऑफ प्रिसीडेंस में 22 पर था।

प्रिविलेज कमेटी कहती है। I quote:

> "The Committee recommends that Members of Parliament should be placed at serial no. 17 instead of 21 in the Warrant of Precedence. Further, Chairperson of a Parliamentary Committee should also be placed at serial no. 7 in the Warrant of Precedence before the Members of Parliament."

Then the Committee also speaks of the inclusion of Speaker. आप भी गोवा विधान सभा के स्पीकर रहे हैं। मान लीजिए कल आप संसद सदस्य न रहें हालांकि मैं चाहता हूं कि आप परमानेंट रहें।

सभापति महोदय, आप भी उस प्रिविलेज कमेटी में सिग्नेटरी हैं।

In paragraph 44, it says:

> "The Committee recommends that the Ministry of Surface Transport, Government of India, should issue notification under the provisions of the Central Motor Vehicles Act permitting the use of red light/beacon light for the Members of Parliament. "

इसमें कौन-सी बड़ी आफत है और किस कारण दिक्कत हो रही है? हमें बताया गया, मैंने मंत्री जी से बात की, लेकिन आज वे सदन में उपस्थित नहीं हैं, नहीं तो हम उनसे वार्तालाप करते।

MR. CHAIRMAN : Now, please wind up. All our colleagues have said the same thing.

… (*Interruptions*)

**श्री विजय बहादुर सिंह :** हमारे पास दौ सौ संसद सदस्यों के हस्ताक्षर हैं और हम प्रधानमंत्री के पास इसे ले कर जाएंगे। यह कहा जाता है कि अगर हम लाल बत्ती दिल्ली में लगाएंगे, तो इससे लॉ एंड आर्डर में बड़ी दिक्कत होगी। क्या संसद सदस्य से लॉ एण्ड ऑर्डर की प्रॉब्लम होगी? हम यहां आते हैं, हमारे पास बैग है और इसे कोई सर्च नहीं कर रहा है। I may carry anything. I may carry one or two mobile phones or anything else और हमें लाल बत्ती लगाने में इतनी बड़ी समस्या आ रही है। यह तो कोलोनियल इंस्टिक्ट जो ब्रिटिश इंडिया वाले छोड़ गए थे, उसकी बदबू, उसकी स्मैल अभी भी चल रही है। इससे कैसे काम चलेगा?

मैं अन्त में कुछ कहना चाहता हूं। मैं आधे सेकण्ड में कन्क्लूड कर रहा हूं। …(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please do not disturb him now.

… (*Interruptions*)

**श्री विजय बहादुर सिंह :** मैं तो इसमें जोशी जी की तारीफ करता हूं। लेकिन, आप संसद की साठवीं वर्षगांठ न मनाएं, कंडोलेंस बनाएं क्योंकि मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट की इज्जत नहीं करने में अगर आपको अप्रत्यक्ष रूप से कोई संतुष्टि मिलती है तो You are doing very well.

अन्त में, मैं यह कहना चाहता हूं कि मोटर वेहिकल एक्ट एक बड़ा टेक्नीकल सब्जेक्ट है। इसको हड़बड़ी में न पास करें। इसके लिए आप जल्दी न करिए। हमने सुन्दर कमेटी की रिपोर्ट भी पढ़ी है। हमने कमेटी के चौदह-पन्द्रह पेज को रिकमंडेशन किया है। यह दस-पन्द्रह साल पुरानी है। It is a complete science. It is a very technical issue. मैं कहना चाहता हूं कि मोटर वेहिकल्स एक्ट के सेक्शन 60 के अंतर्गत नियम बनाने का अधिकार केन्द्र सरकार को भी है और राज्य सरकार को भी है। अगर इसमें सेक्शन 108 के अंतर्गत एक्स नियम का एक नोटिफिकेशन हो जाए, Onwards all the Members of

Parliament, belonging to both the Lok Sabha and the Rajya Sabha, henceforth will have the red beacon light, what is wrong about that? अगर आप चेयर के तौर पर डायरेक्शन दे देते हैं तो उसमें बात तो करनी ही पड़ेगी, नहीं तो ऐसे ही होता रहेगा। अगर यह सरकार सिर्फ़ प्रेशर से ही काम करती है तो हम लोग प्रेशर भी बनाएंगे। लेकिन, हम नहीं चाहते हैं कि इस छोटे-से इश्यू में प्रेशर बनाया जाए।

अन्त में, मैं आपके इस बिल का उन संशोधनों के साथ सपोर्ट करता हूं कि इसमें थर्ड पार्टी इंश्योरेंस को क्लैरीफाई कर दिया जाए। इसकी लिमिट दस लाख रुपए न की जाए। Leave it to the court. इसमें अगर किसी की नाक तिरछी हो जाए तो उसे दस हजार रुपए मिलेंगे, This is not fair. यह बिल्कुल अमानवीय है। Under article 21 of the Constitution, it is your obligation and it is our fundamental right to settle the matter.

**श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल):** सभापति महोदय, मोटर यान अधिनियम, 1988 में संशोधन हेतु जो बिल लोक सभा में पेश किया गया है, जो राज्य सभा से पास होकर आया है, इसका मैं समर्थन करता हूं।

इसमें जैसा कि पूर्व वक्ता लोग बता रहे थे कि इसमें बहुत सारी खामियां हैं। सुन्दर कमेटी जो बनी थी, उसकी भी रिकमेण्डेशंस आई थीं, उसमें बहुत सारी छूट गई हैं। मंत्री जी बता रहे थे कि हम कॉम्प्रीहेंसिव बिल लेकर आएंगे, उस समय में बहुत सारी बातें इसमें इन्क्लूड होंगी। उस समय में अगर यह बिल आता तो बहुत अच्छा होता, लेकिन यह मजबूरी है तो इसमें कोई बात नहीं है। 142 वर्ष पुराना जो यह बिल है, यह 1965 में बना था, उसी को फिर से पुनर्संशोधन करते हुए 1994, 2000 और 2001 में संशोधित किया गया है। इस बार भी संशोधन होने के लिए यह बिल राज्य सभा से पारित होकर 2012 में आया है, मैं इसका समर्थन करता हूं।

इसमें बहुत सारी बातें हैं, जो एक्सीडेंट्स वगैरह होते हैं, हम देखते हैं कि बराबर एक्सीडेंट्स होते रहते हैं। माननीय मंत्री जी हमारे क्षेत्र सुपौल में गये थे। वहां एक 4 लेन महासेतु का उद्घाटन था। वहां रोड अच्छी बनी है, लेकिन उसके चलते बहुत सारी परेशानियां लोगों को होती हैं। जैसा कि लोग बता रहे थे कि एक्सीडेंट्स जो होते हैं, वे रोड अच्छी होने की वजह से नहीं होते हैं, लोगों में अवेयरनैस नहीं है, लोगों की सोचने की ऐसी शक्ति नहीं है, लोग मद्यपान कर गाड़ी चलाते हैं, मद्यपान करके चलाते हैं, मोबाइल पर बात करते हुए चलाते हैं। हमने देखा है कि छोटे-छोटे बच्चे, जो 12-14 साल के बच्चे होते हैं, वे गांवों में ट्रैक्टर चलाते हैं, छोटी-छोटी गाड़ियां, जो मोटर व्हिकल्स होती हैं, वे चलाते हैं और ट्रैफिक के नियमों को तोड़ते हैं। यह सब जो बच्चे गाड़ियां चलाते हैं, इस पर पाबन्दी लगनी चाहिए।

सैण्टर और स्टेट की जहां तक बात है, सैण्टर और स्टेट अगर कानून बनाते हैं तो एन्फोर्समेंट उसमें नहीं होता है। वह बात अगर आती है तो उसमें लगे कि कानून का पालन हो रहा है। क्योंकि, उसमें जान तो हमारे सिटीज़न की जाती है। एक्सीडेंट अगर होता है तो हमारे नागरिक का यहां पर होता है। मैं चाहूंगा कि इसमें जैसा कि लोग बता रहे थे कि शराब पीकर जो गाड़ी चलाते हैं, इसमें मात्रा पर लगाया गया है कि जो 30 एम.एल. पिएंगे, जो 60 एम.एल. पिएंगे, जो उससे ज्यादा पिएंगे, उसमें अलग-अलग प्रावधान किया गया है, लेकिन यह बात गलत है। शराब पीना शराब पीना है, अगर शराब पी है तो उस पर जुर्माना एक तरह का होना चाहिए। जुर्माना और अधिनियम हमेशा बनते रहते हैं। पहले भी अधिनियम बना है, पहले भी जुर्माने होते रहे हैं। मैंने दिल्ली में देखा है और बहुत सारी जगह देखा है कि कुछ दिनों के लिए अभियान चलाया जाता है, फिर वह अभियान बन्द कर दिया जाता है। ट्रैफिक का जहां तक नियम है, हमारे यहां जनसंख्या भी बढ़ी है, उसके हिसाब से ऑटोमोबाइल्स भी बढ़ी हैं, बहुत सारी यहां पर गाड़ियां भी आई

हैं। ट्रैफिक जो हमारे यहां पर है, बहुत लचर-पचर हो गया है। ट्रैफिक में बहुत सारी लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में परेशानियां आती हैं। नियम का पालन नहीं करने पर मात्र सौ रुपये की जगह दो हजार रुपये से लेकर पांच हजार रुपये जुर्माना लगाने से ही यह काम नहीं होगा।

दुर्घटना बीमे में लाखों की संख्या में मामले अभी तक लम्बित हैं। जितनी भी दुर्घटनाएं होती हैं, हमारे यहां बहुत सारे लोग उससे वंचित हैं। हमारे गांव में महीने भर पहले, जो रोड गई है, वहां पर एक महिला अपने खेत में काम करके नाश्ता कर रही थी, उसके बगल की रोड पर एक मोटर वाहन जा रहा था, वहां पर ड्राइवर ने जाकर उस महिला का एक्सीडेंट कर दिया। वह अपने परिवार के साथ नाश्ता कर रही थी। बाद में पता चला कि ड्राइवर दो-तीन रात से सोया नहीं था, वही गाड़ी चला रहा था, वह एक्सीडेंट कर गया। उसकी जो पतोहू वहां पर थी, वह भी उसमें घायल हो गई। बाद में ड्राइवर भाग गया। पता चला कि वह नशे में था या दो रात से सोया नहीं था तो इस सब में कानून हम लोगों को संशोधित करना पड़ेगा, ताकि जो हमारे ड्राइवर हैं, वे मोबाइल पर बात नहीं करें। अगर हम लोग यहां भी जाते हैं तो देखते हैं कि मोबाइल से ड्राइवर बात कर रहा है, उस समय हमें डर लगा रहता है कि क्या होगा, इसलिए मोबाइल से बात नहीं हो, इस पर सख्त कानून बने और उस पर अमल हो और काम अच्छे से हो।

जो हमारे यहां डिस्ट्रिक्ट में लाइसेंस बनाते हैं, वहां पर हम देखते हैं कि लाइसेंस में बहुत घपलेबाजी होती है। बायां-दायां करके लाइसेंस बना दिया जाता है। जब उसका परीक्षण होता है तो परीक्षण में हम लोग देखते हैं कि ठीक से परीक्षण नहीं होकर किसी को भी लाइसेंस दे दिया जाता है। इस पर हम लोगों को ठोस कदम उठाना चाहिए। सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को जो मुआवजा दिया जाता है, वह पहले 25 हजार रुपये था, अभी एक लाख रुपये किया गया है, जैसा वीर बहादुर सिंह जी कह रहे थे, उससे कुछ नहीं होगा।

रैड लाइट की बात, लाल बत्ती की बात सभी लोगों ने बताई है, मैं भी उसका समर्थन करता हूं। हम लोग देखते हैं कि क्षेत्र में एस.पी., डी.एस.पी. सब, जिला परिषद् के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सब लाल बत्ती लगाते हैं, लेकिन एम.पी. जो 17 लाख, 20 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, उसको वह नहीं मिल पाती है, इसलिए मैं चाहूंगा कि उसको भी यह अधिकार मिले।

एक बात और कि हमारे क्षेत्र में या और सब जगह हम देखते हैं कि मोटरसाइकिल का जो इंजन होता है, उसको लगाकर तीन पहिया जिस तरह से ऑटो चलता है, उस तरह से लोग चलाते हैं। उसका न रजिस्ट्रेशन होता है, न ही उसमें चेसिस नंबर होता है। अगर उसकी कहीं दुर्घटना हो जाएगी तो जो नागरिक उस दुर्घटना में मरेंगे, उनका मुआवजा भी नहीं मिलेगा, क्योंकि वह मोटर व्हिकल नियम में आता

ही नहीं है। मैं चाहूंगा कि इस पर ध्यान दिया जाए और इसको भी इंक्ल्यूड किया जाए। इस पर बैन लगाया जाए या इसे जारी रखते हैं, तो इसका भी रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

महोदय, डबल डेकर स्लीपर बस धड़ल्ले से चल रही है, जबकि मोटरयान अधिनियम में इस तरह का कोई जिक्र ही नहीं है। इससे देश का प्रतिवर्ष करोड़ों रूपए वाणिज्य का नुकसान होता है। दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा एवं उत्तराखंड में ये बसें धड़ल्ले से चलती हैं। मैं इस बिल का समर्थन करता हूं, लेकिन जो भी खामियां इसमें गिनायी हैं और जो भी इसमें खामियां हैं, जैसा कि माननीय मंत्री जी बता रहे थे कि इसमें 6 प्रावधान इंक्ल्यूड किए गए हैं, उसके अलावा और भी जितने हैं, उनको इंक्ल्यूजन करके कांप्रिहैंसिव बिल लाया जाए। मैं इसका समर्थन करता हूं,

DR. RATNA DE (HOOGHLY): Sir, I thank you for allowing me to speak on the Motors Vehicles (Amendment) Bill which is aimed at amending the Motor Vehicles Act, 1988 by way of enhancing penalties for offences and also provides different penalties for first and subsequent violations. While welcoming such an attempt by the Government, at the same time, it should not be too much in terms of penalties. Here, I would like to say that penalties should not be used as a weapon to bring about a change; it should be to exercise restraint on the road users to ensure that they follow the rules strictly to ensure not only their own safety but also that of others.

There should be the right monitoring mechanism to ensure that these strict rules should not lead to corrupt enforcing authorities. I hope, the hon. Minister would think over and respond to the same mirroring the viewpoint of his Ministry and Government. The Bill also gives enhanced powers to the State Governments. I welcome them wholeheartedly.

I would not hesitate to state that the punishment should not harsh to the extent of suspending the driver's license if one fails a breath analyzer test. Another pertinent aspect of the Bill as the Bill fails to specify as to which process it would adopt which helps the driver to defend himself. I would request the hon. Minister to clarify on this important aspect of the Bill as there is confusion.

Likewise, computing of compensation is not specified. This is in regard to the courts having the power to estimate and award compensation for motor accident cases which establishes the fault of the driver. I would request the hon. Minister to come out with some very clear guidelines for the courts to be followed. Otherwise, it would lead to courts computing the way they like.

Another important aspect of the Bill which I fully endorse is that the Bill seeks to make the consignor liable for over-loading of goods. I think, it is the right step as ultimately it is the consignor who sends the consignment and not the driver or the owner of the vehicle.

Standing Committee has recommended many good points. I feel that they are genuine and hence, it needs to be accepted.

The Ministry has set up the Sundar Committee, which has examined the whole gamut of issues concerning motor vehicles and has submitted its Report. Many recommendations have been made by the Committee. Would the hon. Ministry throw some light on the recommendations of the Committee, which have been accepted by his Ministry?

I read in the newspapers of late that ladies too have to wear helmet. There is a school of thought that insists that helmets should not be made compulsory for women. It seems there is some confusion on this aspect. There is also a talk of inferior quality or bad helmets.

On the other hand, there is a report in *the Hindustan Times,* New Delhi edition, dated 1st March, 2012 that gave the data that 101 women died without helmet last year. This is really a disturbing news. Under these conflicting viewpoints, would the hon. Minister state as to what is the position of the Ministry on these queries of mine?

Lastly, I would request the hon. Minister to ensure that compensation in the case of persons who get killed or sustain injuries in hit and run motor accidents should reach fast; there should not be any delay in reaching of compensation to relatives of those killed or those who get severely injured.

In fine, we appreciate the efforts being made to amend the Motors Vehicles Act and I support this Bill.

**18.00 hrs.**

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, it is 6 o'clock and we have still 12 more Members who want to speak on this Bill. I want to take the sense of the House. Should we take up 'Zero Hour' now or continue with this Bill?

SEVERAL HON. MEMBERS: Sir, please take up 'Zero Hour' now.

MR. CHAIRMAN: All right. The discussion on the Bill will continue next time. We take up 'Zero Hour' now.

---

**डॉ. तरुण मंडल (जयनगर) :** सर, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं इस मुद्दे पर बोलना चाहता हूं, आज क्वैश्चन अवर में भी इस पर चर्चा हुई, इस देश के न्यूक्लियर प्लांट के सेफ्टी सिक्यूरिटी के बारे में, प्रधानमंत्री जी ने सवाल के उत्तर में कहा है कि इससे देश को कोई खतरा पैदा नहीं होगा लेकिन यह जवाब कोई वैज्ञानिक चिंतन, लॉजिक या डाटा के ऊपर आधारित नहीं है।

दुनिया के जो उन्नत देश हैं जैसे जापान जिसका तकनीक हम से बहुत ऊंचा है। जर्मनी स्वीटजरलैंड जैसे देशों में न्यूक्लियर पावर प्लांट का प्रयोग बंद कर दिया गया है और जर्मन ने कहा है कि वर्ष 2022 के बाद इससे कोई न्यूक्लियर पावर जेनरैशन नहीं करेंगे।

सर, पिछले बीस सालों से रूस और अमेरिका ने भी कोई नया रिएक्टर नहीं बनाया है। भूकंप और सुनामी के कारण खतरा जरूर पैदा हो सकता है जो फुकूसिमा में दिखा है। कुडानकुलम में वर्ष 2006 में भी भूकंप हुआ था और वर्ष 2011 में भी भूकंप आया था। वर्ष 2004 के सुनामी में पूरे कुडानकुलम के प्लांट में पानी आ गया था।

सर, हमारे प्रधानमंत्री दफ्तर से भी कहा गया है कि टेररिस्ट के कारण इसमें बहुत खतरा है। मेडिकल डाक्टर होने के नाते मैं भी जानता हूं कि इससे जो कुलेन्ट वाट र जो पानी फेका जाता है और जो वेस्ट प्रोडक्ट सागर में जाता है, रेडिऐक्टिवीटी के कारण पानी, हवा, मछली और जितने हमारे क्राप्स है उन पर खतरा पैदा हो जाता है।

महोदय, मैं यही कहना चाहता हूं कि इसके खिलाफ उधर के वैज्ञानिक लोग जो पर्यावरण के विशेषज्ञ हैं जो साधारण मच्छीमार हैं और जनसाधारण ने इसका विरोध किया था और कर रहा है, लेकिन हमारी सरकार और तमिलनाडु की सरकार ने कहा था कि ये लोग ऐन्टी नेशनल हैं, देशद्रोही हैं। यह बिल्कुल गलत है। सरकार के चिंतन का कोई साइंटिफिक कारण दिखा कर विरोध करेगा तो इसको देशद्रोह नहीं कहा जाता है। यह किसके फायदे के लिए हो रहा है? हमारे देश के फायदे के लिए या हमारे जो कारपोरेट सेक्टर्स या दलाल लोग बाहर से जो रिएक्टर ले आता है उनके लाभ के लिए यह हो जाता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि इसको बंद करना चाहिए। हमारे देश का जो फ्यूल रिजर्व, हाइड्रोइलेक्ट्रिसिटी, कन्वेंशनल एनर्जी है उनसे हमें पावर जेनरेशन करना चाहिए। हमारे देश का जनसाधारण जो उस क्षेत्र में जीवन निर्वाह कर रहा है इसलिए कुडानकुलम में नया थ्री और फोर परमाणु रिएक्टर नहीं बनाना चाहिए। इसको बंद करना चाहिए। हमारे देश के फ्यूचर के लिए होरीपुर में जो न्यूक्लीयर पावर प्लांट बनने वाला था वेस्ट बंगाल में सुश्री ममत बनर्जी की सरकार ने उसे बंद कर दिया गया है।

सर, केरल में कांग्रेस प्रचालित गवर्नमेंट है, उधर भी फैसला लिया गया कि उधर कोई न्यूक्लीअर पावर प्लांट नहीं बैंठेंगे। हमारी सरकार को भी ऐसा फैसला लेना चाहिए। हमारे देश में न्यूक्लीअर पावर प्लांट से खतरा पैदा हो सकता है इससे जनसाधारण की रक्षा करनी चाहिए।

सर, आपके माध्यम से सरकार से मेरी यही विनती है।

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):** सभापति महोदय आपको धन्यवाद कि आपने मुझे एक लोकहित के मुद्दे पर बोलने का मौका दिया है। मैं आपके माध्यम से सदन और सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि हमारे बिहार और झारखंड के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना है। यह अंतरराज्यीय सिंचाई परियोजना है इसका नाम उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना है। मैं बताना चाहता हूं कि यह परियोजना वर्ष 1975 में शुरू हुई। इसकी प्रारंभिक लागत मात्र 30 करोड़ रुपये थी। अभी स्थिति यह है कि लगभग 750 करोड़ रुपये इस पर खर्च हो चुके हैं। प्रति वर्ष 12 करोड़ रुपये स्थापना व्यय पर खर्च हो रहे हैं। लेकिन अभी तक यह परियोजना अधूरी है। इस परियोजना से बिहार और झारखंड के तीन जिले, झारखंड का पलामू जिला, बिहार का मेरे संसदीय क्षेत्र का औरंगाबाद और गया जिला, दो राज्यों के तीन जिलों को मिलाकर एक लाख 24 हैक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। इससे 25 मेगावाट बिजली का भी उत्पादन होगा। स्थिति यह है कि इस परियोजना का जो आरसीसी वर्क है, जो पक्का काम है, वह लगभग पूरा हो चुका है। लेकिन उसमें लोहे के जो स्लुइस गेट लगाने हैं, जिससे बांध में पानी जमा हो सके, उस पर भारत सरकार के वन पर्यावरण मंत्रालय ने वर्ष 2007 में पाबंदी लगा दी। भारत सरकार के वन पर्यावरण मंत्रालय का कहना है कि बेतला नेशनल पार्क और टाइगर प्रोजैक्ट पर पानी के जमा होने से दुष्प्रभाव पड़ेगा। मैं आपको बताना चाहूंगा कि यह परियोजना काफी लाभप्रद और महत्वपूर्ण है। इससे लगभग सवा लाख हैक्टेयर भूमि की सिंचाई होनी है। इसके मुख्य नहर का 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसकी शाखा नहरें लगभग 50 प्रतिशत खुद चुकी हैं। मैं आपको यह भी बताना चाहूंगा कि इसका बैराज लगभग 98 प्रतिशत बनकर तैयार है। लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि डैम में लोहे के फाटक के अभाव में पानी जमा नहीं हो रहा और यह नहर एकदम बरसाती नहर के रूप में है।

**<u>18.07 hrs.</u>**

(Dr. M. Thambidurai *in the Chair)*

जब कोयल नदी के कैचमैंट एरिया में बारिश होती है तो बैराज के माध्यम से उस पानी को नहर में मोड़ दिया जाता है। …(व्यवधान) यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। मैं दो मिनट में अपनी बात पूरी कर दूंगा।…(व्यवधान) मैं बताना चाहता था कि इसके लिए 7 से 8 हजार हैक्टेयर जमीन किसानों से ले ली गई।

उनकी जमीनें खोद दी गईं, नहरों का निर्माण कर दिया गया, लेकिन उनमें पानी नहीं आता। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि पूरा सौ प्रतिशत इलाका उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : What is your demand?

**श्री सुशील कुमार सिंह :** भारत सरकार एक तरफ कहती है कि हम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून बनाना चाहते हैं। जब अनाज उत्पादित नहीं होगा तो यहां के नागरिकों को अनाज कहां से देंगे। क्या आयात करेंगे, मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं? अगर यह परियोजना पूरी हो जाए तो इससे भूजल स्तर ऊपर उठेगा और पूरे इलाके में पेयजल की सुविधा बहाल हो सकती है।...(व्यवधान)

मेरी अंतिम बात सुन ली जाए।...(व्यवधान) इस परियोजना को पूरा होने में लगभग एक हजार करोड़ रुपये लगने हैं। एक हजार करोड़ रुपये लगाकर एक वर्ष में एक हजार करोड़ रुपये की खरीफ की फसल, धान और लगभग 500 करोड़ रुपये का गेहूं उत्पादित होगा। कोई ऐसी परियोजना नहीं है जिसमें इतने लोगों को रोजगार दिया जाए। उग्रवाद की समस्या का समाधान हो सके और एक साल में डेढ़ गुना मुनाफा रिकरिंग में हो। प्रति वर्ष 1500 करोड़ रुपये का अनाज उत्पादित होगा।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...* *

SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): Thank you, Mr. Chairman, Sir. Sir, I would like to draw the attention of the Government to the ongoing strikes of the pilots in Air India. A number of domestic as well as international flights are cancelled. It is reported that about 65 international flights, to and fro, and also a large number of domestic flights are cancelled. This creates hardships and difficulties to the passengers to a large extent. This again leads to a huge loss to the civil aviation sector.

It is evident that we have discussed the serious problems of the civil aviation sector especially the Air India which accumulates a loss of Rs. 45,000 crore. The decision taken by the Government for the merger of Air India and Indian Airlines has not yet materialized. As a result, the employees of both the airlines, either Air India or Indian Airlines, are making really the just demands. It is not the new issues or the new demands that they are raising.

---

* Not recorded.

MR. CHAIRMAN : Already, yesterday, we discussed it; the Minister replied to it.

SHRI P. KARUNAKARAN: That was with regard to the civil aviation. I am speaking about the strikes. The new Minister has come. I know that there is a court verdict that the strike is illegal. But whether it is legal or illegal, the outcome of this strike is that there is hardship caused to the people and also the loss accumulated to the civil aviation. At the same time, it benefits the private airlines. So the Government has to take a better decision because Air India is a public sector undertaking; the Government is supreme there. So there should be a better trade union relation with them. I urge upon the Government to take necessary steps to settle the issues.

MR. CHAIRMAN: Shri P.K. Biju is permitted to associate himself with the issue raised by Shri P. Karunakaran.

**श्री नीरज शेखर (बलिया):** सभापति महोदय, हमारे देश में स्वच्छ पीने के पानी की बहुत गंभीर समस्या है। आज यूपी और बिहार के एक बड़े क्षेत्र में पानी आर्सेनिक होता जा रहा है। मैं इस सदन में कई बार यह बात उठा चुका हूं, लेकिन मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि सरकार इस बारे में कोई कदम नहीं उठा रही है। आज उत्तर प्रदेश और बिहार के कई क्षेत्रों में लोगों को आर्सेनिक पानी, यानी जहरीला पानी पीना पड़ रहा है। अफसोस की बात है कि आजादी के 65 साल बाद भी हम कई बड़ी-बड़ी बातें करते हैं कि स्पेस में पहुंच गये और यह-यह काम कर रहे हैं, लेकिन आज तक हम अपने लोगों को स्वच्छ पीने का पानी तक नहीं दे पाये।

मेरे लोक सभा क्षेत्र बलिया में बैरिया एक विधान सभा क्षेत्र आता है, जिसमें इसकी काफी गंभीर समस्या हो गयी है। वहां के लोगों को इसके कारण कई बीमारियां हो गयी हैं, जैसे उनके लीवर और किडनी डैमेज हो रही हैं। इसकी वजह से बच्चों की स्किन में कई तरह की बीमारियां आ रही हैं। आर्सेनिक पानी, जो बहुत गंभीर समस्या है, उस तरफ हम ध्यान नहीं दे रहे हैं। मुझे बहुत दुख होता है कि न्यूयार्क टाइम्स में, अमेरिका में बलिया की समस्या के बारे में छापा जा रहा है, लेकिन फिर भी हमारी सरकार इसके लिए कोई कठोर कदम नहीं उठा रही। कई जगह आर्सेनिक पानी है, फ्लोराइड और पारा बढ़ गया है। यह समस्या सिर्फ उत्तर प्रदेश और बिहार की ही नहीं है, बल्कि पूरे देश में हो रही है। लेकिन अफसोस यही है कि आज वहां के लोगों को वही पानी पीना पड़ रहा है।

सभापति महोदय, मैं आपसे और आपके माध्यम से सरकार को कहना चाहता हूं कि यह गंभीर समस्या है। हम लोगों की सबसे पहली प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि अपने लोगों को स्वच्छ पानी दे सकें। आर्सेनिक पानी की वजह से जो समस्या उत्पन्न हो रही है, वह मैं बताना चाहता हूं। आर्सेनिक पानी की समस्या इतनी गंभीर हो गयी है कि उससे जो उपज हो रही है, उसमें भी आर्सेनिक की मात्रा पायी जा रही है। जो अनाज पैदा हो रहा है, धान पैदा हो रहा है, उसमें भी आर्सेनिक पाया जा रहा है। मै कहना चाहता हूं कि यह बहुत गंभीर समस्या है इसलिए इस बारे में सोचने की बहुत आवश्यकता है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि वह उत्तर प्रदेश और बिहार की समस्या, विशेषकर मेरे लोकसभा क्षेत्र की इस समस्या को गंभीरता पूर्वक देखे।

SHRI PULIN BIHARI BASKE (JHARGRAM): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me the opportunity to raise an important matter. The tribals are the most weaker section of the society. Historically and traditionally, they are residing in the forest areas, fringe areas and hilly areas in different parts of the country. In the name of development, forest land is being handed over to the corporates by the Government. A large number of tribal families are being alienated from their land without giving any compensation. I am giving you a figure that is from January 2008 to August, 2011 – 1,82,389 hectares of forest land was diverted by the Ministry for projects in different States like Chhattisgarh, Andhra Pradesh, Odisha, Jharkhand, Karnataka, etc. The *adivasi* people are fighting and resisting against the forcible land grab. They are very poor and helpless. Neither the State Government nor the Central Government address this issue. The national wealth of our country is being looted by allowing illegal mining and export of iron ore. Tribal people are deprived and the Maoists are taking advantage of it.

So, I urge upon the Indian Government to take appropriate step to solve the problem and proper compensation should also be given.

MR. CHAIRMAN: Shri P.K. Biju is allowed to associate with the matter raised by Shri Pulin Bihari Baske.

SHRI KODIKKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Mr. Chairman, Sir, the second phase of Kerala State Transport Project has needed financial assistance from the Government of India. The major road works in Kerala has the sanction of Rs. 700 crore from the World Bank. This is a very small amount. The Government of Kerala sought Rs. 1400 from the World Bank for the construction of the State Highways. The proposals are pending before the Ministry of Finance. The Department of Economic Affairs, Ministry of Finance, has to take urgent steps to sanction the estimated amount.

The second phase of KSTP roads are as follows: Chengannur to Muvattupuzha in MC Road for 88 kilometres, Kasaragod *to* Kanhangad for 28 kilometres, Pilathara to Pappinissery for 25 kilometres, Thalassery to Valavupara for 53 kilometres, Perumpilavu to Perinthalmanna for 41 kilometres. These are major roads which are to be taken up by the Kerala Government. The Government of Kerala has already crossed the loan limit of the World Bank.

Therefore, I request the Government of India to intervene in this matter and take urgent step to get the World Bank assistance for the construction of roads.

MR. CHAIRMAN: Shri P. Karunakaran is allowed to associate with the matter raised by Shri Kodikkunnil Suresh.

SHRI S. SEMMALAI (SALEM): Thank you, Chairman, Sir, for allowing me to raise an important issue pertaining to my Constituency.

The matter, which I am going to raise is concerned with two Ministries namely the Ministry of Steel and the Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises. The Salem Steel Plant in Tamil Nadu, started in early ’70s, is now producing stainless steel sheets of high quality.

At present the produced steel sheets, in raw form, are being transported to other States like West Bengal for converting into value-added finished products like dinner sets, household utensils, etc.

These finished products are being marketed throughout the country including Salem District. It is unfortunate that Salem District does not have small

or micro industries of worth mentioning. In Salem, where the Plant is situated, no ancillary unit, utilising the raw material, is set up till date.

If cluster of ancillary units are started in Salem District, this will give a boost to the economy of the region. Besides, it will also provide employment to the local people. Skilled men are available in plenty for these jobs. The people of Salem and other neighbouring districts will be benefited much. Hence, I would request the Centre to kindly arrange to take efforts for the setting up of micro-ancillary units in Salem District at the maximum level for the utilisation of stainless steel sheets produced by the Salem Steel Plant. I hope the Centre will act on this matter.

SHRI R. THAMARAISELVAN (DHARMAPURI): Mr. Chairman, Sir, I would like to bring to the kind attention of the Government that hundreds of HIV/AIDS patients, including children, receiving anti-HIV medicine from the Government outlets found themselves in a precarious position after the outlets went out of stock for the first and second line drugs increasing the risks for HIV positives. This is because of poor and inefficient planning. The medicines that came first were not distributed first as well as there was a poor supply chain. This matter was brought to the notice of the Parliamentary Standing Committee on Health by the networks of people living with HIV/AIDS, which praised the network's role as a monitor of the HIV programme and came down heavily on the National AIDS Control Organization.

Sir, there are 14.86 lakh people living with HIV/AIDS registered in anti-retroviral treatment centres across the country out of 24 lakh HIV/AIDS affected people. In Tamil Nadu alone, more than 1.96 lakh people were affected with HIV/AIDS. The more expensive second line drugs are being given only meagre percentage of AIDS patients numbering 4,208. The NACO should not see only the criterion of cost. Failure to procure the third line drugs will have the future public health complications as people living with HIV could develop a very serious resistance to HIV, which could prove costly. The NACO should simplify

the economic and bureaucratic barriers mentioned in the eligibility criterion for enrolling in the Government programme to receive the first and second line drugs free. Failure to get the costly treatment free of cost as well as for simplification of the procedure which eventually will lead to expansion of the free HIV treatment programme, the patient groups have also approached the Supreme Court for redressal of their genuine health problem.

Therefore, I would request the concerned hon. Minister to direct the NACO to keep sufficient quantity of the first and second line medicines and also to take steps for the improvement of Antiretroviral Therapy Centres of Excellence to provide treatment for all HIV/AIDS patients across the country.

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** सभापति जी, मेरा संसदीय क्षेत्र शिवहर तीन जिलों का क्षेत्र है। उसमें पांच शहर है, जहां स्लम आबादी की संख्या बढ़ती जा रही है। छोटे शहरों एवम् 20,000 की आबादी से ज्यादा कस्बों में शहरी सौंदर्यीकरण एवम् शहरी लोगों के लिए सुविधा देने के संबंध में कई योजनाएं लागू की जा रही हैं। परंतु, मेरे संसदीय क्षेत्र में इन योजनाओं के कोई कार्य नहीं हो रहे हैं। पता नहीं मेरे क्षेत्र में क्यों नहीं इन्हें लागू किया जा रहा है। सरकार एक ओर देश से स्लम मुक्त करने की फौरी बात करती है, वहीं दूसरी ओर मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर, बेलसंड, बैरगनिया, ढाका एवम् पकड़ीदयाल शहर में स्लम मुक्त करने का कोई कार्य नहीं हुआ है। अगर केन्द्र सरकार ने कोई कार्य किया है तो मुझे बताया जाए।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के उपरोक्त पांच शहरों में केंद्र सरकार की शहरी विकास योजनाओं को ईमानदारी से लागू किया जाए।

**श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद):** सभापति महोदय, मैं एक गम्भीर मामले के बारे में मानव संसाधन विकास मंत्री जी का ध्यान 13 मई, 2012 को नेशनल टेलेंट सर्च की मुम्बई और पुणे में परीक्षा में हुए हंगामें की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। यह परीक्षा एनसीइआरटी द्वारा देश भर से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने हेतु आयोजित की जाती है। इन परीक्षा केन्द्रों में हंगामे की मुख्य वजह यह थी कि प्रश्न पत्र परीक्षा देने वाले छात्रों को निर्धारित समय से दस मिनट देरी से उपलब्ध कराए गए। परीक्षा का समय साढ़े आठ बजे से दस बजे तक का था। छात्रों को प्रश्न पत्र साढ़े आठ बजे के बजाए आठ बजकर चालीस मिनट पर उपलब्ध कराए गए और दस बजे के निर्धारित समय से दस मिनट पहले ही वार्निंग बैल बजाकर उनकी उत्तरपुस्तिकाएं छीन ली गईं। छात्रों ने परीक्षा संचालकों से जब इस बारे में शिकायत की और वहां उपस्थित 39 पेरेंट्स ने भी लिखित में हस्ताक्षरों के साथ शिकायत दर्ज कराई और एनसीइआरटी को दी। लेकिन

परीक्षा संचालकों ने और एनसीइआरटी ने उनकी एक भी नहीं सुनी। इस तरह से उन छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना और उन्हें डिमोरेलाइज करना ठीक नहीं है। मेरी विनती है आपके माध्यम से मंत्री जी से कि उक्त परीक्षा केन्द्रों की परीक्षा को तुरंत रद्द किया जाए और पुनः परीक्षा ली जाए।

SHRI SHIVARAMA GOUDA (KOPPAL): Mr. Chairman, Sir, I am very much thankful to you for allowing me to raise a very important matter of my region.

The Hyderabad-Karnataka region is the most backward region in the field of education, employment opportunities, development, etc. This region consists of five districts of Karnataka, namely, Gulbarga, Bidar, Raichur, Yadagiri and Koppal. Even after 64 years of Independence, the people of this part of Karntaka are leading a very deplorable life. There is no basic infrastructure for education and health facilities. Regional imbalance has been assuming a greater proportion over the years.

Sir, the Hyderabad-Karnataka region was a part of the former State of Hyderabad, which was ruled by Nizam before Independence. On 1st November, 1956, as a result of the State Reorganization Act, the State of Hyderabad was trifurcated.

MR. CHAIRMAN : Mr. Gouda, please come to the point. Do not give history.

SHRI SHIVARAMA GOUDA:Sir, in order to protect the interests of the people of Telangana region of Andhra Pradesh with regard to public employment on the basis of residence, a Constitution Amendment was brought to insert a new Article 371 D. Similarly, in March, 2010, the Government of Karnataka had passed a unanimous Resolution in the both the House of Karnataka Legislature and it was sent to the Government of India.

Hence, I would request the hon. Minister of Home Affairs to bring immediately the necessary amendments to Article 371 of the Constitution of India on par with Article 371 D, which governs special provision of the State. It is in the interest of the people of this region for securing justice. Special status may be given for Karnataka.

*SHRI P. LINGAM (TENKASI): Mr. Chairman, Sir, the Food Safety and Standards Act legislated in this House and notified on 5.8.2011 is being misused and that is what I would like to bring to the notice of this august House, and through you, to the Government. It is stated that this is to ensure safety both of food and food materials and to maintain quality and standards. In the name of ensuring standards, there is an attempt to see that small traders are wiped out once and for all. A Committee with 50 members has been constituted as regards to the standards to be determined for ensuring quality and they also claim that is in he interest of farmers. Of these 50 members, only 2 are somewhat connected with food processing, that is, one is from grapes estate and another from prawn cultivation sector. So, the remaining 48 members are from the corporate world. I wonder how they can ensure quality and standards when it comes to food when they are not directly connected with this at all. With these people I do not know how they can help the farmers. The labourers are also made to go in for medical check up and tests under this Act. This comes in the way of labourer's interest. We have very many small shops and traders and most of them are run by people who are not at all rich. In a country where there are lakhs of people living below the poverty line, this kind of food standards must not come in the way of small traders to earn their livelihood. The food materials used by the poor people are subjected to this rigid Act thereby affecting the people who cannot afford. Only small traders are handling this. In our country, we do not have enough testing laboratories and in Tamil Nadu we have only 7 laboratories. When we do not have adequate facilities to go in for testing and ensuring standards, the officials take an upper hand and this even leads to corruption. As of now, there is bribe in obtaining licences. Hence, I urge upon the Government to have a re-look and review this Act and prevent officials from getting an upper hand resorting to corrupt practices. It would be better this law is withdrawn.

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

SHRIMATI BOTCHA JHANSI LAKSHMI (VIZIANAGARAM): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me this opportunity to raise an urgent matter of public importance.

It was announced that 20 new universities exclusively for women will be formed by the University Grants Commission in the 12th Five Year Plan. I welcome the announcement made by the UPA Government. Consequently, this will give an opportunity to the women to participate in the higher education in the country.

In this connection, I would like to mention that Andhra University, Visakhapatnam had set up a Postgraduate Centre at Vizianagaram, Andhra Pradesh in 2004 with three courses, namely, Master of Computer Applications, Master of Business Administration and MA (Education) on a land of 100 acres, with a constructed space of 20,000 square feet with sufficient infrastructure like buildings, library, etc. However due to paucity of funds, non-induction of well qualified teaching faculty, etc. this Postgraduate Centre has been kept in a semi-finished condition. The Andhra University is not able to develop it further.

The UGC has said that certain sections of the country's population are still not open to the idea of sending girls to co-educational institutions, which is depriving the girls of the benefits of higher education for their empowerment. As far as Vizianagaram district is concerned, the district survey report says that non-literates, of more than 15 years, comes to 7,39,532. In this, female non-literate share is 4,14,059. In this connection, the Central Government has classified Vizianagaram district as one of the 'Low Female Literacy' districts in the country.

In view of this scenario, through you, Mr. Chairman, Sir, I urge upon the hon. Minister of Human Resource Development to convert the P.G. Centre into a Women University, as has been done in the case of P.G. Centre of Andhra University at Srikakulam, by naming it as Dr. B.R. Ambedkar University during the Eleventh Five Year Plan.

**श्रीमती दर्शना जरदोश (सूरत):** महोदय, मैं यह ज़ीरो ऑवर भी वही है और आप भी वही है, मैं एक बात बार-बार पार्लियामेंट के प्रोसीजर के माध्यम से सदन में उठा रही हूं जो कि कनैक्टिविटी की है। सूरत में रेल या फ्लाइट की कनैक्टिविटी के सिवाय हमें कुछ नहीं चाहिए। आज दो मंत्री और प्रोटेम स्पीकर यहां बैठे हुए हैं। सभी लोग सूरत से ट्रैवलिंग करते हैं। कल नियम 193 के तहत एयर इंडिया पर चर्चा हो चुकी है, लेकिन मंत्री जी ने कोई जवाब नहीं दिया। आज तक पायलट्स की हड़ताल खत्म नहीं हुई। रीशेड्यूलिंग की जो बात हुई है, जो प्रोफिटेबल रूट्स हैं, चूंकि सूरत एशिया का फोर्थ नंबर का फास्टेस्ट ग्रोविंग सिटी है। लेकिन इसको कनैक्टिविटी के नाम पर कुछ नहीं मिला है। प्राइवेट एयरलाइन को फायदा पहुंचाने के लिए यह सब रीशेड्यूलिंग की गई है जो कि सूरत के साथ अन्याय है। सूरत एक मिनी भारत है, इसलिए सूरत को अन्य राज्यों से जोड़ने के लिए हमें एयर इंडिया से कनैक्टिविटी चाहिए।

**सभापति महोदय :** श्री अर्जुन राम मेघवाल और श्री राजेन्द्र अग्रवाल अपने आपको श्रीमती जरदोश द्वारा उठाए गए विषय से सम्बद्ध करते हैं।

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** सभापति महोदय, करीब दो माह पहले सोमालिया में अपहर्ताओं ने एक भारतीय जहाज का अपहरण कर लिया था। प्रतिष्ठित समाचार पत्र हिन्दुस्तान के मेरठ संस्करण में दिनांक 11 मई 2012 को छपे समाचार के अनुसार यह जहाज मुंबई की रॉयल लेडी कंपनी का है। इस जहाज को मिस्र से दक्षिण अफ्रीका जाना था। पहले तो मिस्र में मौसम की खराबी और सामान लोडिंग में देरी के कारण यह जहाज कई दिनों तक मिस्र में रुका रहा, फिर 2-3 मार्च को यह जहाज मिस्र से दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हुआ। रास्ते में इसका सोमालिया में अपहरण कर लिया गया। इस जहाज में कुल 40 लोग सवार थे। जिसमें 17 भारतीय हैं। इनमें एक मेरठ का सौरभ पुत्र रामदास भी है। अपहर्ताओं द्वारा जहाज को छोड़ने के लिए भारी फिरौती की मांग की जा रही है।

महोदय, ऐसी घटनाएं आए दिन सुनने में आती हैं1 मुझे मिली सूचनाओं के अनुसार सोमालिया में अपहरण किए हुए 17 जहाज हैं, जिनमें 350 से अधिक लोग फंसे हैं।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस प्रकार की वारदातों को रोकने के लिए सरकार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आवश्यक रणनीति बनाए तथा विशेष रूप से भारतीय जहाज को मुक्त किए जाने के लिए तुरन्त प्रभावी हस्तक्षेप करते हुए जहाज को अपहर्ताओं के चंगुल से छड़ाए, ताकि सौरभ सहित सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित स्वदेश आ सकें।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से ओल्ड एज पेंशन का मुद्दा उठाना चाहता हूं। सात मई  12 मई 2012 तक पेंशन परिषद का धरना दिल्ली में हुआ। कर्नाटक से हड़ताल चली।

वे कहना चाहते हैं कि ओल्ड एज पेंशन में एपीएल और बीपीएल का भेद समाप्त हो। जो आदमी ओल्ड है और कोई कमाने वाला नहीं है, क्योंकि बच्चे साथ नहीं रहते हैं। मैं बताना चाहता हूं कि ऐसे लोगों की संख्या करीब दस करोड़ है। मेरा कहना है कि भारत सरकार की कुछ योजनाएं हैं। वृद्धावस्था पेंशन देंगे, लेकिन उसमें " किंतु " लगा देते हैं। विधवा पेंशन देंगे लेकिन उसमें " किंतु " लगा देंगे कि उसका बच्चा जीवित नहीं होना चाहिए। एक तो वह विधवा हो गई और कहते हैं कि उसका बच्चा भी नहीं होना चाहिए। अगर उसका बच्चा कमाता है, तो वह उसे खाने के लिए नहीं देता है।" किंतु " और " परन्तु " योजना से हटाने चाहिए और जो बूढ़े लोग हैं, जिनके लिए कमाने वाला कोई नहीं है, उनके लिए और विधवाओं के लिए " किंतु " और " परन्तु " शब्द हटने चाहिए।

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल :** सभापति महोदय, मैं अपने आपको श्री मेघवाल द्वारा उठाए गए विषय से सम्बद्ध करता हूं।

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet again tomorrow, the 17th May, 2012 at 11 a.m.

**18.33 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, May 17, 2012 / Vaisakha 27, 1934 (Saka).*